## मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 41.2 | 30.5 |
| जमशेदपुर | 39.0 | 27.0 |
| डालटनगंज | 41.6 | 26.8 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



चुनावी समर 2024

रांची, बुधवार 22 मई 2024 ● बैशाख शुक्ल पक्ष 14 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 43

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


**पीएम मोदी बोले- पूरा देश ही मेरा वारिस**

## गांव-गांव जाएं, लोगों से कहें कि मोदी ने जयश्री राम कहा है

**महाराजगंज (बिहार)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने उत्तराधिकारी को लेकर छिड़ी बहस के बीच बड़ी टिप्पणी की है. पीएम ने बिहार के महाराजगंज की रैली हुए कहा कि मेरा कोई उत्तराधिकारी नहीं है. देश के लोग ही मेरे उत्तराधिकारी हैं. मोदी ने कहा कि बिहार राजेंद्र प्रसाद की धरती है, लेकिन राजद और कांग्रेस ने इसकी पहचान



वसूली के लिए बना दी है. उन्होंने अपील की कि आप गांव-गांव जाएं और लोगों से कहें कि हम मोदी जी की तरफ से आए हैं. उन्हें बताएं कि कैसे एनडीए की सरकार फिर से बनी, तो उन्हें आवास मिलेंगे. ये आवास घर की महिला मुखिया के नाम पर होंगे. आने वाले पांच साल बिहार की समृद्धि लेकर आने वाले हैं. हमारी बहनें अब ड्रोन पायलट बनेंगी, हमने ऐसी योजना बनाई है. हमारी गारंटी है कि तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाना है. मोदी ने इस रैली में जनता से साफ कहा कि वे कैंडिडेट न देखें बल्कि पीएम का चुनाव करें. आपका यह वोट सिर्फ सांसद चुनने के लिए नहीं है, बल्कि पीएम चुनने के लिए भी है. उन्होंने इस दौरान जनता से यह भी अपील की कि आप लोग सबको कहना है कि अपने मोदी जी आए थे और उन्होंने आपसे जय श्रीराम कहा है. क्या आप लोग मेरा जयश्री राम हर घर तक पहुंचा देंगे. मोदी ने कहा कि ये लोग सहन नहीं कर सकते कि देश की जनता अगले पांच साल के लिए मुझे फिर से चुनने जा रही है.

**खरगे बोले- पीएम रोज दे रहे नफरती बयान**

## हिंदू और मुस्लिम करने के लिए मोदी को ले लेना चाहिए संन्यास

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी रोज हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी कर रहे हैं और समाज में नफरत को बढ़ावा दे रहे हैं, जिसके चलते उन्हें सार्वजनिक जीवन से संन्यास ले लेना चाहिए। खरगे ने एक इंटरव्यू में आरोप लगाया कि मोदी के इरादे साफ नहीं हैं क्योंकि वह चुनाव प्रचार के दौरान हिंदू-मुस्लिम के साथ रोजाना नफरत भरे भाषण दे रहे हैं. पीएम भैंस छीनने और मुसलमानों को बजट का 15 प्रतिशत हिस्सा देने जैसी बातें करते हैं और ऐसी बातें कहकर वह खुद समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं. दूसरी ओर उनका दावा था कि अगर वह हिंदू-मुस्लिम बात करेंगे तो उन्हें सार्वजनिक जीवन में रहने का कोई अधिकार नहीं है. मोदी को सार्वजनिक जीवन छोड़ देना चाहिए. खरगे ने दावा किया कि मोदी समाज का ध्रुवीकरण करने के लिए नफरत भरे



भाषण दे रहे हैं. मोदी सभी को साथ लेकर चलने की बात करते हैं, लेकिन वोटों को बांटने के लिए नफरत भरे भाषण देते रहते हैं. क्या उन्होंने कभी संविधान या मुसलमानों के खिलाफ बोलने वालों की निंदा की या महिलाओं के खिलाफ अपराध और आदिवासियों पर पेशाब करने के मामलों पर बात की? क्या उन्होंने कभी ऐसे लोगों के खिलाफ बोला? वह चुनाव प्रचार पर करोड़ों रुपए खर्च कर रहे हैं.

**केजरीवाल बोले- पीएम मोदी की विदाई तय**

## हर चरण के साथ जीत की तरफ बढ़ रहा इंडिया गठबंधन

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि चुनाव के हर चरण के पूरा होने के साथ यह स्पष्ट होता जा रहा है कि चार जून के बाद पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार की विदाई होने वाली है और इंडिया गठबंधन सत्ता में आ रहा है. केजरीवाल ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन देश को



एक स्थिर सरकार देगा. उन्होंने दावा किया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को दिल्ली में आयोजित अपनी चुनावी रैलियों में उनके लिए अपशब्द कहे. उन्होंने शाह पर हमला करते हुए कहा, आपको पीएम ने अपना उत्तराधिकारी चुना है, इसलिए आप अहंकार दिखा रहे हैं. आप अभी तक प्रधानमंत्री नहीं बने हैं. केजरीवाल ने कहा, आपने कहा कि भारत में केजरीवाल के पास कोई समर्थन नहीं है और पाकिस्तान में उनके अधिक समर्थक हैं. आप मुझे अपशब्द कह सकते हैं लेकिन देश की जनता से अपशब्द मत कहिए. यदि आप जनता के लिए अपशब्द का प्रयोग करेंगे तो कोई बर्दाश्त नहीं करेगा. शाह ने दक्षिणी दिल्ली में अपनी पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में वोट मांगते हुए एक रैली में कहा था, भारत में केजरीवाल और राहुल (गांधी) को कोई समर्थन नहीं देता, उनके समर्थक पाकिस्तान में हैं.

**अखिलेश बोले- यूपी में सिर्फ एक सीट पर लड़ाई**

## बाकी बची 79 सीटों पर हो जाएगी भाजपा की सफाई

**आजमगढ़ (उप्र)।** यूपी इंडिया अलायंस के प्रमुख घटक समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में सिर्फ एक सीट पर भाजपा लड़ाई में है, बाकी सीट पर जनता उनका सफाया कर देगी. सपा प्रमुख ने एक चुनावी रैली में कहा, इस बार भाजपा के लोगों ने जो



अंकगणित बनाया है, उसे विफल करने का मन यूपी की जनता ने बना लिया है. बिना नाम लिए उन्होंने पीएम मोदी की सीट वाराणसी को क्योटो बताते हुए कहा, अभी जो आंकड़े तथा सूचना सामने आ रही है, उसके अनुसार भाजपा केवल एक सीट पर लड़ाई में है, वो क्योटो है और बाकी सब भाजपा हार चुकी है.यादव के सभा में पहुंचने के बाद भीड़ मंच के पास पहुंचने की कोशिश करने लगी जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा. अखिलेश ने चिलचिलाती धूप में आये हुए लोगों के उत्साह पर कहा, बहुत दिनों से परिवर्तन का यह जोश और उत्साह है लेकिन इसे बचाकर रखिए. ये जो बल्ली टूट जाएगी, तो हमारी और आपकी खराब खबर निकल जाएगी. मैदान में मौजूद लाखों लोगों को समझाते हुए अखिलेश ने कहा, आप सब भाजपा को 80 की सीटों पर यूपी में हरवा दो. संयम से रहो. अखिलेश ने इंडिया की सरकार बनने पर अग्निवीर योजना समाप्त करने और भर्ती परीक्षा को सुदृढ़ करने का भरोसा दिया.

# ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी ही अवैध

### हेमंत सोरेन के वकील कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा, जमानत नहीं मांग रहा

**विनीत आभा उपाध्याय। रांची/दिल्ली**

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने अदालत से कहा कि वह जमानत नहीं मांग रहे. दरअसल, ईडी की कार्रवाई और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी ही अवैध है. यह मामला जमीन से जुड़ा है. सिविल नेचर का है. सिब्बल ने कहा, मैं तो कह रहा हूं कि आप सबकुछ स्वीकार कर लीजिए, तब भी कोई केस नहीं है. हमने हाईकोर्ट में गिरफ्तारी को चुनौती दी. वहां दो-ढाई महीने तक पड़ा रहा. हम जमानत नहीं मांग सकते. इस पर जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा कि बेल के लिए तब याचिका दाखिल किया, जब यह पेंडिंग था. सिब्बल ने न्यूजक्लिक केस का उदाहरण दिया और कहा कि कोर्ट ने गिरफ्तारी को गलत बताया और मामला खत्म किया.

हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का भी कोई आधार नहीं बताया गया था. उन्हें 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया और सेक्शन 19 नहीं लगाया गया था. पीएमएलए लगाने को कुछ नहीं था. इस पर जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा, यहां कुछ तथ्यात्मक असमानताएं हैं. संज्ञान ले लिया गया है, इसलिए कोर्ट प्रथमदृष्टया संतुष्ट है. जब एक ज्यूडिशियल फोरम ने प्रथमदृष्टया तथ्यों को देखा है और इसे चुनौती नहीं दी गई है. क्या एक रिट कोर्ट गिरफ्तारी की वैधता को देखेगी? सिब्बल ने यह भी कहा कि सोरेन और केजरीवाल के केस में एक अंतर है. एएसजी एसवी राजू और एसजी मेहता ने कुछ कहना चाहा, तो सिब्बल ने कहा कि वे इतने उत्सुक क्यों हैं. सिब्बल ने कहा कि जमीन का कब्जा अनुसूचित अपराध नहीं है. जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा कि पुरकायस्थ का केस अलग था. जस्टिस दत्ता ने कहा कि आवदेन दायर करते वक्त भी समान दलीलें दी गईं थीं, जिससे कपिल सिब्बल और अरुणाभ चौधरी ने इनकार किया.

जानकारी के मुताबिक जस्टिस दीपांकर दत्ता और सतीश चंद्र शर्मा की अवकाशकालीन पीठ के सामने दोनों पक्षों ने दलीलें रखीं. सुनवाई बुधवार को भी जारी रहेगी. सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अरुणाभ चौधरी ने कहा कि यह 8.86 एकड़ जमीन का मसला है. जो कि आदिवासी भूमि है. छोटानागपुर टीनेंसी ऐक्ट के तहत, इसको ट्रांसफर नहीं किया जा सकता है. मैं दिखाना चाहता हूं कि यह क्या भूमि है. सिब्बल ने सोरेन की तरफ से कहा- 12 प्लॉट हैं, 1976 से 1986 के बीच गैर आदिवासी भूमि की रजिस्टर में एंट्री हुई. तब वह चार साल के थे. हेमंत सोरेन 1975 में पैदा हुए. उनका इससे कुछ लेना-देना नहीं है. हेमंत सोरेन की तरफ से सिब्बल ने कहा- आरोप है कि 2009-10 में हेमंत सोरेन ने जमीन पर जबरन कब्जा किया. उनके खिलाफ 20 अप्रैल 2023 को केस चलाया जाता है. इस जमीन पर बिजली का कनेक्शन आरोपी नंबर चार के नाम पर है. वर्ष 2015 में हुई लीज में यह खेती वाली जमीन है. साफ है कि यह हेमंत सोरेन के कब्जे में नहीं है. लीज का मालिक राजकुमार है. सिब्बल ने शिकायतकर्ता बैजनाथ मुंडा और श्यामलाल पाहन का नाम लेते हुए कहा कि ये जमीन के मालिक होने का दावा करते हैं. उन्होंने कहा कि यह भुइंहरी जमीन है. इसलिए मुंडा और पाहन का दावा विवादित है. मामला बेनामी प्रतीत होता है. उन्होंने कहा कि यह सिविल नेचर का मामला है और इसलिए ईडी जांच नहीं कर सकती है.

**शीर्ष कोर्ट आज भी करेगी मामले की सुनवाई, हो सकता है कोई बड़ा फैसला**

**कपिल सिब्बल की दलील**

*मामला जमीन से जुड़ा है, सिविल नेचर है, ईडी जांच नहीं कर सकती.*

*न्यूजक्लिक के संपादक की गिरफ्तारी जैसा ही है ये पूरा मामला.*

*शिकायतकर्ता बैजनाथ मुंडा और श्यामलाल पाहन का दावा विवादित है.*



**एएसजी एसवी राजू की दलील**

*जमीन का मालिक होना ही नहीं, कब्जा करना भी अपराध.*

*पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने की दस्तावेजों में छेड़छाड़.*

*सेक्शन 45 के तहत जमानत याचिका खारिज हो चुकी है.*

### ईडी ने किया अंतरिम जमानत का विरोध

ईडी की तरफ से पेश हुए एएसजी एसवी राजू ने कपिल सिब्बल की दलीलों पर कहा कि वह इस तरह दलीलें दे रहे हैं, जैसे यह ट्रायल हो. इस पर जस्टिस दत्ता ने कहा, पिछली बार जब मेरे और जस्टिस खन्ना के सामने मामला सूचीबद्ध हुआ था, तो हमने कहा था कि प्रथमदृष्टया संतुष्टि होनी चाहिए. एएसजी ने कहा कि अदालत ने उनके खिलाफ संज्ञान लिया. सेक्शन 45 के तहत जमानत याचिका खारिज हो चुकी है. उन्हें चुनाव के ऐलान के कुछ दिनों बाद नहीं गिरफ्तार किया गया. यदि सभी दस्तावेजों की जांच गिरफ्तारी के चरण में हों, तो जांच कभी खत्म नहीं होगी. उन्होंने 15 अप्रैल को जमानत याचिका दायर की थी. 13 मई को खारिज कर दी गयी. समान आधार थे. एएसजी राजू ने यह भी कहा कि पीएमएलए के तहत आरोपी बनाने के लिए कब्जा होना ही पर्याप्त है, मालिकाना हक की जरूरत नहीं. उन्होंने कहा कि पहले नोटिस के बाद सोरेन ने एक असली मालिक से संपर्क किया और परिस्थिति बदलने की कोशिश की. दस्तावेजों से छेड़छाड़ की कोशिशें हुईं. वर्ष 2009-10 से उनका (हेमंत सोरेन) का अवैध कब्जा था. 8.86 एकड़ का टाइटल सोरेन के नाम पर नहीं है, ना ही उनका नाम किसी रिकॉर्ड में शामिल है. लेकिन कब्जा उनका था, जो कि एक अपराध है.

## अमित शाह पर कमेंट मामले में राहुल गांधी को दूसरी बार समन जारी हुआ

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के बीच कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी को कोर्ट से एक बड़ा झटका लगा है. भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह पर



आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े मामले में राहुल गांधी को रांची की एपी-एमएलए कोर्ट ने समन जारी किया है. इसे राहुल गांधी के लिए अदालत की तरफ से झटका माना जा रहा है क्योंकि ये समन दूसरी बार जारी हुआ है. बता दें कि मंगलवार को एमपी/एमएलए मामले के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरानशिकायतकर्ता के अधिवक्ता बिनोद कुमार साहू ने राहुल गांधी के खिलाफ समन जारी करने का अनुरोध किया. अदालत ने मामले में दूसरी बार राहुल गांधी को उपस्थिति का समन जारी किया है. साल 2018 में मामला दर्ज होने के बाद अदालत ने राहुल गांधी को समन जारी किया था. यानी पहली बार साल 2018 और दूसरी बार छह साल बाद 2024 में इस मामले में दूसरा समन जारी किया गया है.

**क्या है पूरा मामला**

यह केस भाजपा के नवीन झा ने साल 2018 में दायर किया था. याचिका में कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली अधिवेशन में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी. झा के मुताबिक, राहुल ने कहा था कि भाजपा में एक ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं हो सकता. इस बयान से उन्हें ठेस पहुंची. इस वजह को लेकर याचिका दाखिल की है. याचिका दाखिल होने के बाद कोर्ट ने राहुल गांधी को समन जारी किया था.

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 70,100 |
| चांदी (किलो) | 95,000 |

## ब्रीफ खबरें

### तीन दिन का उपवास करेंगे संबित पात्रा

**भुवनेश्वर।** भगवान जगन्नाथ पर जुबान फिसलने को लेकर विवादों में घिरे भाजपा के नेता और पुरी से प्रत्याशी संबित पात्रा ने माफी मांगी है और तीन दिन तक उपवास रख कर प्रायश्चित करने की घोषणा की है. वहीं, कांग्रेस ने संबित पात्रा द्वारा भगवान जगन्नाथ के संदर्भ में की गई टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था का अपमान करने का पाप हुआ है और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माफी मांगनी चाहिए.

### 4 जून को दिखेगा 2004 जैसा माहौलः कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 4 जून को चुनाव में इंडिया गठबंधन को स्पष्ट जनादेश मिलने के साथ ही 2004 जैसा क्षण देखने को मिलेगा और इस गंठजोड़ के शानदार प्रदर्शन का एक कारण यूपी में होने वाला बहुत प्रभावशाली बदलाव है. रमेश ने दावा भी किया कि पीएम मोदी एक सांप्रदायिक पिच तैयार कर रहे थे, लेकिन उनकी पार्टी ने इस पर खेलने से इनकार कर दिया और उनकी गुगली और बाउंसर को भी विफल कर दिया. -पेज 12 भी देखें

### सिसोदिया को हाईकोर्ट से भी नहीं मिली बेल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में मनीष सिसोदिया को बड़ा झटका लगा है. पहले निचली कोर्ट ने उनकी हिरासत बढ़ा दी और अब दिल्ली हाईकोर्ट से भी सिसोदिया को बेल नहीं मिली. जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने सिसोदिया और ईडी के वकीलों की टिप्पणियों का भी जिक्र किया. आदेश में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से ट्रायल कोर्ट के अधिकार पर अंतर नहीं पड़ता. उसे मेरिट के आधार पर ही फैसला लेना था. सिर्फ मुकदमे में देरी जमानत का आधार नहीं हो सकती.

### प्रदेश भाजपा की ओर से अपने ही सांसद-विधायक को नोटिस भेजने पर सरयू राय का तंज, कहा-

## दीन दयाल का नाम वाले को नोटिस और दाग लगाने वाले को संरक्षण

**संवाददाता। रांची**

जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय विधायक सरयू राय धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ लगातार आक्रामक हैं. इस बीच उन्होंने मंगलवार को



एक्स पर एक पोस्ट कर प्रदेश भाजपा द्वारा पार्टी के विधायक व सांसद को नोटिस भेजने पर सवाल खड़ा किया है. उन्होंने लिखा कि दुखद आश्चर्य कि जनसंघ के संस्थापक दीन दयाल जी का उदाहरण देने पर विधायक राज सिन्हा को प्रदेश भाजपा ने कार्रवाई का नोटिस दिया है. वहीं भाजपा के चाल, चरित्र, चेहरा पर अपराध और जमीन कब्जा का बदनुमा दाग लगाने वाले और चुनाव में सांसद-विधायक को गाली देने वाले प्रत्याशी के पक्ष में पार्टी खड़ी हो गयी है. गौरतलब है कि चार दिन बाद 25 मई को धनबाद में मतदान होना है. ऐसे वक्त में सरयू राय का यह बयान धनबाद सीट के चुनावी समीकरण में उलटफेर कर सकता है.

**कब्जा जमीन वापस कराने की गारंटी दें राजनाथ सिंह :** राय ने ढुल्लू महतो का प्रचार करने बोकारो पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी गारंटी मांगी. उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह गारंटी दें कि भाजपा के धनबाद प्रत्याशी ने लेडीडुमर के राजपूतों, दरिदा-चिटाही के तेलियों, मुसलमानों व अन्य पिछड़ों की 200 एकड़ जमीन पर जो कब्जा कर लिया है, ऊंची चहारदीवारी खड़ी करके घेर लिया है, उसे रैयतों को लौटा देंगे. अगर वो यह गारंटी नहीं देते हैं, तो वोट ना मांगे.

**प्रदेश भाजपा ने सांसद-विधायक को भेजा है नोटिस**

उल्लेखनीय है कि प्रदेश भाजपा के महामंत्री आदित्य साहू ने हजारीबाग के निवर्तमान सांसद जयंत सिन्हा और धनबाद के विधायक राज सिन्हा को सोमवार देर शाम नोटिस जारी किया है. जारी नोटिस में राज सिन्हा से पूछा गया कि उन्होंने भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में प्रचार क्यों नहीं किया. क्यों चौक-चौराहों पर ऐसे बयान दिये, जो भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ जाते हैं. दूसरी ओर जयंत सिन्हा को भेजे गये नोटिस में पार्टी की ओर से कहा गया है कि हजारीबाग लोकसभा से पार्टी द्वारा मनीष जायसवाल को प्रत्याशी घोषित किये जाने के बाद से आप न तो चुनाव प्रचार-प्रसार और न ही संगठनात्मक कार्य में रुचि ले रहे हैं. वहीं, लोकतंत्र के महापर्व में आपने मतदान करना भी उचित नहीं समझा. आपके इन रवैयों से पार्टी की छवि धूमिल हुई है. दोनों सांसद व विधायक को दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है.

**राज सिन्हा के इस बयान के बाद जारी हुआ नोटिस**

पिछले दिनों धनबाद के भाजपा विधायक राज सिन्हा ने चित्रगुप्त महापरिवार के मतदाता जागरूकता अभियान में जनसंघ के संस्थापक दीन दयाल उपाध्याय का उदाहरण दिया था. उन्होंने कहा था कि हो सकता है कि पार्टी से प्रत्याशी के चयन में भूल हो जाये, लेकिन कार्यकर्ता को उसे सुधार करना चाहिए. साथ ही कहा था कि प्रत्याशी के गुण-दोष को कसौटी पर पर रख कर मतदान करें. राज सिन्हा ने जिस कार्यक्रम में यह बात कही थी, उस कार्यक्रम में धनबाद और बोकारो के कायस्थ समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे. उनके इस बयान के बाद ही प्रदेश भाजपा ने राज सिन्हा को नोटिस जारी किया है.

**वीडियो वायरल** यूपी में भाजपा प्रत्याशी ने राजा भैया के बहाने साधा पूरे क्षत्रिय समाज पर निशाना

## क्या राजाओं के गढ़ प्रतापगढ़ में तेली नहीं बन सकता सांसद ?

**शुभम संदेश नेटवर्क। प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश में राजनीति नित नयी करवट ले रही है. छठे चरण के लिए



प्रतापगढ़ सीट पर 25 मई को वोटिंग होनी है. इस बीच कुंडा से विधायक और जनसत्ता दल के अध्यक्ष राजा भैया उर्फ रघुराज प्रताप सिंह ने किसी भी दल को समर्थन देने से इनकार कर दिया है. ऐसे में इस सीट पर एंटी इनकंबेंसी का असर देखने को मिल सकता है. इसके बाद भाजपा सांसद और मौजूदा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता रोने लगे. उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. गुप्ता का ये वीडियो प्रतापगढ़ में हुई जनसभा का है, जिसमें अपना दल सोनेलाल की नेता और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल उनके समर्थन में चुनाव प्रचार के लिए पहुंची थी. इस दौरान भाजपा उम्मीदवार भाषण देते-देते मंच पर ही रोने लगे और रोते हुए कहा कि, लोग हमारा विरोध कर रहे हैं क्योंकि मैं तेली समाज से आता हूं. क्या कोई तेली यहां से सांसद नहीं बन सकता है. क्या क्षत्रिय ही यहां (प्रतापगढ़) से सांसद बन सकता है. इस राजाओं के गढ़ (राजा भैया के प्रभाव वाला क्षेत्र) में कोई तेली सांसद नहीं बन सकता क्या?

संगम लाल गुप्ता के इस बयान के बाद कई तरह से कयास लग रहे हैं. दरअसल प्रतापगढ़ सीट पर राजा भैया का खासा प्रभाव है, लेकिन उन्होंने इस चुनाव में भाजपा को समर्थन देने से इनकार कर दिया है. वहीं उनके समर्थक भी क्षेत्र में भाजपा के खिलाफ माहौल बनाने में जुटे हैं. राजा भैया भी कह चुके हैं लोगों में मौजूदा प्रतिनिधि को लेकर एंटी इनकंबेंसी है. वहीं भाजपा भी राजा भैया को लेकर अब मुखर दिख रही है.बता दें कि यूपी में अब अगले चरण में पूर्वांचल के हिस्सों में चुनाव होने हैं. इन सीटों पर राजा भैया का राजपूतों में खासा असर है. भाजपा प्रत्याशी के आरोप के बाद पूर्वांचल में भाजपा के मुश्किल खड़ी हो सकती है. पूर्वांचल में क्षत्रिय समाज का दखल अच्छा-खास है. यह समाज चुनाव में काफी असर डाल सकता है.

**क्या कहा संगम लाल गुप्ता ने**

प्रतापगढ़ से भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वो कह रहे हैं कि क्षत्रिय जाति के कारण लोग उनके खिलाफ हैं. क्या राजाओं के गढ़ में तेली सासंद नहीं बन सकता? क्या क्षत्रिय ही सांसद बनेंगे? हम हमेशा पटेल समुदाय का साथ देंगे और उनके साथ हर समय खड़े रहेंगे. प्रतापगढ़ में लंबे समय तक विपक्षी दलों का कब्जा रहा. उनसे अगर 18 गांवों के नाम पूछ लें, तो बता नहीं पाएंगे. इसके बाद संगम लाल गुप्ता रोने लगे. उन्होंने रोते हुए कहा कि मैं तेली समाज से आता हूं, इसलिए मेरा विरोध हो रहा है. मैं आपके समुदाय से आता हूं, तेली समाज से आता हूं, इसलिए मेरा यहां पर विरोध किया जा रहा है. आपने महसूस किया होगा कि 2019 से अब तक मैंने किसी का अपमान नहीं किया है. क्या कोई तेली सांसद नहीं बन सकता है? राजाओं के गढ़ में सिर्फ क्षत्रिय ही सांसद बन सकता है? आप सब लोगों से मैं अपेक्षा करता हूं कि सब लोग हमें अपने चरणों की धूल दे देना.

**क्षत्रिय समाज में सांसद के बयान से नाराजगी**

संगम लाल गुप्ता के इस बयान के बाद क्षत्रिय समाज के लोगों ने नाराजगी जाहिर की है. क्षत्रिय समाज के लोगों ने उनका वीडियो वायरल होने के बाद प्रतिक्रिया देते हुए पूछा कि क्या सांसद संगम लाल गुप्ता क्षत्रिय जाति के लोगों को वोटर नहीं मानते हैं ? भाजपा प्रत्याशी अपनी निश्चित हार को देखते हुए क्षत्रिय समाज पर आरोप लगा रहे हैं. उनका ऐसा आरोप किसी भी तरह स्वीकार्य नहीं है. बता दें कि हाल ही में अनुप्रिया पटेल ने भी राजा भैया की दबंगई पर कई सवाल उठाये थे. इसको लेकर भी क्षत्रिय में गहरी नाराजगी है. और राजा भैया के समर्थक मिर्जापुर में अब अनुप्रिया पटेल का भी विरोध कर रहे हैं.

## गलती की नहीं तो क्यों मान लूं ट्रायल फेस करूंगा: बृजभूषण

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दिल्ली की अदालत ने मंगलवार को महिला पहलवानों द्वारा दायर यौन उत्पीड़न के मामले में भाजपा सांसद व भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न, धमकी, गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप तय कर दिए.

कोर्ट ने अभियोजन पक्ष को आरोपियों के खिलाफ केस ट्रायल शुरू करने का निर्देश दिया है. कोर्ट ने बृजभूषण से कहा, आप पर कुल सात धाराओं में आरोप लगे हैं. क्या आप अपनी गलती मानना चाहते हैं? इस पर बृजभूषण ने कहा, कोई सवाल ही नहीं है, जब कोई गलती की ही नहीं, तो मानना कैसा. अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत के समक्ष पेश आरोपियों ने पूछने पर अपराध स्वीकार करने से इनकार करते हुए स्वयं को बेकसूर बताते हुए केस का सामना करने का तर्क रखा. बृजभूषण के खिलाफ कोर्ट ने आईपीसी की धारा, 354, 354ए, 506/1 में आरोप तय किए. सह-आरोपी और डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर पर भी आपराधिक धमकी का आरोप तय किया गया है. कोर्ट से बाहर आने पर पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए बृजभूषण शरण ने कहा कि मेरे ऊपर चार्ज फ्रेम हुआ है, जो आरोप लगाए गए, उन्हें अब पुलिस को साबित करना है. मेरे पास अपनी बेगुनाही के पूरे सबूत हैं. उनका टिकट काटे जाने को लेकर किए गए एक सवाल पर बृजभूषण ने कहा कि मेरे बेटे को टिकट मिल गया है.

*महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के मामले में कोर्ट ने भाजपा नेता पर किया चार्ज फ्रेम*



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** नया कार्य और व्यापार के लिए दिन उत्तम नहीं है. जीवनसाथी से आपसी मतभेद दूर होंगे. पहले किए गए कार्यों के उत्तम परिणाम आज देखने को मिलेंगे. लेन-देन करार की चिंता रहेगी. डूबा हुआ धन प्राप्त हो सकता है. अन्न का दान करें.

**वृषभ** मौसमी बीमारियों से कुछ परेशानी हो सकती है. साझेदारी में आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से लाभ होगा. संतान, भाइयों से मदद मिल सकेगी. कारोबारी अनुबंध होंगे. योजना फलीभूत होगी. प्रतिष्ठा बढ़ेगी. प्रसन्नता रहेगी.

**मिथुन** संतान के कार्य में गति मिलेगी. आर्थिक स्थिति उत्तम रहेगी. राजकीय बाधा दूर होगी. पूजा-पाठ में मन लगेगा. चिंता रहेगी. निवेश शुभ रहेगा. यात्रा में सावधानी आवश्यक है. जल्दी में कोई काम न करें. आपके प्रभाव से कार्यक्षमता बढ़ेगी.

**कर्क** माता से वैचारिक मतभेद हो सकता है. चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है. जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं. पठन-पाठन के प्रति जिज्ञासा बढ़ेगी. धैर्य रखें. व्यर्थ के दिखावे, आडंबरों से दूर रहना चाहिए.

**सिंह** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ बढ़ेगा. परिवार में वैवाहिक कार्यों की रूपरेखा बनेगी. पत्र, सूचना मिलेगी. व्यावसायिक योजनाओं का क्रियान्वयन हो पाएगा. सूर्य को जल दे.

**कन्या** नया कार्य होगा, जिससे प्रसन्नता बनी रहेगी. बाहरी सहयोग सहज ही मिलेगा. व्यापार, नौकरी की चिंता रहेगी. दाम्पत्य जीवन मधुर रहेगा. पूंजी निवेश लाभकारी रहेगा. कामकाज की संभावनाएं बनेंगी. अपने काम से काम रखना होगा.

**तुला** समय सामान्य है. मानसिक तनाव से बचें. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. व्यवसाय ठीक चलेगा. व्यावहारिक समस्याओं का समाधान संभव है. दूसरों की मदद करके मानसिक संतोष मिलेगा. रुके कार्यों की चर्चा होगी.

**वृश्चिक** खर्च पर काबू आवश्यक है. काम में मन नहीं लगेगा. धैर्य रखें. आर्थिक तंगी रह सकती है. लापरवाही, टाल-मटोल से समस्याओं को नहीं बढ़ाएं. कामकाज में विलंब होगा. किसी करार, लेख में धोखा संभव है.

**धनु** समय बहुत ही उत्तम है. मेहनत का फल मिलेगा. व्यवसाय ठीक चलेगा. प्रसन्नता रहेगी. व्यापारिक विवादों का निपटारा आपके पक्ष में हो सकेगा. अनजान लोगों पर विश्वास नहीं करें. नौकरी में अधिकारी प्रसन्नता दर्शाएंगे.

**मकर** उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी. स्वाभिमान बना रहेगा. प्रयास करते रहें. संबंधों में सुधार की संभावना है. लापरवाही से काम नहीं करें. घर में खुशी का माहौल रहेगा. हितकारक व्यक्तियों से भेंट होगी. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा.

**कुंभ** कार्य का उचित लाभ मिलेगा. भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे. प्रमाद न करें. सत्संग का लाभ मिलेगा. सोचे काम समय पर पूरे होंगे. व्यक्तिगत अथवा व्यापारिक कार्य हो सकते हैं. सामाजिक प्रतिष्ठा का ध्यान रखें.

**मीन** विवाद से बचना चाहिए. नया कार्य को लेकर फालतू खर्च होगा. कार्य होगा पर धैर्य रखें. परिवार की समस्याएँ हल होंगी. वाणी पर संयम रखें. व्यापार अच्छा चलेगा. लिखा-पढ़ी के कामों में सफलता मिलेगी. शिव मंदिर में जलपात्र दान करें.

# वह इंजीनियर बनना चाहती थी सिरफिरे की शिकार बन गई

**उसे तो पता भी नहीं था कि कोई सिरफिरा उसका पीछा कर रहा है. वह अनजान थी. कोई अंदेशा भी नहीं थी. दिन-रात कॅरियर संवारने में लगी थी. फिर अचानक 15 दिसंबर 2016 की रात उसकी आखिरी रात कैसे साबित हो गयी. फिर सिरफिरा कैसे कानून के शिकंजे में फंसा? अदालत ने उसे मौत की सजा सुनायी है. अपराध कथा की इस कड़ी में पढ़ें सिल्ली की रहने वाली प्रतिभावान बच्ची की हत्या की कहानी.**

सौरभ सिंह

वह बूटी बस्ती स्थित अपने घर में रहती थी. हर दिन इंजीनियरिंग कॉलेज जाना और फिर वापस लौटना. पढ़ाई में जुट जाना. एक ही लक्ष्य था-कॅरियर संवारना, खुद की और अपने परिवार की जिंदगी को बेहतर बनाना. किसी भी तरह की अनहोनी से अनजान 15 दिसंबर, 2016 की वो काली रात, वह खाना खाकर सो गई थी. उसे अंदाजा भी नहीं था कि ये रात उसकी जिंदगी की आखिरी रात साबित होगी. उसी मुहल्ले में रहने वाला एक सिरफिरा युवक राहुल, जिसने खुद को एक ऑटो चालक बता कर कमरा लिया था. उसने ऐसा कृत्य किया, जिसने सबका दिल दहला दिया. दुष्कर्म, हत्या और फिर पीड़िता को जला देने की घटना ने पूरे शहर को स्तब्ध कर दिया था. जिसने भी सुना, हर किसी का दिल एक बार के लिए दहल उठा. सुबह में पड़ोसियों ने जब घर से धुआं उठता देखा, तो कमरे के भीतर गये. जला हुआ शव देखा. युवती के परिजनों के साथ-साथ पुलिस को सूचना दी गई. घटना की जानकारी मिलने के बाद इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने कैंडल मार्च निकाला. इसमें अन्य कॉलेज के छात्र-छात्राएं व स्थानीय लोग भी शामिल हुए.

रांची पुलिस इस लोमहर्षक घटना को अंजाम देने वाले अपराधी को नहीं खोज पायी. लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा था और पुलिस परेशान थी. कई युवकों को हिरासत में लिया. उनमें हत्या करने वाला कोई भी नहीं था. धीरे-धीरे लोगों का गुस्सा शांत होता गया और स्थानीय पुलिस भी ठंडी पड़ गई. दूसरे कामों में उलझ गई. यह सब दो साल तक चला. न मुहल्ले के लोगों को कुछ समझ आया, न ही पुलिस को. हत्या करने वाला सिरफिरे ने तो मान लिया था कि अब वह कभी नहीं पकड़ा जायेगा. वह रांची छोड़ कर लखनऊ में आराम से रह रहा था. शायद अब किसी अन्य शिकार की तलाश में लग चुका था. क्योंकि उसका कैरेक्टर ही आपराधिक रहा था.

वर्ष 2018 में सरकार ने मामले की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंप दिया. 28 मार्च 2018 को सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की और मामले का अनुसंधान शुरु किया. इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों का इस्तेमाल करके किसी तरह यह जानकारी जुटायी कि एक युवक, जो घटना के दो-तीन माह पहले से उसी बस्ती में रह रहा था, घटना के बाद से लापता है. सीबीआई को पता चला कि वह हाल ही में बूटी बस्ती में रहने आया था. जहां वह रह रहा था, वहां उसने सबको यही बताया था कि वह ऑटो चलाता है. सीबीआई को यह जानकारी भी मिली कि वह मूल रूप से बिहार के नालंदा के धुर गांव का रहनेवाला है और उसका असली नाम राहुल है. जबकि बूटी बस्ती में उसने अपना नाम अमित उर्फ राज श्रीवास्तव उर्फ अंकित बताया था. नालंदा में उसका आपराधिक इतिहास भी रहा है.




सीबीआई की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ती गयी, वैसे-वैसे राहुल के पुराने कारनामों का राज परत दर परत खुलता चला गया. पता चला कि पटना व नालंदा में उसने दुष्कर्म, साइबर अपराध जैसी अनेकों घटनाओं को अंजाम दिया है. इसके बाद सीबीआई को पता चला कि अभी वह लखनऊ में रह रहा है. तब वहां से उसे हिरासत में ले लिया. घटनास्थल से मिले नमूनों और युवती के नाखून से मिले चमड़े के डीएनए राहुल के डीएनए से मेल खा गये. इसके बाद सीबीआई 22 मई 2019 को उसे लेकर रांची पहुंची.

महज 23 साल के राहुल ने घटना को अंजाम देने की जो कहानी सीबीआई को बतायी, वह बेहद डरावनी और लोमहर्षक थी. उसने बताया कि घटना से करीब तीन माह पहले सितंबर 2016 में वह बिहार के नालंदा से रांची आया था. उसने बूटी बस्ती में ठिकाना तलाशना शुरु किया. मुहल्ले में उसे कोई नहीं जानता था. वह पूरी तरह अनजान था. इसलिए, किसी ने उसे कमरा नहीं दिया. तब कुछ लोगों ने उस पर तरस खाकर मुहल्ले के मंदिर के पीछे के एक कमरे में रहने की अनुमति दे दी. यह व्यवस्था तब तक के लिए थी, जब तक कि उसे किराये पर कमरा नहीं मिल जाता. लेकिन वह वहीं पर स्थायी रूप से रहने लगा था. इसी दौरान उसकी नजर युवती पर पड़ी. कॉलेज जाते और लौटते वक्त, वह युवती का पीछा किया करता था. कई बार मुहल्ले के बच्चों से भी युवती के बारे में पूछताछ कर चुका था. इस कारण मुहल्ले के कुछ लोगों ने उसे डांटा भी था. अक्सर वह पीछा करते हुए युवती के घर तक पहुंच जाता था. एक बार किराये पर कमरा लेने के लिए युवती के घर भी गया था, लेकिन उसे कमरा नहीं दिया गया.

राहुल युवती पर नजर रखने लगा. उसके घर के आसपास घूमने लगा. 15 दिसंबर 2016 को उसे मौका मिला, जिसकी तलाश में वह कई दिनों से था. उसे पता चला कि युवती घर में अकेली है. उसके माता-पिता बाहर गए हुए हैं. इसका पता चलने के बाद राहुल ने उसी रात अपने खतरनाक मंसूबे को पूरा करने की ठान ली. पूरा प्लान तैयार किया. रात में जब पूरा मुहल्ला सो रहा था, तब छत का एस्बेस्टस तोड़ कर वह युवती के घर में घुस गया. युवती के साथ वह जबरदस्ती करने लगा. युवती ने काफी देर तक उसका विरोध किया. राहुल को अपने नाखून से नोंचा. उसने हर वह कोशिश की, जिससे वह राहुल के चंगुल से बाहर निकल सके और अपनी इज्जत, जान बचा सके. लेकिन उसकी हर कोशिश बेकार साबित हुई. राहुल ने पहले उसके साथ दुष्कर्म किया, फिर गर्दन में तार लपेट कर उसकी हत्या कर दी. हत्या करने के बाद भी राहुल नहीं रूका. उसने उसके शरीर पर मोबिल छिड़क कर आग लगा दी. फिर वहां से फरार हो गया.

सीबीआई ने राहुल को पकड़ने के बाद उसके खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया. एक माह तक स्पीडी ट्रायल चला. अदालत ने उसे दुष्कर्म और हत्या का दोषी माना. साथ ही उसके अपराध को रेयर ऑफ रेयरेस्ट माना. अदालत ने राहुल को मौत की सजा सुनायी. वह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में सजा काट रहा है.

*डिस्क्लेमरः इस स्टोरी को राहुल के इकबालिया बयान, सीबीआई की जांच और ट्रायल में आए तथ्यों के आधार पर तैयार किया गया है.*

## तापस घोष की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के कब्जे वाली भूमि से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपी तापस घोष की जमानत याचिका पर रांची पीएमएलए की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई. दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद कोर्ट ने तापस को बेल देने से इनकार करते हुए उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी है. बता दें कि तापस घोष को ईडी ने इसी महीने गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में है.

## ईरान के राष्ट्रपति के निधन पर राजकीय शोक

**रांची।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के निधन पर झारखंड में भी मंगलवार को एक दिन का राजकीय शोक मनाया गया. इसको लेकर झारखंड सरकार के संयुक्त सचिव अखिलेश कुमार सिन्हा ने सभी प्रमंडलीय आयुक्त, सभी डीसी, और सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को पत्र लिखा था. पत्र में कहा गया था कि हेलीकॉप्टर क्रैश में ईरान के राष्ट्रपति का निधन हो गया. इसको लेकर भारत सरकार ने 21 मई को एकदिवसीय राजकीय शोक मनाने का निर्णय लिया है. गृह मंत्रालय भारत सरकार ने इससे संबंधित भी आदेश जारी किया है. ऐसे में 21 मई को झारखंड के उन सभी भवनों जहां नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाते हैं, वहां राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे. साथ ही किसी प्रकार के राजकीय समारोह का आयोजन नहीं किया जाएगा.

## संजीव व जहांगीर की रिमांड खत्म, जेल

**रांची।** रिमांड अवधि पूरी होने के बाद ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके सहायक जहांगीर को मंगलवार को पीएमएलए कोर्ट के न्यायाधीश के समक्ष पेश किया. अदालत ने दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. बता दें कि दोनों की गिरफ्तारी पांच मई को हुई थी. रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट से अनुमति के बाद ईडी के अफसर दोनों से 14 दिनों तक पूछताछ कर चुके हैं. इस पूछताछ में कई अहम खुलासे हुए हैं. संजीव लाल के सहायक जहांगीर के घर से ईडी ने 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किए थे.

**लोस चुनाव : सातवें चरण में झारखंड की तीन सीटों पर एक जून को होगा मतदान**

# 53 लाख मतदाता करेंगे 52 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

शुभम किशोर। रांची

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में झारखंड की तीन लोकसभा सीट राजमहल, दुमका व गोड्डा में एक जून को मतदान होगा. राज्य के चौथे चरण में तीन संसदीय क्षेत्र में कुल 52 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं. इनमें राजमहल से 14, दुमका व गोड्डा से 19-19 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं. तीनों लोकसभा क्षेत्र में छह जिले और 18 विधानसभा आते हैं. चुनाव आयोग के डेटा के अनुसार, इन तीनों लोकसभा क्षेत्र में कुल 84 लाख 11 हजार 857 आबादी है. इसमें 43,02,034 पुरुष और 41,09,823 महिलाएं शामिल हैं. वहीं कुल 53 लाख 16 हजार 868 मतदाता हैं. इसमें 26,97,207 पुरुष, 26,19,631 महिलाएं और 30 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं.

### गोड्डा लोस क्षेत्र का क्षेत्रफल कम, मतदाता ज्यादा

तीनों लोकसभा क्षेत्र में दुमका सबसे अधिक 5,263 स्क्वायर किलोमीटर और गोड्डा सबसे कम 4,002 स्क्वायर किलोमीटर में फैला है. वहीं राजमहल लोकसभा का क्षेत्रफल 5,038 स्क्वायर किलोमीटर है. गोड्डा का क्षेत्रफल कम है, लेकिन यहां की आबादी सबसे अधिक 37,67,857 आबादी है. इनमें 16,39,959 पुरुष व 15,27,715 महिलाएं शामिल हैं. वहीं 20 लाख 25 हजार 176 मतदाता हैं. इनमें 10,48,884 पुरुष और 9,76,278 महिला मतदाता हैं. दुमका लोकसभा की बात करें, तो यहां की आबादी 24 लाख 89 हजार 87 है, जिसमें 12,65,562 पुरुष व 12,23,525 महिलाएं हैं. इस लोकसभा में 15 लाख 89 हजार 435 मतदाता हैं, जिसमें 7,98,286 पुरुष और 7,91,143 महिला मतदाता शामिल हैं.

### किस लोकसभा में कितने मतदाता

**राजमहल लोकसभा**

| विधानसभा | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|
| राजमहल | 1,80,777 | 1,70,221 | 3,51,001 |
| बोरियो | 1,41,532 | 1,41,243 | 2,82,879 |
| बरहेट | 1,11,467 | 1,15,720 | 2,27,188 |
| लिट्टीपाड़ा | 1,06,793 | 1,11,162 | 2,17,956 |
| पाकुड़ | 1,90,872 | 1,92,423 | 3,83,295 |
| महेशपुर | 1,18,496 | 1,21,441 | 2,39,938 |
| कुल | 8,50,037 | 8,52,210 | 17,02,257 |

**दुमका लोकसभा**

| विधानसभा | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता – | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|
| शिकारीपाड़ा | 1,11,345 | 1,17,925 | 2,29,270 |
| नाला | 1,24,316 | 1,19,455 | 2,43,771 |
| जामताड़ा | 1,61,229 | 1,55,546 | 3,16,778 |
| दुमका | 1,27,843 | 1,30,948 | 2,58,794 |
| जामा | 1,10,917 | 1,14,280 | 2,25,197 |
| सारठ | 1,62,636 | 1,52,989 | 3,15,625 |
| कुल | 7,98,286 | 7,91,143 | 15,89,435 |

**गोड्डा लोकसभा**

| विधानसभा | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|
| जरमुंडी | 1,37,413 | 1,28,361 | 2,65,777 |
| मधुपुर | 1,90,650 | 1,76,780 | 3,67,430 |
| देवघर | 2,26,708 | 2,07,670 | 4,34,388 |
| पोड़ैयाहाट | 1,60,140 | 1,53,864 | 3,14,005 |
| गोड्डा | 1,61,270 | 1,49,808 | 3,11,078 |
| महगामा | 1,72,703 | 1,59,795 | 3,32,498 |
| कुल | 10,48,884 | 9,76,278 | 20,25,178 |

### राजमहल में महिला मतदाता ज्यादा

राजमहल लोकसभा क्षेत्र की आबादी 27 लाख 55 हजार 97 है. इनमें 13,96,513 पुरुष व 13,58,583 महिला आबादी है. इस लोकसभा क्षेत्र में 17 लाख 2 हजार 257 मतदाता हैं, जिसमें 8,50,037 पुरुष व 8,52,210 महिला मतदाता शामिल हैं.

### 2019 की तुलना में 16% मतदाता बढ़े

सातवें चरण में झारखंड की तीनों लोकसभा क्षेत्र में 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 2024 में 16 फीसदी मतदाता बढ़े हैं. 2019 में तीनों लोकसभा मिला कर कुल 45 लाख 64 हजार मतदाता थे, जो 2024 में बढ़ कर 53 लाख 16 हजार हो गये हैं.

### किस लोकसभा सीट पर कितने प्रत्याशी

**राजमहल लोकसभा**

| प्रत्याशी | राजनीतिक दल |
|---|---|
| गोपिन सोरेन | सीपीआई ( एम) |
| ताला मरांडी | भाजपा |
| मरियम मरांडी | बहुजन समाज पार्टी |
| विजय कुमार हांसदा | झामुमो |
| अजीत मरांडी | राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी |
| खलीफा किस्कू | पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) |
| पॉल सोरेन | एआईएमआईएम |
| मुंशी किस्कू | नवयुग प्रगतिशील मोर्चा |
| लीली हांसदा | समाता पार्टी |
| विनोद कुमार मंडल | लोकहित अधिकार पार्टी |
| दीपा टुडू | निर्दलीय |
| महेश पहाड़िया | निर्दलीय |
| लोबिन हेंब्रम | निर्दलीय |
| सेबेस्टिन हेंब्रम | निर्दलीय |

**दुमका लोकसभा**

| प्रत्याशी | राजनीतिक दल |
|---|---|
| नलिन सोरेन | झामुमो |
| परेश मरांडी | बहुजन समाज पार्टी |
| सीता मुर्मू | भाजपा |
| अनिल टुडू | लोकहित अधिकार पार्टी |
| अलेश हांसदा | इंडियन नेशनल सोशलिस्टिक एक्शन फोर्सेस |
| जोनाथन मार्डी | पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) |
| मुन्नी हांसदा | समता पार्टी |
| राजू एमानुएल मुर्मू | अंबेडकर पार्टी ऑफ इंडिया |
| राजेश किस्कू | कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया |
| कमिश्नर मुर्मू | निर्दलीय |
| निर्मल सोरेन | निर्दलीय |
| बघराई सोरेन | निर्दलीय |
| बिरेन मोहली | निर्दलीय |
| बेबीलता टुडू | निर्दलीय |
| मनोज हेंब्रम | निर्दलीय |
| महाशन मुर्मू | निर्दलीय |
| डॉ श्रीलाल किस्कू | निर्दलीय |
| संजय टुडू | निर्दलीय |
| सुशांति हेंब्रम | निर्दलीय |

**गोड्डा लोकसभा**

| प्रत्याशी | राजनीतिक दल |
|---|---|
| निशिकांत दुबे | भाजपा |
| प्रदीप यादव | कांग्रेस |
| बजरंगी महता | बहुजन समाज पार्टी |
| अनूप कुमार | प्राउटिस्ट ब्लॉक, इंडिया |
| अरुण कुमार | न्याय धर्म सभा |
| कालीपदा मुर्मू | सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) |
| कुमारी दिलेश्वरी | अंबेडकर पार्टी ऑफ इंडिया |
| केतन कुमार | राइट टू रिकॉल पार्टी |
| ज्ञानेश्वर झा | जागरूक जनता पार्टी |
| तिपलाल साह | लोकहित अधिकार पार्टी |
| ब्रजकिशोर पंडित | एबीएमवीएमपी |
| रामेश्वर मंडल | पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) |
| सूरज कुमार अमन | भागीदारी पार्टी (पी) |
| अभिषेक आनंद झा | निर्दलीय |
| अरुण मारिक | निर्दलीय |
| उदय शंकर खवारे | निर्दलीय |
| निलेश कुमार गुप्ता | निर्दलीय |
| मुकेश कुमार झा | निर्दलीय |
| डॉ के रंगाइय | निर्दलीय |

# जब आरोपी को नहीं मिलेगी सजा तो कैसे रुकेगा बच्चियों का रेप

- झारखंड में पॉक्सो एक्ट के मामलों की जांच धीमी
- 7911 में से 6620 कांड अनुसंधान के लिए लंबित

सौरभ सिंह। रांची

बच्चियों से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को जब सजा नहीं होगी तो, दुष्कर्म की घटनाओं पर रोक कैसे लगेगी? झारखंड में पॉक्सो केस की जांच तेजी से नहीं हो रही है. झारखंड अपराध अनुसंधान विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य में वर्ष 2018 से 13 मई 2024 तक पॉस्को एक्ट के 7911 मामले दर्ज हुए हैं. इनमें सिर्फ 1,291 मामलों का निष्पादन हो पाया है. जबकि, 6620 मामले अभी भी अनुसंधान के लिए लंबित हैं.

इसके पीछे की वजह सामने आ रहा है कि वरीय अधिकारियों के लगातार निर्देशन के बावजूद कांड के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा या तो कांड का निष्पादन नहीं किया जा रहा है या फिर आईआईएफ-5 फॉर्म नहीं भरा जा रहा है. पॉक्सो एक्ट के तहत विगत छह वर्षों में दर्ज हुए मामलों पर गौर करें, तो वर्ष 2018 में 956, 2019 में 1100, 2020 में 1406, 2021 में 1363, 2022 में 1328, वर्ष 2023 में 1373 और वर्ष 2024 में अब तक 385 मामले दर्ज हुए हैं.

### किस जिले में पॉस्को के कितने कांड हैं लंबित

| जिला | मामले |
|---|---|
| धनबाद | 680 |
| रांची | 562 |
| बोकारो | 518 |
| गिरिडीह | 473 |
| हजारीबाग | 409 |
| गढ़वा | 379 |
| पलामू | 323 |
| जमशेदपुर | 310 |
| गोड्डा | 270 |
| साहेबगंज | 229 |
| गुमला | 281 |
| चाईबासा | 276 |
| चतरा | 240 |
| देवघर | 214 |
| लातेहार | 221 |
| दुमका | 166 |
| रामगढ़ | 149 |
| लोहरदगा | 160 |
| सरायकेला | 158 |
| सिमडेगा | 145 |
| पाकुड़ | 124 |
| कोडरमा | 115 |
| खूंटी | 113 |
| जामताड़ा | 100 |
| रेल धनबाद | 05 |

**कुल - 6620**

## रेलिंग तोड़ कर पुल से नीचे गिरी यात्री बस

संवाददता। रांची/खूंटी

अड़की थाना क्षेत्र के सिंदरी गांव के पास मंगलवार को 55 यात्रियों से भरी बस रेलिंग तोड़कर पुल के नीचे गिर गयी. इस घटना में दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गये. सभी को आनन-फानन में अड़की अस्पताल ले जाया गया. प्राथमिक उपचार के बाद सभी की गंभीर स्थिति को देखते खूंटी सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. बताया जाता है कि मोहन नाम की यात्री बस खूंटी से यात्रियों को लेकर जमशेदपुर जा रही थी. जैसे ही बस सिंदरी गांव के पास पहुंची, तो विपरीत दिशा से तेल टैंकर आ रहा था. उसी दौरान एक बच्चा भी दौड़ गया जिसे बचाने के क्रम में बस अनियंत्रित हो गयी और रेलिंग को तोड़ते हुए पुल के नीचे गिर गयी.

**लोकसभा चुनाव** तीन लोकसभा सीटों चतरा, हजारीबाग और कोडरमा में सोमवार को मतदान संपन्न हो गया

# कोडरमा में जीत का अंतर कम होगा, चतरा-हजारीबाग में भाजपा भारी

प्रवीण कुमार । रांची

**झारखंड की तीन लोकसभा सीटों चतरा, हजारीबाग और कोडरमा में सोमवार को मतदान संपन्न हो गया. तीनों सीटों का चुनाव जातीय ध्रुवीकरण, सांप्रदायिकता और आदिवासी अस्मिता के साथ-साथ रूठे कैडरों को मनाने के इर्द-गिर्द घूमता रहा. तीनों लोकसभा में मुकाबला भाजपा और इंडिया के बीच ही रहा. अब जीत किसकी होगी, यह चार जून को ही पता चलेगा.**

### चतरा लोकसभाः ईसाई व मुस्लिम वोटों की गोलबंदी ने डाला असर

चतरा लोकसभा क्षेत्र में कुल पांच विस सीटें हैं. वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा ने सिमरिया, चतरा, लातेहार और पांकी में एकतरफा बढ़त हासिल की थी. मनिका में भी बढ़त मिली थी, लेकिन अंतर कम था. लेकिन इस बार पूरा समीकरण बदला नजर आया. भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह, कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी और वर्ष 1999 में चतरा से राजद की टिकट पर सांसद बने नागमणि बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े है. चतरा लोकसभा में 28 फीसदी अनुसूचित जाति, 19 फीसदी आदिवासी और 13 फीसदी मुस्लिम वोटर हैं. इसके अलावा कुशवाहा और यादव जाति के वोटर भी बड़ी तादाद में हैं. कांग्रेस 19 फीसदी आदिवासी, 13 फीसदी मुस्लिम के साथ-साथ यादव व कुशवाहा मतों के जरिए जीत की राह देख रही है. वहीं भाजपा अपने पक्ष में भूमिहार, वैश्य जातियों के साथ पार्टी के कैडर वोट का एकजुट रहना सुखद मान रही है. वहीं अगड़ी जातियां ब्राह्मण व राजपूत का वोट कांग्रेस व भाजपा दोनों के पाले में जाने की बात कही जा रही है. चतरा लोस के दो विस में भोक्ता जातियों की बहुलता है. हाल ही में इस जाति को जनजाति में शामिल किया गया है, जिसका लाभ भाजपा को मिलता नजर आ रहा है.

### कोडरमा लोकसभा : जातिगत समीकरण टूटे, बिखरे कैडर वोटर

खूंटी के बाद कोडरमा को झारखंड का सबसे हॉट सीट माना जा रहा है. अन्नपूर्णा देवी राजद से आकर भाजपा की सांसद बनी. केंद्र में मंत्री का दर्जा मिला. लेकिन यहां से भाकपा माले के बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी बनने के बाद मुकाबला रोचक हो गया. मुकाबला एकतरफा नहीं रहा. इस बार जातिगत समीकरण भी टूटे हैं. भाजपा के कैडर वोट में भी बिखराव होने की खबरें हैं. वहीं कुशवाहा जाति के वोटरों का भाजपा से बिदकना बड़ा सवाल खड़ा करता है. विधानसभावार बात करें तो कोडरमा की छह विस सीटों में से चार पर एनडीए का कब्जा है. और दो पर इंडिया गठबंधन का. कोडरमा में भाजपा के विधायक है. यादव बहुल विस होने के बाद भी यादवों की वोटों में जबरदस्त बंटवारा होने की चर्चा है. बरकट्ठा में निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव हैं, लेकिन यहां भी यादव वोट बंटने की खबरें हैं. धनवार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का क्षेत्र है. चर्चा है कि यहां भूमिहार वोट भाजपा के पक्ष में एकजुट नहीं रह पाया.

### हजारीबाग लोकसभा : जेपी पटेल व मनीष को रहा भितरघात का डर

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में हजारीबाग, बरही, बड़कागांव और मांडू में पिछली बार भाजपा को एकतरफा बढ़ मिली थी. लेकिन लोकसभा चुनाव के कुछ माह बाद हुए विधानसभा चुनाव में बरही, बड़कागांव और रामगढ़ में कांग्रेस की जीत हुई थी. जबकि हजारीबाग और मांडू में भाजपा प्रत्याशी जीते थे. बाद में ममता देवी को एक मामले में सजा होने पर आजसू ने रामगढ़ उपचुनाव जीत लिया था. इस चुनाव में भाजपा के टिकट से चुनाव जीते दोनों विधायक के बीच सीधा मुकबला रहा. चुनाव में बड़कागांव विधानसभा में भाजपा को स्पष्ट बढ़त की बात लोगो के बीच चर्चा में है. वहीं रामगढ़ जिला के रामगढ़, मांडू और में कांटे की टक्कर दिखा. महिला वोट एक तरफ जाता दिख रहा है तो आदिवासी और मुस्लिम वोट का ध्रुवीकरण कांग्रेस के पक्ष में देखा गया. ओबीसी वोटरों में कुर्मी और कोइरी वोट में भी बिखराव हुआ है. वहीं हजारीबाग और बरही में साइलेंट वोटिंग हुई है. शहरी क्षेत्र के वोटरों में उत्साह नहीं दिखा. वहीं ग्रामीण इलाकों में जबरदस्त उत्साह दिखा. कुल मिलाकर कहें तो चंद हजार वोट के अंतर से ही हार-जीत का फैसला होना है.

क्लासिफाइड






राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, बुधवार 22 मई 2024 ● बैशाख शुक्ल पक्ष 14 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~3~~ ● वर्ष : 2, अंक : 43 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### बोकारो में राजनाथ सिंह ने झामुमो और कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा-

# जनता की आंखों में आंखें डाल कर राजनीति करो

**कांग्रेस के** शासनकाल में भ्रष्टाचारियों को दिया जाता रहा संरक्षण

**अब सारी** दुनिया कान खोलकर सुनती है कि भारत क्या बोल रहा है

**प्रमुख संवाददाता। बोकारो/रांची**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को बोकारो में झामुमो और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा. वे सेक्टर-टू दुर्गा पूजा मेला मैदान में धनबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे. राजनाथ ने कहा कि मैं झामुमो और कांग्रेस वालों से कहना चाहता हूं कि अगर कलेजे में दम है, तो जनता की आंखों में धूल झोंक कर राजनीति नहीं करो, बल्कि जनता की आंखों में आखें डाल कर राजनीति करो.

रक्षा मंत्री ने मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनाई. उन्होंने कहा कि हमने बहुमत मिलने पर धारा 370 को हटा दिया. हमने कहा था कि राम मंदिर बन कर रहेगा. रामलला अपने महल में पहुंच चुके हैं. जिस दिन लोगों को अपने दायित्व का अहसास हो जाएगा, उस दिन देश में रामराज्य भी आ जाएगा. इसे दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती.

**बुजुर्गों का पांच लाख तक मुफ्त इलाज होगा :** राजनाथ सिंह ने मंच से ऐलान किया कि 15 जून के बाद सभी बुजुर्गों के लिए पांच लाख तक का इलाज मुफ्त होगा. कहा कि पीएम मोदी ने 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है. गरीबों के लिए पांच किलो मुफ्त राशन देने का काम किया. आज आयुष्मान कार्ड से करोड़ों गरीब-गुरबों के मुफ्त में इलाज हो रहा है.



### हमारी सरकार का एक भी मंत्री भ्रष्टाचारी नहीं

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का एक भी मंत्री भ्रष्टाचार में पकड़ा जाएगा, तो दूध में पड़े मक्खी की तरह निकाला जाएगा. कांग्रेस और झामुमो पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग ईमानदारी की बात करते हैं. कहते हैं कि मोदी जी आ गये, तो आरक्षण खत्म कर देंगे. किसी भी सूरत में भाजपा ऐसा नहीं करेगी. देश की जनता को ये धर्म के आधार पर आरक्षण देकर गुमराह करना चाहते हैं. हम भेदभाव करने वाली पार्टी नहीं हैं. हम ताकतवर बन गये हैं. भारत किसी को छेड़ता नहीं है, लेकिन जो भारत को छेड़ेगा उसको भारत छोड़ेगा नहीं. 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में तेजी से विकास हो रहा है. पीओके भी हमारे पास आकर रहेगा.

### मंत्रियों के पीएस के पास मिल रहीं नोटों की गड्डियां

राजनाथ सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री तो छोड़िए, उनके मंत्रियों के पीएस के पास से नोटों की गड्डियां मिल रही हैं. बिना मुख्यमंत्री की शह के यह किसी भी सूरत में सफल नहीं हो सकता. आज उनको गिरफ्तार कर लिया, तो कहते हैं कि भाजपा अपने सारे विरोधियों को प्रताड़ित कर रही है. मोदी सरकार में अगर हमारा कोई व्यक्ति भ्रष्टाचार के मामले में पकड़ा जाएगा, तो उसका स्थान उसका घर नहीं, जेल होगा. वहीं, झामुमो के लोगों की करतूत से देश शर्मसार हो रहा है. आज झारखंड के भ्रष्टाचार की चर्चा हर जगह पर है. अटल जी के नेतृत्व में 6 साल और मोदी जी के नेतृत्व में 10 साल हमारी सरकार चली. हमारे किसी भी मंत्री पर भ्रष्टाचार का एक दाग तक नहीं है.

### झामुमो की हरकत से भारत की छवि खराब हुई

झामुमो और कांग्रेस से पूछा जाना चाहिए कि फवाद हुसैन राहुल गांधी की तारीफ कर रहे हैं. मैं अपील करना चाहता हूं कि देश को बचा लीजिए. झामुमो की हरकत के कारण भारत की छवि खराब होती है. राजनीति केवल सरकार चलाने के लिए नहीं करनी चाहिए, बल्कि देश चलाने के लिए करनी चाहिए. समाज बनाने के लिए करनी चाहिए. सीता सोरेन आज भाजपा में आ गई हैं. वहीं, ढूल्लू महतो तीन बार विधायक रहे हैं. ये प्रश्न केवल ढुल्लू महतो का नहीं है. हमें देश बनाना है. ढुल्लू महतो को भारी मतों से विजय बनाइए.

### जब से मोदी पीएम बने, एक लाख करोड़ की संपत्ति जब्त की

कांग्रेस के शासनकाल में बराबर भ्रष्टाचारियों को शह दी जाती रही है. संरक्षण दिया जाता रहा है. कांग्रेस के शासन काल में इन लोगों ने 32 लाख ही जब्त किये थे. भ्रष्टाचारियों के खिलाफ ये हिम्मत नहीं करते थे. जब से मोदी पीएम बने हैं, तब से एक लाख करोड़ की संपत्ति जब्त की है. 10 सालों में इतनी कार्रवाई हुई. बैंकों की हालत इतनी खराब थी, सारे हिंदुस्तान के बैंक घाटे में चले गये थे. अब बैंक तीन लाख करोड़ के मुनाफे में हैं. भारत का कद सारी दुनिया में ऊंचा हुआ है. पहले भारत की बातों को गंभीरता से नहीं लिया जाता था. अब सारी दुनिया कान खोलकर सुनती है कि भारत बोल क्या रहा है. दुनिया में हमें सम्मान की नजर से देखा जाता है.

### केजरीवाल ने भाजपा व पीएम मोदी पर बोला हमला, कल्पना की तारीफ की

# झांसी की रानी बन कर मोदी को चुनौती दे रही हैं कल्पना

**झारखंड की** सभी 14 सीट हम जीतेंगे, बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार

**'इंडिया' की** सरकार बनने के बाद जेल से बाहर आएंगे हेमंत सोरेन

**प्रमुख संवाददाता। जमशेदपुर/रांची**

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि झारखंड का बच्चा-बच्चा हेमंत सोरेन से प्यार करता है. उन्हें राजनीतिक षड्यंत्र के तहत जेल में डाल दिया गया. कल्पना झांसी की रानी बनकर मोदी जी को चुनौती दे रही हैं. भाजपा ने सोचा कि केजरीवाल को जेल में डाल दो. हेमंत को गिरफ्तार करूंगा, सरकार गिरा दूंगा. लेकिन, सब उल्टा हो गया. दिल्ली में पार्टी (आप) बिखरी नहीं, बल्कि सब एक हो गए हैं. सांसद, विधायक पार्षद, पदाधिकारी सब एक हो गए हैं.

ऐसे ही झारखंड में हुआ. पूरे झारखंड में ऊर्जा है. पिछली बार गठबंधन को दो सीटें आई थीं, लेकिन इस बार सभी 14 सीट जीतेंगे. केजरीवाल मंगलवार को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में झामुमो उम्मीदवार समीर मोहंती के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि जमशेदपुर से उनका बहुत पुराना नाता है. आज से 35 साल पहले टाटा स्टील में नौकरी करता था. केजरीवाल ने कहा, भाजपा सरकार ने उन्हें झूठे आरोपों में फंसाकर जेल भेज दिया. पीएम ने पूरी ताकत लगाई कि बेल ने मिले, लेकिन हनुमान जी के आशीर्वाद से अंतरिम जमानत मिल गयी. सुप्रीम कोर्ट ने मोहलत दी कि चुनाव प्रचार करो.



### हेमंत सोरेन आदिवासी समाज के सबसे बड़े नेता

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता हेमंत सोरेन की आभारी है. कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी थी, मैनें हेमंत जी को कॉल किया, तो तुरंत ऑक्सीजन भेजा. हेमंत सोरेन के खिलाफ ऐसा कोई आदेश नहीं है, फिर भी जेल में डाल दिया. मोदी जी ये गुंडागर्दी है. मुझे किसी ने दोषी नहीं कहा, लेकिन जेल में डाल दिया. हेमंत सोरेन पूरे देश में आदिवासी समाज के सबसे बड़े नेता हैं. गुरुजी झारखंड बनाने को लेकर जेल गए, लाठियां खाई, ये नहीं देखने के लिए कि झारखंड में उनके बेटे को जेल में डाल दिए. मोदीजी ने आदिवासी समाज की चुनौती दी है. अब आपको जबाव देना है. बटन दबाओ तो आवाज मोदीजी के कानों में गूंजनी चाहिए.

### हेमंत जेल में रहेंगे या बाहर, ये आप पर निर्भर

केजरीवाल ने कहा कि हेमंत सोरेन जेल में रहेंगे या बाहर, ये आप पर निर्भर है. इंडिया को वोट दिया तो हेमंत सोरेन बाहर आएंगे, सबको कहना कि कमल का बटन नहीं दबाना. यदि आरक्षण बचाना है, देश बचाना है, तो मोदी को हटाना होगा. उन्होंने कहा कि मैं यहां भाई हेमंत सोरेन के लिए आया हूं. हाथ जोड़कर आपसे भीख मांगने आया हूं कि देश बचाइए. चुनाव देश के अस्तित्व को बचाने का है. देश भर में एनडीए के खिलाफ माहौल है. मुझे 21 दिन की मोहलत मिली है. मैं कोशिश में हूं कि उनकी जितनी सीटें कम कर सकता हूं, करूं. 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी और हेमंत सोरेन जेल से बाहर आएंगे. मुझे भी जेल नहीं जाना पड़ेगा.

### हेमंत ने आदिवासियों के हित में काम किया: कल्पना

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड में झामुमो की सरकार बनने के बाद कोरोना महामारी आ गई. झारखंड के कई मजदूर देश के अलग-अलग क्षेत्रों में फंस गए. हेमंत सोरेन ने उन मजदूरों को वापस झारखंड लाने का काम किया. आदिवासियों के हित में काम किया है. हेमंत सोरेन क्रांतिकारी हैं, जो झारखंड को मजबूत बनाने का काम कर रहे थे. उन्हें मोदी जी ने जेल भेज दिया. कल्पना ने आगे कहा कि इस बार का चुनाव, भाजपा बनाम त्रस्त जनता के बीच चल रहा है. भाजपा संविधान बदलना चाहती है.

### जुमला साबित हुए पीएम मोदी के सभी वादे: चंपाई

सभा में सीएम चंपाई सोरेन ने भी भाजपा व पीएम मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने जो भी वादे किए थे, सब जुमला निकले. केंद्र सरकार ने झारखंड के विकास के लिए कोई काम नहीं किया. मोदी ने झारखंड के आदिवासियों और मजदूरों का अपमान किया है. संबोधन के दौरान सीएम की कई बार जुबान भी फिसली. उन्होंने अरविंद केजरीवाल को अरविंद केजलीवाल कहा दिया. फिर उनकी पत्नी का नाम सुनीता चौधरी कह दिया. इस पर झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती ने टोका, तो चंपाई ने अपनी गलती सुधारनी चाही, पर सुनीता अग्रवाल कह दिये. फिर गलती का एहसास होने पर खुद हंस पड़े.

---

## ब्रीफ खबरें

### किराए के मकान में छात्र ने लगा ली फांसी

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के चेटर में किराए के मकान में रह रहे एक छात्र ने बीती रात फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली. मृतक की पहचान पहाड़ पनारी निवासी सुमित उरांव (16) के रूप में हुई है. मंगलवार की सुबह सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया. मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि सुमित ने खुद के कपड़े के सहारे फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली.

### पुराने विवाद में चली तलवार, चार जख्मी

**जमशेदपुर।** मानगो थाना क्षेत्र अंतर्गत दाईगुट्टू में पुराने विवाद को लेकर मारपीट हो गई. मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच तलवारबाजी भी हुई. इस घटना में दोनों पक्ष के लोग घायल हुए हैं. सभी घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया. घायलों में एक पक्ष से शिवजी शुक्ला व रामजी शुक्ला, जबकि दूसरे पक्ष से अभिषेक व अंकित शामिल है. शिवजी शुक्ला की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें टीएमएच रेफर कर दिया गया.

### दो दिन तक चलेगी आंधी वज्रपात की भी आशंका

**रांची।** झारखंड में मौसम का मिजाज हर दिन करवट ले रहा है. मौसम केंद्र के अनुसार, 22 और 23 मई को कई राज्यों में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवा चलेगी. हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की आशंका जताई गई है. वहीं 24 और 25 मई को राज्य के दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं गर्जन और वज्रपात होने की आशंका है. इस दौरान हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे हो सकती है.

## आंगनबाड़ी केंद्र में करंट लगने से बच्चे की मौत

**संवाददाता। कोडरमा**

**खास बातें**
- ग्रामीणों को आंगनबाड़ी के गेट पर शव रख किया हंगामा
- सेविका व सहायिका पर लगाया लापरवाही का आरोप

कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरनानगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में करंट लगने से एक बच्चे की मौत हो गयी. मृतक की पहचान दिनेश दास के पुत्र गोलू कुमार (8) के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, आंगनबाड़ी केंद्र में गेट के पास बिजली का तार गया हुआ था. तार कटा रहने के कारण लोहे के गेट में करंट आ गया. इसी दौरान गेट के संपर्क में आने से बच्चे को करंट लग गया.

घटना के बाद ग्रामीणों द्वारा बच्चे को सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया. इसके बाद शव को आंगनबाड़ी केंद्र के पास रख कर ग्रामीण प्रदर्शन करने लगे. उनलोगों ने आरोप लगाया कि सहायिका व सेविका की लापरवाही की वजह से बच्चे की मौत हुई है. इधर, घटना की सूचना मिलने पर कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. मौके पर पहुंची बीडीओ सुमन गुप्ता ने सेविका-सहायिका को हटाने की बात कही है.

## ट्रक से 5.58 करोड़ का डोडा जब्त

**संवाददाता। किरीबुरु**

चाईबासा पुलिस ने मंगलवार को भारी मात्रा में डोडा लदे एक ट्रक को पकड़ा है. इस संबंध में एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि 21 मई की रात गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि डोडा लदा एक ट्रक चक्रधरपुर से चाईबासा की ओर आ रहा है. इसके बाद सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया. पुलिस टीम ने वाहन जांच अभियान चलाना शुरू किया. इस क्रम में एक कंटेनर वाहन पुलिस दल को देख कर चेक नाका से कुछ दूरी पर रूक गया.

वाहन चालक व उपचालक अंधेरे व झाड़ी का फायदा उठा कर गाड़ी छोड़ कर भागने में सफल रहे. इसके बाद पुलिस ने कंटेनर की जांच की. उसमें मूढ़ी के 40 बोरा के बीच 186 प्लास्टिक के बोरा में डोडा भरा हुआ पाया गया. इसका वजन 3723 किलोग्राम है और अनुमानित कीमत पांच करोड़ 58 लाख रुपये आकी गयी है. इसके अलावा दो मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है. पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई कर रही है. छापेमारी दल में सदर एसडीपीओ राहुल देव बड़ाईक, मुफस्सिल थाना प्रभारी रंजीत उरांव, दारोगा मृत्युंजय कुमार पाण्डेय, रामेश्वर वर्मा व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.



**खास बातें**
- चक्रधरपुर से चाईबासा आ रहे ट्रक में लदा था डोडा
- मूढ़ी बोरा के बीच 186 बोरा में था 3723 किलो डोडा

## शौच करने गई महिला की वजनदार हथियार से हत्या

**संवाददाता। चांडिल**

- मृतका के चेहरे और सिर पर चोट का गहरा निशान

नीमडीह थाना क्षेत्र के बाड़ेदा गांव में सोमवार की रात शौच करने गई महिला की वजनदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई. मृतका के चेहरे पर दायीं ओर और सिर पर चोट का गहरा निशान है. मृतका की पहचान बाड़ेदा निवासी संजय रजक की पत्नी बबीता रजक (30) के रूप में हुई है. उसका पति ओड़िशा में काम करता है. महिला अपने दो बच्चे और वृद्ध सास-ससुर के साथ गांव में ही रहती थी.

जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम अंधेरा होने के बाद बबीता अपनी सास शमला रजक के साथ घर के करीब 400 मीटर दूर खेत में शौच करने गई थी. काफी देर होने के बाद सास ने जब उसे आवाज लगाई, तो कोई जवाब नहीं मिला. शमला वापस घर आई और आस-पड़ोस के लोगों को बताया. इसके बाद ग्रामीण खेत में जाकर टार्च की रोशनी में बबीता को खोजने लगे. इसी दौरान खेत में खून से लथपथ बबीता की लाश मिली. घटना की सूचना मिलने के बाद नीमडीह थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. वहीं, मंगलवार की सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने नीमडीह थाना पहुंच कर घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की. इस संबंध में थाना प्रभारी तंजील खान ने कहा कि पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है.

---

**समस्या गंभीर** | विद्यार्थियों की भरमार, राज्य भर के कॉलेज व प्लस टू स्कूलों में सीटों की दरकार, एडमिशन पर बड़ा सवाल

# झारखंड से फिर दूसरे राज्यों में होगा छात्र-छात्राओं का पलायन

**शुभम संदेश खास**

**रवि भारती। रांची**

झारखंड में इस साल जैक बोर्ड और सीबीएसई से लगभग 6,65, 083 विद्यार्थियों ने मैट्रिक और इंटर की परीक्षा पास की है. जैक बोर्ड द्वारा ली गई मैट्रिक की परीक्षा में इस साल 3,78,398 विद्यार्थी सफल रहे हैं. वहीं इंटर की परीक्षा में 2,06,685 विद्यार्थियों ने सफलता पाई. वहीं सीबीएसई और आइसीएसई बोर्ड से लगभग 80 हजार विद्यार्थी 10वीं और 12वीं की परीक्षा में सफल हुए हैं. लेकिन, इतने विद्यार्थियों के लिए राज्य के प्लस टू स्कूलों व कॉलेजों में सीट नहीं है.



- **मैट्रिक पास** छात्रों की संख्या 3.78 लाख, इंटर में 2,06,685 विद्यार्थी पास हुए
- **सीबीएसई व** आइसीएसई बोर्ड से 10वीं व 12वीं में 80 हजार छात्र हुए हैं सफल
- **इंजीनियरिंग** के लिए राज्य से हर साल छह हजार छात्रों का होता है पलायन

### हर साल छह हजार छात्रों का पलायन

झारखंड में बेहतर इंजीनियरिंग कॉलेजों के नहीं होने से यहां की प्रतिभाएं कर्नाटक, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और दूसरे राज्यों की ओर पलायन कर रही हैं. छह हजार से अधिक छात्र प्रत्येक वर्ष इन राज्यों में सिर्फ इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रमों में दाखिला ले रहे हैं. सबसे अधिक यानी दो से ढाई हजार बच्चे कर्नाटक के 180 कॉलेजों में दाखिला लेते हैं. एक हजार से अधिक बच्चे ओडिशा, 700 से 800 पश्चिम बंगाल, 500 से अधिक बच्चे पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र व यूपी में एडमिशन ले रहे हैं.

### बेहतर इंजीनियरिंग कॉलेज भी नहीं

झारखंड से प्रतिभाओं के पलायन का मुख्य कारण यहां बेहतर इंजीनियरिंग कॉलेज व आधारभूत संरचनाओं का नहीं होना है. झारखंड में चार सरकारी और 14 निजी इंजीनियरिंग कॉलेज हैं, जहां 7400 से अधिक सीटें है. इनमें बीआईटी सिंदरी को छोड़ अन्य कॉलेजों में सीटें खाली रह जाती हैं. कहने को राजकीय अभियंत्रण कॉलेज दुमका, चाईबासा और रामगढ़ में सरकारी कॉलेज हैं, जो पीपीपी मोड पर चल रहे हैं, पर यहां पर पेड सीट भी जैसे-तैसे भरे जाते हैं.

### इंटर कॉलेजों में जैक ने कम कर दी है सीटें

झारखंड के इंटर कॉलेजों में एडमिशन के लिए जैक ने सीटें कम कर दी हैं. स्थापना अनुमति प्राप्त कॉलेजों में प्रत्येक संकाय में 128, स्थायी प्रस्वीकृति प्राप्त इंटर कॉलेजों में हर संकाय में 384, डिग्री संबद्ध कॉलेजों के हर संकाय में 256, जबकि अंगीभूत कॉलेजों के प्रत्येक संकाय में कुल 384 सीटें तय की गयी हैं. साथ ही स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अगर किसी कॉलेज ने तय सीट से अधिक विद्यार्थियों का दाखिला लिया, तो जैक उनका पंजीयन नहीं करेगा.

### कॉलेजों में भी सीटों की कमी

झारखंड के सरकारी कॉलेजों में भी सीटों की कमी है. राज्य गठन के बाद से कई सरकारें आई और गईं, लेकिन इस मसले का समाधान नहीं हो पाया. अब तक इंटर कॉलेज विकल्प के तौर पर स्थापित नहीं हो पाये. दो पालियों में पढ़ाई शुरू नहीं हुई. पिछड़े क्षेत्रों में दो से तीन कॉलेज खोलने की घोषणा धरी की धरी रह गयी. हर जिले में महिला कॉलेज नहीं खुले.

### किसी भी विवि को नहीं मिला केंद्रीय विवि का दर्जा

राज्य में पहले से स्थापित पांचों विश्वविद्यालयों में से किसी को भी केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा नहीं मिल पाया है. राज्य गठन के बाद कितनी सरकारें आयीं और गयीं, लेकिन किसी ने भी उच्च शिक्षा को प्राथमिकता की सूची में नहीं रखा. हर बार घोषणा की गयी, प्रस्ताव तैयार किये गये, लेकिन सब ठंडे बस्ते में चले गये. शिक्षा के स्तर में गिरावट का यह भी प्रमुख कारण रहा.

**कॉलेज में सीटों की स्थिति**

| विश्वविद्यालय | कॉलेज | सीटें |
|---|---|---|
| सिद्धो-कान्हू | 12 | 21810 |
| विनोबा भावे | 18 | 33330 |
| रांची विवि | 15 | 29823 |
| नीलांबर-पीतांबर | 04 | 7475 |
| कोल्हान | 14 | 17765 |

कुल संबद्ध कॉलेज 18 हैं, इसमें 32100 सीटें है.

**इंटर में सीटों की स्थिति**

| | |
|---|---|
| आट्र्स | 67,840 |
| कॉमर्स | 54,784 |
| साइंस | 54784 |

**किस विवि में कितने शिक्षकों की है कमी**

| विश्वविद्यालय | रिक्त पद |
|---|---|
| रांची विवि | 268 |
| विनोबा भावे | 155 |
| सिद्धो-कान्हू | 190 |
| नीलांबर पीतांबर | 107 |
| कोल्हान | 364 |
| डॉ. एसपी मुखर्जी | 75 |

विश्वविद्यालयों में पांच लाख छात्रों के लिए हैं सिर्फ 2493 टीचर

## ब्रीफ खबरें

### ओवरब्रिज निर्माण कार्य में लगा मजदूर घायल

**गढ़वा ।** गढ़वा-मेराल मुख्य मार्ग पर मेराल स्टैंड के पास बनाए जा रहे ओवरब्रिज पर निर्माण कार्य करने के दौरान एक मजदूर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल मेराल थाना क्षेत्र का तेनार गांव निवासी सरजू प्रजापति का पुत्र उपेंद्र प्रजापति 42 वर्ष है. उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है. घटना के संबंध में बताया गया के उपेंद्र ओवरब्रिज निर्माण कार्य में पिलर नंबर 56 के ऊपर चढ़कर काम कर रहा था. इस दौरान पिलर से नीचे गिरकर घायल हो गया. घटना के बाद घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया.

### सड़क दुर्घटना में पति, पत्नी व बच्चा घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-विंधमगंज मार्ग पर मुडीसेमर के समीप बाइक दुर्घटना में बच्चा समेत तीन लोग घायल हो गए. घायलों में नगरऊंटारी थाना क्षेत्र के जमुआ गांव निवासी स्व. कुलदीप राम का पुत्र शिव कुमारराम, उसकी पत्नी बबीता देवी एवं उसका पुत्र अंकुश कुमार शामिल है. सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है. घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि शिव अपनी पत्नी तथा पुत्र को लेकर बाइक से ससुराल मुडीसेमर जा रहा था.

### ट्रैक्टर पलटने से चालक सह ऑनर की मौत

**कैरो/लोहरदगा ।** कैरो थाना क्षेत्र में मंगलवार को ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गई. मृतक की पहचान सढ़ाबे डुमरटोली निवासी हरिनागेन्द्र साहू के पुत्र अवध कुमार साहू के रूप में हुई. मिली जानकारी के अनुसार अवध खुद का ट्रैक्टर लेकर रांची जिला अंतर्गत चान्हो थाना क्षेत्र के कजंगी की ओर गया था. घटना के समय खाली गाड़ी लेकर घर वापस आने के क्रम में कैरो थाना क्षेत्र के महवरी गांव के पास ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गया.

### दिनदहाड़े घर के सामने से खड़ी बाइक की चोरी

**गढ़वा ।** शहर में इन दिनों बाइक चोरी की घटना बढ़ गई है. चोर दिनदहाड़े भीड़-भाड़ के बीच से बाइक चोरी कर भाग रहे हैं. शहर के रांकी मोहल्ला, बीपी प्लाजा के सामने वाली गली से चोरों ने कृष्ण प्रसाद कश्यप के पुत्र दीपक कुमार कश्यप के घर के सामने खड़ी बाइक चोरी कर ली. सामने दुकान खुला रहने एवं वहां भीड़ होने के बावजूद चोर बेखौफ होकर बाइक लेकर फरार हो गए. इस घटना की प्राथमिकी गढ़वा थाना में दर्ज कर दी गई है. पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गयी है.

### डीलर के खिलाफ लाभुकों में आक्रोश

**पाटन (पलामू) ।** पाटन प्रखंड के हिसरा बरवाडीह पंचायत के नान्ही झरिया के पीडीएस दुकानदार न्यू सहेली महिला विकास समिति के प्रति लाभुकों में आक्रोश है. लाभुकों ने डीलर पर दो माह का राशन, दाल, नमक व धोती-साड़ी वितरण नहीं करने का आरोप लगाया है. साथ ही पीडीएस दुकानदार के पति द्वारा अपशब्द बोलने का भी आरोप लगाया है. नाराज लाभुकों ने जन वितरण प्रणाली से राशन नहीं लेने का निर्णय लिया. लाभुकों ने पीडीएस दुकानदार को हटाने की मांग की है.

### महामंत्री सुदामा चंद्रवंशी के निधन पर शोक

**मेदिनीनगर ।** भाजपा लाठ्या मंडल के महामंत्री सुदामा चंद्रवंशी का निधन हो गया. उनके निधन पर छतरपुर पाटन विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार सुमित कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया है. विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि सुदामा चंद्रवंशी भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता थे. उनका निधन भाजपा परिवार और उनके लिए अपूरणीय क्षति है. पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि सुदामा चंद्रवंशी निजी तौर पर कई वर्षों हमारे परिवार से वर्षो से जुड़े हुए थे.

### गुमटी से 25 बोतल बियर बरामद

**पाटन (पलामू ) ।** पाटन थाना क्षेत्र स्थित किशनपुर बाजार में गौतम कश्यप की गुमटी से पाटन पुलिस ने 500 एमएल के केन बियर 25 पीस बरामद किया है. इस मामले में पुलिस ने दुकान संचालक गौतम कश्यप पिता विनोद कश्यप एवं विनोद कश्यप पिता-स्व. डोमन साव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.इस अवसर पर काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे.

---

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तकरीबन 200 सहयोगी संगठन इकट्ठा हुए थे

# बाल विवाह के खात्मे के लिए प्रयास कर रहे हैं: विक्रम

**संवाददाता । लोहरदगा**



बाल विवाह के मुद्दे को लेकर दिल्ली में एक कार्यशाला का आयोजन हुआ था. इसमें देश से 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए असाधारण एकता और दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन करते हुए 2024-25 के लिए बाल विवाह के खिलाफ रोडमैप तैयार करने के लिए 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के तकरीबन 200 सहयोगी संगठन इकट्ठा हुए थे. वहीं इसमें लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान ने भी भाग लिया था. संस्थान के प्रोग्राम मैनेजर विक्रम कुमार ने कहा कि कार्यशाला में मिले विचारों और उस पर अमल करने को लेकर उत्साहित लोहरदगा में काम कर रहे लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान आश्वस्त है कि वह जिले को और अंततः राज्य को 2030 तक बाल विवाह मुक्त बनाएगा.

विक्रम ने कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि बाल अधिकारों के लिए काम कर रहे हमारे जैसे तमाम संगठन बाल विवाह के खात्मे के साझा लक्ष्य के लिए साझा प्रयास कर रहे हैं. हम अपने जिले में पंचायतों, जिला परिषदों और पंचों-सरपंचों के साथ मिलकर काम करते रहेंगे. यहां पर जमीनी स्तर पर जन जागरुकता अभियानों और कानूनी हस्तक्षेपों के माध्यम से हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि लोगों में नैतिक जवाबदेही का भाव पैदा करने के अलावा उन्हें इस बाबत जागरूक किया जा सके कि बाल विवाह अपराध है. उन्हें इस गैरकानूनी काम के नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं.

**साझा प्रयास**

- झारखंड को 2030 तक बाल विवाह मुक्त बनाया जाएगा
- हम सरपंचों के साथ मिल कर काम करते रहेंगे

इस राष्ट्रीय कार्यशाला में चले मंथन के बाद 2024-25 के लिए अभियान के रोडमैप पर सहमति बनी थी. जिसमें तय किया गया था कि बच्चों के अधिकारों के संरक्षण में कानूनी दखल सबसे प्रभावी औजार है. इधर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के संयोजक रवि कांत ने कहा कि बाल विवाह जैसी समाज में गहरे जड़े जमाए बैठी सामाजिक बुराई के खात्मे के लिए इस तरह के बड़े पैमाने पर साझा रणनीतिक प्रयास अहम हैं. वहीं लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के प्रोग्राम मैनेजर विक्रम कुमार ने कहा कि हम पंचायत प्रमुखों और सरकारी अमले के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे. यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि हमारे जिले का एक-एक गांव बाल विवाह मुक्त हो. इस कार्यशाला में हमें यही शिक्षा मिली है. हम इस पर तत्काल कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध हैं. हम पहले से ही भुवन ऋभु की किताब व्हेन चिल्ड्रन हैव चिल्ड्रेन टिपिंग प्वाइंट टू इंड चाइल्ड मैरेज में सुझाई गई रणनीतियों पर अमल कर रहे हैं. इससे हमें खासी सफलताएं मिली हैं.

---

कल्पना ने संविधान की रक्षा के लिए यशस्विनी को वोट देने की अपील की

# नरेंद्र मोदी से डरने वाले नहीं हैं वीर माटी के वासी

**इंडिया गठबंधन**

- सीएम को जेल भेज आदिवासी विरोधी होने का प्रमाण दिया
- हम संविधान को पूरी तरह से लागू करेंगे, अधिकार देंगे

**दिलीप कुमार । चांडिल**



पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड की वीर माटी के निवासी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से डरने वाले नहीं हैं. मोदी ने झारखंड के आदिवासी बेटा हेमंत सोरेन को जेल भेज कर आदिवासी विरोधी होने का प्रमाण दिया. अंग्रेजों से जब पूरा देश डरता था, तब झारखंड के वीर सपूत बाबा तिलका मांझी, सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो आदि ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संग्राम किया था.

वे मंगलवार को चांडिल के गांगुडीह फुटबॉल मैदान में रांची लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रही थीं. उन्होंने कहा कि हम संविधान को पूरी तरह लागू कर लोगों को अधिकार देने की बात करते हैं और भाजपा वाले संविधान बदलने के लिए 400 पार का नारा लगा रहे हैं. देश के आदिवासी, पिछड़े, गरीबों के उत्थान के लिए आरक्षण का प्रावधान है, भाजपा उसे समाप्त करना चाहती है. कल्पना ने आगे कहा कि यह चुनाव देश की दिशा व दशा बदलेगी, इसलिए मतदाता जागरूक होकर अपने हक व अधिकार की रक्षा के लिए यशस्विनी सहाय को वोट दें.

### हक की बात करने पर हेमंत को जेल में डाल दिया

कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड की जनता के आशीर्वाद से 2019 में हेमंत सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री बने. राज्य को विकास के ऊंचाई पर ले गए. कोरोना काल में अन्य राज्यों में काम करने वाले मजदूरों को हवाई जहाज से लाकर उनके परिवार से मिलाया. हेमंत सरकार ने राज्य के माता–बहनों के लिए सर्वजन पेंशन योजना की उम्र सीमा 60 से घटाकर 50 वर्ष कर दी. आबुआ आवास के तहत तीन कमरे व रसोई घर दिये. विद्यार्थियों को विदेशों में पढ़ने के लिए मारांग गोमके स्कॉलरशिप, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस जैसे कई बड़ी–बड़ी योजनाएं शुरू की. केंद्र सरकार ने झारखंड के 11 लाख हरा राशन कार्ड को बंद कर दिया, हेमंत सोरेन 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड दिया. केंद्र सरकार ने झारखंड के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया है.



### देश को बेचने का काम कर रहे मोदी: सुबोधकांत

जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि नरेंद्र मोदी देश को बेचने का काम कर रहे हैं. देश की परंपरा को विखंडित किया जा रहा है. झारखंड की पूर्व की भाजपा सरकार ने चांडिल डैम का विकास करने नहीं दिया. अलग राज्य बनने के बाद भाजपा की सरकार बनी, लेकिन राज्य सरकार ने कभी झारखंड की प्राथमिकता तय नहीं की. मौके पर इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो हर महिला को तुरंत एक लाख रुपये दिये जाएंगे और नारी सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जाएंगी. जनसभा को विधायक सविता महतो, चारू चांद किस्कू समेत कई लोगों ने संबोधित किया. चुनावी जनसभा में गुरुचरण किस्कू, मानकी माधव सिंह मुंडा, दलगोविंद सिंह मुंडा, सुधीर किस्कू, राजू चौधरी, उपेंद्र गिरी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे.

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा नल-जल योजना



**कुड़ू/लोहरदगा।** कुड़ू प्रखंड क्षेत्र की जनता इस भीषण गर्मी में पेयजल को लेकर काफी परेशान है. जबकि नल-जल योजना जनहित में कारगर साबित होने की बजाय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है. प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सलगी में नल-जल योजना के कनेक्शन से लोगों के घरों तक पानी आपूर्ति होना है, परन्तु उक्त कनेक्शन को लोगों के घरों तक पहुंचाने में विभागीय कर्मी दिलचस्पी नहीं दिखा पा रहे हैं. आलम यह है कि पाइपलाइन के कनेक्शन को आम की टहनी पर लटका दिया गया है.

### डोभा में नहाने गए दो किशोरों की मौत

**पलामू ।** पलामू से सटे गढवा के मेराल थाना क्षेत्र के पिंडरा गांव स्थित डोभा में मंगलवार को नहाने गए दो किशोर गहरे पानी में डूब गए. शोर मचाने पर जब तक लोग मौके पर पहुंचे, तब तक डूबने से दोनों की मौत हो गई. एक साथ दो किशोरों की मौत से गांव में मातम पसर गया. जानकारी के अनुसार दोपहर में घर से थोड़ी दूर अशोक यादव के डोभा में अपने साथियों के साथ झामुमो नेता व मेराल के 20 सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष नुरुल होदा अंसारी का पोता और कौसर अंसारी का पुत्र आदिल अख्तर (10) एवं युसूफ अंसारी का पुत्र सैफ अली अंसारी (12) नहाने गया था. नहाते समय आदिल अचानक गहरे पानी में डूबने लगा. यह देखकर सैफ उसे बचाने गहरे पानी में चला गया और दोनों डूब गए. जब तक ग्रामीण मदद के लिए पहुंचे, तब तक दोनों पानी में डूब गए.

---

## 47,418 मतदाताओं ने किया वोटिंग




**बालूमाथ (लातेहार)।** लोकसभा चुनाव में बालूमाथ प्रखंड के 70647 में 47418 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग बीते 20 मई को संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में किया. इनमें 35953 पुरुष वोटरों में 23156 व 34694 महिला वोटरों में 24262 महिलाओं ने मतदान में हिस्सा लिया. बालूमाथ के 13 पंचायत के 85 मतदान केंद्रों में 67.12 मतदान का प्रतिशत रहा. सर्वाधिक मतदान प्रतिशत प्रखंड के बसिया पंचायत के बूथ संख्या 111 का रहा. यहां 757 में से 665 वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया.

इस मतदान केंद्र का मतदान प्रतिशत 87.85 रहा. सुबह सात बजे शुरू हुए मतदान शाम के पांच बजे तक निर्बाध रूप से सभी मतदान केंद्रों पर हुआ. कई मतदान केंद्रों पर वोटरों की लंबी कतार देखी गई. भीषण गर्मी व तेज धूप में भी मतदाताओं में उत्साह देखा गया.

शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी सोमा उरांव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम, पुलिस निरीक्षक परमानंद बिरुआ, अंचल अधिकारी तृप्ति विजया कुजूर, थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय सहित पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी एवं कर्मी की भूमिका सराहनीय रही.

## कुल 63.39 प्रतिशत हुआ मतदान




**बरवाडीह (लातेहार)।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में बरवाडीह प्रखंड में 85 मतदान केंद्रों पर उत्साह के साथ वृद्ध और नव मतदाता के साथ अन्य मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. सोमवार को कुछ मतदान केंद्र को छोड़ लगभग सभी मतदान केंद्र में सुबह सात बजे से मतदान का कार्य शुरू हो गया था. शाम पांच बजे तक पूरे प्रखंड में 69.39 प्रतिशत मतदान हुआ. विधायक निवासी रामचंद्र सिंह ने अपने गृह पंचायत मंगरा के मतदान केंद्र में सबसे पहले पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया. इस दौरान कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी ने भी मंगरा मतदान केंद्र पहुंच कर विधायक समेत अन्य मतदाताओं से मुलाकात की. जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने बाजार मध्य विद्यालय और पूर्वी जिला परिषद कन्हाई सिंह ने लेदगाई मध्य विद्यालय में अपने मताधिकार का प्रयोग कर वोट डाला. लोकसभा चुनाव के दौरान लात, हरातु, चुंगरू, मोरवाई पंचायत समेत अन्य सुदूरवर्ती इलाकों के मतदाताओं में सुबह से देर शाम तक उत्साह दिखा. सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा, एसडीपीओ वेंकेटेश कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर संजय गुप्ता, सब इंस्पेक्टर राधे श्याम समेत अन्य पुलिस अधिकारी सभी मतदान केंद्र में घूम-घूमकर सुरक्षा का जायजा लेते रहे.

---

## न्यूज अपडेट

### अज्ञात लोगों ने पेट्रोल छिड़क घर में लगा दी आग



**लातेहार ।** सदर थाना क्षेत्र के लोटो गांव में सोमवार की रात 12 बजे अज्ञात लोगों ने पेट्रोल छिड़क कर डीलर सुरेंद्र प्रजापति के भाई वीरेंद्र प्रजापति के घर में आग लगा दी. इस आगजनी में पांच लाख नगद समेत करीब 50 लाख की संपत्ति जलकर राख हो गयी. अपराधियों ने घर के बाहर खड़े ऑटो को भी जलाने का प्रयास किया. भुक्तभोगी वीरेंद्र प्रजापति ने बताया कि अचानक घर से आग की लपटें उठनी लगीं, तो शोर मचाया. हल्ला सुनकर आसपास के लोग दौड़कर वहां पहुंचे और आग को बुझाने का प्रयास किया. लेकिन आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था. इसके बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया.

### सड़क निर्माण कार्य का ग्रामीणों ने किया विरोध

**नावाबाजार/पलामू ।** नावाबाजार के रबदा में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत बन रहे सड़क सुदृढ़ीकरण योजना में अनियमितता बरती जा रही है. इसे लेकर ग्रामीणों ने विरोध भी जाता है. बावजूद संवेदक व ग्रामीण कार्य विभाग के पदाधिकारी इस अनियमितता से अनजान बने हुए हैं. रबदा पंचायत की मुखिया सुमन देवी ने बताया कि बार-बार के आग्रह के बावजूद रबदा से लेकर खमडीहा तक सड़क सुदृढ़ीकरण योजना से सम्बन्धित न तो बोर्ड लगाया गया है और न ही ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बावजूद ढोढ़राही महुआ के पास निर्माणाधीन पतहरिया, रबदा व खमडीहा ग्राम को जोड़नेवाले पुल निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल रखा गया है. बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में ग्रामीणों ने इस घटिया पूल व सड़क निर्माण कार्य का विरोध किया. गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण विकास से संबंधित सड़क निर्माण आदि कार्यों में खूलेआम कमीशनखोरी है और विभागीय मंत्री आलमगीर आलम जेल भी पहुंच गए.

### बकरीपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**लोहरदगा ।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान लोहरदगा द्वारा दस दिवसीय निःशुल्क बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया. तत्पश्चात पशुपालन पदाधिकारी डॉ अरूण कुमार ने सभी को प्रमाण पत्र दिया. उन्होंने बकरी पालन से सम्बंधित अनेकों जानकारियां दी. साथ ही मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के विषय में बताया. उन्होंने बकरी पालकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अगर व्यवस्थित रूप से बकरीपालन किया जाय तो इससे अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है.

### स्टेयरिंग मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**कैरो/लोहरदगा ।** कैरो प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को प्रधानमंत्री पोषण स्टेयरिंग मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक बीडीओ छंदा भट्टाचार्य की उपस्थिति में हुई. इसमें स्कूलों में मध्याह्न भोजन संचालन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा किया गया. कहा गया कि स्कूली बच्चों को नियमित रूप से मध्याह्न भोजन उपलब्ध होनी चाहिए. इस पर गुणवत्ता का भी ध्यान दिया जाना चाहिए. मेनू के आधर पर स्वच्छता के साथ बच्चों को सभी पौष्टिक आहार अवश्य उपलब्ध कराएं. बीडीओ ने कहा कि विद्यालय परिसर में फल-फूल, सब्जी सहित अन्य पौधे अवश्य लगनी चाहिए. परिसर में मुनगा, अमरूद, आम, पपीता आदि फल लगाएं, ताकि बच्चों को इसका लाभ मिल सके. जिस विद्यालय में उपयुक्त जगह हो वहां शाक-सब्जी के लिए पोषण वाटिका का निर्माण अवश्य करें, ताकि बच्चों को ताजा हरी सब्जी मिल सके. इस मौके पर बीईईओ अरविंदा कुमारी, चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश कुमार, विद्यालय के प्रभारी प्रध्यापक, रसोइया, संयोजिका उपस्थित थे.

### युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं राजीव गांधी : बिट्टू पाठक



**मेदिनीनगर ।** पलामू जिला कांग्रेस भवन में मंगलवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैस रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया. सर्वप्रथम स्वर्गीय गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण के बाद प्रार्थना सभा हुई. मौके पर जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि राजीव गांधी 21वीं सदी के भारत के निर्माता थे. उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किया जिसका लाभ देशवासियों को मिल रहा है. सूचना प्रौद्योगिकी दूरसंचार के क्षेत्र में क्रांति ले आए.

### शिवशक्तिधाम का मना 7वां स्थापना दिवस



**मेदिनीनगर ।** रेड़मा चौक स्थित कामनापूर्ति शिव शक्ति धाम मंदिर का सातवां स्थापना दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया. इस अवसर पर आयोजित पूजा पाठ मुख्य यजमान पंडित राजमुनी तिवारी के परिजनों द्वारा पूजा किया गया. कामनापूर्ति शिवशक्ति धाम समिति के अध्यक्ष ललन तिवारी व कामनापूर्ती शिवशक्ति धाम मंदिर समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया. समिति अध्यक्ष ललन तिवारी ने बताया कि सर्वप्रथम रुद्राभिषेक के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते हुए उनसे शहरवासियों एवं समस्त संसार के कल्याण की प्रार्थना की गई.

### संकट मोचन मंदिर के समीप भंडारा का आयोजन

**गढ़वा ।** सोशल वर्कर संस्था के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप भंडारा का आयोजन किया गया. भंडारा में 200 जरूरतमंदों के बीच प्रसाद स्वरूप पूड़ी, सब्जी व बुन्दिया का वितरण किया गया. इस दौरान अदिति कश्यप व आकाश कांस्यकार ने अपने जन्मदिन पर संस्था के साप्ताहिक भंडारा में सहयोग किया. मौके पर संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि शहर के लोग फ़ूड फॉर हंगर प्रोजेक्ट को अनवरत जारी रखने में सहयोग दे रहे हैं.

---

**हादसा** मामला जिले के चिनियां थाना क्षेत्र के गुरु सिंधु चौक का

# शौच करने गए व्यक्ति की सर्पदंश से मौत

**संवाददाता । गढ़वा**

जिले के चिनियां थाना क्षेत्र के गुरु सिंधु चौक निवासी शिवनाथ साव के पुत्र अनिरुद्ध प्रसाद साव की मौत मंगलवार को सांप काटने से हो गई. घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अनिरुद्ध सोमवार की रात्रि बाहर शौच करने के लिए निकला हुआ था. इसी दौरान सांप ने उसके पैर में काट लिया. घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया. परिजनों के द्वारा हायर सेंटर ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. इसके बाद परिजन उसे मेदिनीनगर अस्पताल ले गए. जहां चिकित्सकों ने मृत कर घोषित कर दिया. इसके बाद भी परिजन संतुष्टि नहीं मिलने के बाद उसे तुम्हेंगड़ा अस्पताल ले गए. वहां भी चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया. इसके बाद परिजन अंधविश्वास के चक्कर में उसे झाड़ फूंक करने के लिए ले गए. वहां भी उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं होने पर उसे पुनः गढ़वा सदर अस्पताल लाया. जहां उसे फिर से चिकित्सकों द्वारा जांच कराया गया. इस दौरान मृतक की पुत्री सदर अस्पताल पहुंचकर घंटों तक अपने पिता को अंधविश्वास के चक्कर में ओम बागेश्वराय नमः के जाप करती रही. उसे विश्वास था कि वह अपने पिता को बागेश्वर धाम के मंत्र से जीवित कर लेगी. इसे देखने के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में काफी संख्या में भीड़ जमा हो गई. इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई. पुलिस ने गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचकर शव को पोस्टमार्चम के लिए ले जाने का प्रयास किया, तो उसकी पुत्री आरती देवी ने मना करने लगी. उसका कहना था कि वह अपने घर ले जाकर हनुमान जी के धाम पर रखेगी तो उसके पिता जीवित हो जाएंगे. बाद में पुलिस सदर अस्पताल से शव को लेकर पोस्टमार्टम करायी.

### युवक का शव बरामद

**सिमडेगा/कोलेबिरा ।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र के कोंबाकेरा गांव में पेड़ से लटका युवक का शव मिला. मिली जानकारी के अनुसार युवक संजय सिंह उम्र 24 वर्ष, पिता अर्जुन सिंह गांव, मोरहाटोली कोम्बाकेरा थाना कोलेबिरा का रहने वाला था. परिजनों ने बताया कि उसकी मानसिक स्थिति बहुत खराब थी. वो कभी भी कहीं भी अचानक चला जाता था. वहीं सोमवार देर रात घर से गायब हो गया. उसके बाद लगभग 3:30 बजे युवक का शव करंज पेड़ में गमछा के सहारे लटका मिला. पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गयी है.

# आपसी रंजिश में उग्रवादियों ने ग्रामीणों को पीटा

**संवाददाता । पलामू**

नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के सलैया खुर्द गांव में सोमवार की देर रात टीपीसी उग्रवादियों ने आपसी रंजिश में ग्रामीणों की पिटाई की. इस मारपीट की घटना में पांच लोग जख्मी हुए. सभी का इलाज छतरपुर थाना पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करवाया. इसके बाद सभी गांव लौट गये. घटना के बाद छतरपुर थाना की पुलिस इलाके में सर्च अभियान चला रही है.

बताया जा रहा है कि सोमवार की रात टीपीसी का हथियार बंद दस्ता गांव में पहुंचा और ग्रामीणों की पीटने लगा. इस घटना में पांच ग्रामीण जख्मी हो गये. घटना को अंजाम देने के बाद टीपीसी के नक्सली वहां से फरार हो गये. आनन-फानन में सभी ग्रामीणों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया. जहां इलाज कराने के बाद सभी घर लौट आये. बताया जा रहा है कि इस घटना में सलैया का रहने वाला जितेंद्र सिंह नामक युवक शामिल था. जितेंद्र हाल में ही टीपीसी के दस्ते में शामिल हुआ है. जख्मी लोगों का जितेंद्र के साथ पुराना विवाद रहा है. ग्रामीणों के बयान के आधार पर टीएसपीसी नक्सलियों के खिलाफ नौडीहा बाजार थाना में केस दर्ज किया गया है. इसमें टीएसपीसी के नगीना, गौतम, जितेन्द्र सिंह एवं अन्य को अभियुक्त बनाया गया है. पलामू पुलिस ने इस संबंध में प्रेस बयान जारी कर कहा कि एक अखबार में प्रकाशित मतदान नहीं करने का फरमान नहीं मानने के कारण माओवादियों द्वारा सलैया गांव के ग्रामीणों के साथ मारपीट की बात गलत है. सलैया खुर्द के मतदान केंद्र 279 में 659 मतदाताओं ने मतदान किया, जो 68.2 प्रतिशत है. कहा कि इस क्षेत्र में माओवादियों का दस्ता भ्रमणशील नहीं है. न ही किसी भी नक्सल संगठन द्वारा उक्त क्षेत्र में मतदान का बहिष्कार करने के लिए ग्रामीणों को कहा गया था और न ही पोस्टरबाजी की गई थी. घटना के सत्यापन एवं प्रारम्भिक जांच में पाया गया है कि एक व्यक्ति एवं उसके परिवार के चार अन्य पुरुष सदस्य जिसमें सगे संबंधी एवं गोतिया शामिल हैं, के साथ पुरानी पारिवारिक रंजिश के कारण जितेन्द्र सिंह अन्य दस्ता सदस्यों ने अंजाम दिया है. पलामू पुलिस कांड का अनुसंधान कर पूर्ण तथ्यों को प्रकाश में लाएगी.

**खास बातें**

- मारपीट की घटना में गांव के पांच लोग जख्मी हो गये
- घटना के बाद पुलिस इलाके में सर्च अभियान चलाया

## ब्रीफ खबरें

### सड़क पार कर रहे वृद्ध को एंबुलेंस ने मारी टक्कर

**चांडिल ।** चांडिल-पुरुलिया राष्ट्रीय राजमार्ग 32 पर नीमडीह थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर के पास मंगलवार की सुबह हुई सड़क दुर्घटना में रघुनाथपुर निवासी 62 वर्षीय सोमनाथ हाजरा गंभीर रूप से घायल हो गया. दुर्घटना के बाद नीमडीह थाना की पुलिस धक्का मारने वाले बोलेरो एंबुलेंस का पता लगाने में जुट गई है. विदित हो कि नई सड़क बनने के बाद तेज रफ्तार वाहनों के कारण सड़क दुर्घटना बढ़ गई है. जानकारी के सोमनाथ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने अपने घर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 32 पार कर रहे थे. इस दौरान बोलेरो एंबुलेंस ने सोमनाथ को धक्का मारकर फरार हो गया.

### राशन दुकानदार पर अभद्रता का आरोप

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के साकची बाजार स्थित एक राशन दुकान की महिला कर्मियों ने दुकान संचालक सोहन सिंह पर अभद्रता करने और शारीरिक शोषण के प्रयास करने का आरोप लगाते हुए दुकान के बाहर जमकर हंगामा किया. इस दौरान सोहन सिंह ने महिला कर्मियों के साथ गाली-गलौज की और दुकान बंद कर मौके से फरार हो गए. महिला कर्मचारी दुकान के बाहर ही धूप में खड़ी रही और इंसाफ की मांग करने लगी. महिला कर्मियों ने साकची थाना पहुंचकर लिखित शिकायत भी की है.

### पीडब्ल्यूए सचिव ने उपस्वास्थ्य केंद्र का लिया जायजा

**चक्रधरपुर ।** पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन (पीडब्ल्यूए) के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई ने मंगलवार को उप स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया. सचिव ने कराइकेला स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र में जरूरत की दवाएं नहीं होने व अन्य समस्याओं के रहने को लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत के जाने पर जायजा लिया. जहां केंद्र में कई खामियां पाईं. ग्रामीणों ने बताया कि बंदगांव घाटी नीचे छह पंचायत कराईकेला, ओटार एवं लान्डुपदा पंचायत के पचास हजार की आबादी में इस अस्पताल में डॉक्टर नहीं हैं.

### घाटशिला में मतदाता जागरुकता अभियान संपन्न

**घाटशिला ।** लोकसभा चुनाव के द्वारा मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर पिछले ढ़ेढ़ माह से चल रहे स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का समापन मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में किया गया. इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओ सचिदानंद महतो मौजूद थे. कार्यक्रम के दौरान जेएसएलपीएस के महिलाओं द्वारा मतदाता को जागरुक करने को लेकर एक हांडी में मतदान को लेकर कई बातों को दर्शाया गया. इस दौरान 25 मई को होने वाले मतदान की जानकारी भी दी गई.

### गालूडीह में एनएच किनारे बेहोश पड़ी मिली महिला

**घाटशिला ।** गालूडीह थाना क्षेत्र के दारीसाई गांव के समीप एनएच किनारे मंगलवार को एक महिला बेहोश स्थिति में मिली. उसके शरीर में चोट के निशान पाये गये. घटना की सूचना पर गालूडीह थाना के एसआई अजय बागे घटनास्थल पर पहुंचे. उन्होंने महिला की वर्तमान स्थिति को देखकर एंबुलेंस से उसे घाटशिला अनुमंडल अस्पताल भेजा. जानकारी के अनुसार एनएच किनारे दारीसाई के पास एक बेहोश स्थिति में महिला पड़ी हुई थी. उसके कुछ दूर स्थित टायर दुकानदार ने घटना की सूचना आसपास के लोगों को दी.

---

इंडिया गठबंधन प्रत्याशी समीर मोहंती ने खैरबनी व भागाबांदी में लोगों से मतदान करने की अपील की

# मोदी ने जमशेदपुर को कुछ नहीं दिया : समीर मोहंती

**सनत कुमार पाणि । डुमरिया**



जमशेदपुर से इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी समीर मोहंती ने मंगलवार को डुमरिया प्रखंड का दौरा किया. समीर मोहंती ने खैरबनी, काश्मार, भागाबांदी, कुमड़ाशोल आदि गांवों में नुक्कड़ सभा कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की. उन्होंने कहा कि 19 मई को पीएम घाटशिला आये थे, लेकिन उन्होंने जमशेदपुर क्षेत्र के लिए कुछ नहीं कहा. इस क्षेत्र के माइंस और कारखाने बंद हैं, उनको चालू करने को लेकर कोई घोषणा नहीं की. जिससे इस क्षेत्र के लोगों को बहुत निराशा हुई. समीर मोहंती ने कहा पीएम के आने और माइंस खुलने को लेकर कुछ नही कहने से इनका वोटिंग नेगेटिव में चला गया है. सांसद विद्युत वरण महतो पर कटाक्ष करते हुए कहा जमशेदपुर जैसे क्षेत्र में एक एम्स जैसे अस्पताल खुलवाने के लिए कुछ नहीं कर सके. पीएम ने भी जमशेदपुर को 10 वर्षों के शासनकाल में कुछ नहीं दिया. उन्होंने लोगों से तीर धनुष में वोट करने की अपील करते हुए कहा कि पूर्वी सिंहभूम के सभी विधायक, सभी वर्गों के के लोग उन्हें समर्थन दे रहे हैं. आप सभी का समर्थन मिला तो गांव और जमशेदपुर क्षेत्र की समस्याओं को लोकसभा में उठाकर समाधान करायेंगे. इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन, शंकर चंद्र हेंब्रम, जयपाल सिंह मुर्मू, भगत बास्के, अर्जुन मुर्मू, सुरेश हेंब्रम, भगत हांसदा, काजमान सिंह सरदार, कांग्रेस के नित्यानंद साव समेत गठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित थे.

**नुक्कड़ सभा**

- माइंस बंद हैं, चालू करने को लेकर घोषणा नहीं की
- पूर्वी सिंहभूम के सभी लोग व विधायक उन्हें समर्थन दे रहे हैं

---

## न्यूज अपडेट

### तोयरा गांव में भालू के हमले से महिला जख्मी



**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर प्रखंड के सुरबुड़ा पंचायत के तोयरा गांव में मंगलवार को भालू के हमले से एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई. बताया जाता है कि तोयरा गांव निवासी 60 वर्षीय महिला यमुना सुंडी मंगलवार सुबह शौच के लिए तोयरा स्थित एक खेत में गई थी. इसी दौरान एक जंगली भालू ने यमुना सुंडी पर हमला कर दिया. भालू ने महिला के शरीर हाथ व अन्य हिस्सों को नोचकर घायल कर दिया. इस बीच किसी तरह महिला जान बचाकर भागी. घटना के बाद सुरबुड़ा पंचायत के मुखिया जंगल सिंह गागराई ने महिला यमुना सुंडी को एंबुलेंस की व्यवस्था कर चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल भिजवाया, जहां महिला इलाजरत है.

### राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**आदित्यपुर ।** कुलुपटांगा स्थित कांग्रेस कार्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के शहादत को आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाया गया. मौके पर उनके तस्वीर पर फूल माला डालकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके कृतित्व को याद किया गया. बता दें कि आज ही दिन तमिलनाडु के पैरेंमबुदूर में श्रीलंकाई आतंकवाद संगठन ने आत्मघाती हमले में उन्हें मौत के घाट उतार दिया था. इस मौके पर कांग्रेस नेता राजमंगल ठाकुर, दिवाकर झा, खिरोद सरदार, सुनील सिंह, विनोद प्रधान, प्रदीप मुखी, सपन प्रधान, संगीता प्रधान, मिसर बंसरियार, झरना मन्ना, बैजयंती बारी, अर्जुन प्रधान, अजित प्रधान आदि शामिल रहे.

### पूर्व पीएम राजीव गांधी की मनाई गई पुण्यतिथि



**घाटशिला ।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्य तिथि मंगलवार को बहरागोड़ा विधानसभा प्रभारी तापस चटर्जी के नेतृत्व में घाटशिला रेलवे स्टेशन के समीप मनाई गई. उनके समर्थकों ने बारी-बारी से स्व. राजीव गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 33 वर्ष पहले राजीव गांधी शहीद हुए थे. उनका राजनीतिक जीवन बहुत छोटा लेकिन बेहद प्रभावशाली था. उन्होंने अपने पीछे अनगिनत विरासतें छोड़ीं जिसे अब हम हल्के में लेते हैं. जैसे 18 वर्ष के युवाओं को वोट देने का अधिकार, कंप्यूटर और टेलीकॉम युग में एक प्रमुख शक्ति के रूप में प्रवेश व भारत के परमाणु कार्यक्रमों को मजबूत बनाने जैसे कदम शामिल हैं.

### अरका जैन में तूफान से 38 सोलर पैनल क्षतिग्रस्त



**जमशेदपुर ।** पिछले दिनों मौसम की बेरुखी ने गम्हरिया स्थित अरका जैन यूनिवर्सिटी (एजेयू) में तबाही मचा दी थी. तेज आंधी-तूफान के कारण यूनिवर्सिटी में लगा सोलर पैनल प्लांट क्षतिग्रस्त हो गया था. इसका संबंधित विभाग की ओर से सर्वे किया गया. यूनिवर्सिटी की ओर से बताया गया है कि पिछले 11 मई को आये आंधी-तूफान से काफी नुकसान हुआ था. विश्वविद्यालय परिसर स्थित बोधायन भवन में स्थापित सोलर पैनल प्लांट नींव व संरचना सहित उखड़ कर दूर जा गिरा था. घटना के वक्त हवा की रफ्तार करीब 50-60 किलोमीटर प्रति घंटा रही होगी.

### कुड़मालि भाषा परिषद के अध्यक्ष बने बलराज

**चक्रधरपुर ।** झारखंड कुड़मालि भाषा विकास परिषद् की बैठक शहीद निर्मल महतो कुड़मि भवन राखा आसनतलिया में हुई. इसकी अध्यक्षता बलराज कुमार हिंदवार ने की. बैठक में सर्वसहमति से पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी गठित की गयी. इस नई कमेटी में संरक्षक श्याम सुंदर महतो एवं गणेश्वर महतो, अध्यक्ष बलराज कुमार हिंदवार, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो, सचिव ओम प्रकाश महतो, सह सचिव यशवंत महतो एवं चंद्रशेखर महतो, कोषाध्यक्ष नीलकमल महतो व उप कोषाध्यक्ष खेमराज महतो को बनाया गया. वहीं कार्यकारिणी सदस्य में शंकर लाल महतो, खगेश्वर महतो, दिनेश महतो, हरिचरण महतो व नृपेन्द्र महतो को शामिल किया गया.

---

ग्रामीण सड़क का इस्तेमाल करते हैं तस्कर

# सारंडा के रास्ते हो रही अब गांजे की तस्करी

**गांजा माफिया**

- गांजा को झारखंड, बंगाल व बिहार में पहुंचाया जाता है
- गांजा तस्करी के लिए अच्छी कारों का इस्तेमाल होता है

**शैलेश सिंह । किरीबुरु**



मध्यप्रदेश व ओडिशा के गांजा माफिया झारखंड के जराईकेला थाना क्षेत्र होते सारंडा के रास्ते छोटे वाहनों से गांजा की तस्करी निरंतर कर रहे हैं. विश्वस्त सूत्रों के अनुसार ये गांजा तस्कर ओडिशा के बिसरा थाना क्षेत्र से झारखंड के जराईकेला थाना क्षेत्र की सीमा में छोटे वाहन कार आदि में गांजा भरकर प्रवेश करते हैं. उसके बाद वह जराईकेला से मुख्य सड़क या अन्य ग्रामीण सड़क का इस्तेमाल कर मनोहरपुर आते हैं. यहां से वह अपनी सुविधा के अनुसार तीन रास्ते जिसमें मनोहरपुर से सलाई होते हुए छोटानागरा अथवा गुवा थाना क्षेत्र के रास्ते, मनोहरपुर से गोईलकेरा के रास्ते या फिर मनोहरपुर से आनंदपुर के रास्ते वाहनों से गांजा को झारखंड, बंगाल, बिहार आदि राज्यों में पहुंचा रहे हैं.

गांजा तस्करी के लिए अच्छी कारों का भी वे अधिकतर प्रयोग कर रहे हैं. 25 जुलाई 2022 को छोटानागरा थाना पुलिस ने भी जामकुंडिया गांव के समीप मारुति स्विफ्ट डिजायर कार से लगभग 108 किलो गांजा बरामद किया गया था. हालांकि मौका पाकर कार में सवार दो लोग कार छोड़ सारंडा के घने जंगलों की ओर भागने में सफल रहे थे. कार से गांजा ले जा रहे तस्कर ने साइकिल सवार एक ग्रामीण को जामकुंडिया गांव के समीप धक्का मार दिया था. घटना की खबर पाकर छोटानागरा पुलिस घायल ग्रामीण को मदद के लिए पहुंची थी, तभी कार सवार दोनों माफिया पुलिस को देख घने जंगल में भाग गये थे. जब पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसकी डिक्की में एक-एक किलो का सीलबंद 108 पैकेट गांजा मिला था. इस घटना से कुछ दिन पूर्व ही गोईलकेरा थाना पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा पकड़ा था. कुछ दिन तक सब कुछ सामान्य रहने के बाद अब पुनः इस मार्ग से गांजा की तस्करी प्रारम्भ हो गई है. यह तस्करों के लिये सुरक्षित मार्ग बताया जा रहा है. हालांकि इस मार्ग पर जराईकेला, मनोहरपुर, छोटानागरा, गुवा, किरीबुरु, बडाज़ामदा, गोईलकेरा, सोनुवा आदि थाना है. लेकिन सारंडा से गुजरने वाली वाहनों की नियमित जांच नहीं होती है. इसका फायदा गांजा तस्कर निरंतर उठा रहे हैं. अगर वाहनों की जांच प्रतिदिन प्रारम्भ हो जाये तो यह गतिविधियां इस रास्ते बंद हो जायेगी.

---

# पहली बार थोलकोबाद पहुंची मनोहरपुर प्रशासनिक टीम

**संवाददाता । किरीबुरु**




लगातार न्यूज की खबर का जबर्दस्त असर हुआ. मनोहरपुर प्रखंड प्रशासन ने सारंडा के थोलकोबाद गांव जाकर वहां के ग्रामीणों की पेयजल से संबंधित समस्या को देखा एवं गांव में पेयजल की समस्या का समाधान के लिए दो जलमीनार लगाने का आश्वासन दिया. इसकी जानकारी थोलकोबाद निवासी गुमिदा होनहागा एवं बिमल होनहागा ने दी. कहा कि लगातार न्यूज ने हम ग्रामीणों की पेयजल से संबंधित समस्या को प्रमुखता से उठाया. जिसके बाद पहली बार कोई अधिकारी हमारी सुधी लेने आया. उन्होंने कहा कि आज गांव आये अधिकारियों ने दो स्थान पर जलमीनार लगाने का आश्वासन दिया है. जबकि गांव में कम से कम पांच स्थानों पर जलमीनार लगाने की जरूरत है. अन्यथा गांव में पानी को लेकर आपस में झगड़ा होगा. उल्लेखनीय है कि लगातार न्यूज ने 20 मई को ही थोलकोबाद के लोगों द्वारा नाला का पानी पीने का खबर प्रकाशित किया था. सारंडा का ऐतिहासिक थोलकोबाद गांव ब्रिटिश सरकार के समय से चर्चित व आकर्षण का केंद्र रहा है. लेकिन आज इस गांव के ग्रामीण शुद्ध पेयजल समेत तमाम बुनियादी सुविधाओं के लिये तरस रहे हैं. इस गांव के ग्रामीणों को जनप्रतिनिधि, शासन-प्रशासन पांच वर्षों में सिर्फ एक बार लोकसभा, विधानसभा एवं पंचायत चुनाव के दौरान सिर्फ वोट डालने के लिए पूछता है. उसके बाद इनकी सुध लेने कोई भी नहीं जाता है, जैसी समस्या का जिक्र किया था.

### महिला कॉलेज के वज्रगृह का डीसी ने किया निरीक्षण

**चाईबासा ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी के द्वारा उपविकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा की उपस्थिति में महिला कॉलेज चाईबासा वज्रगृह का निरीक्षण किया गया. उपायुक्त के द्वारा वज्रगृह एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण के क्रम में संलग्न पदाधिकारी को सभी मूलभूत कार्यों यथा स्थल मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, बैरिकेडिंग, सीटिंग अरेंजमेंट, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, समेत अन्य बिंदुओं को लेकर दिशा-निर्देश दिया गया. इस दौरान उन्होंने पार्किंग की भी व्यवस्था को सुनियोजित रूप से करने का निर्देश दिया. जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना के पूर्व आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा पेयजल, शौचालय जैसे मूलभूत सुविधाएं व मतगणना से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किये जानेवाले कार्यों को ससमय पूर्ण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया. तत्पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा सुरक्षा के तदर्थ पूरे परिसर में लगे सीसीटीवी के गतिविधियों को कंट्रोल रूम में जाकर देखा गया एवं 24 घंटे निगरानी करने का निर्देश दिया गया.

---

# सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन शिविर 14 जून को सेल अस्पताल गुवा में

**संवाददाता । किरीबुरु**



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड एवं विमेन डॉक्टर्स विन्स आईएमए झारखण्ड के द्वारा सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन शिविर का आयोजन 14 जून को सेल अस्पताल गुवा में आयोजित किया जायेगा.

इस शिविर का लाभ अधिक से अधिक उठाने की अपील संबंधित मरीजों से की जा रही है. सर्वाइकल कैंसर हयूमन पेपिलोम वायरस (एचपीवी) द्वारा संक्रमण से होता है. इसके खतरे का मुख्य कारण, 18 वर्ष के कम आयु के पूर्व संभोग करना, एक से अधिक लोगों के साथ यौन संबंध, यौन रोगों का व्यक्तिगत इतिहास, कई गर्भधारण, बिना डॉक्टर की सलाह के गर्भनिरोधक गोलियों को लम्बे समय तक प्रयोग, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, धूम्रान/तम्बाकू का सेवन हो सकता है. चिन्ह तथा लक्षण में संभोग के दौरान रक्तस्त्राव होना, दो माहवारियों के बीच में अचानक रक्तस्राव होना, महिलाओं में रजोनिवृत्ति में रक्तस्त्राव होना, योनि से बदबूदार स्त्राव. इससे बचाव के लिए यदि आप ऊपर दिये गये किसी भी लक्षण को अनुभव करें तो शीघ्र ही डॉक्टर से सलाह लें. सभी विवाहित अथवा यौन सक्रिय महिलाओं तथा प्रौढ़ महिलाओं को नियमित रूप से (विजुअल इंस्पैक्शन विद एसटिक एसिड) या पैप स्नियर टैस्ट के द्वारा जांच करानी चाहिए. सही जननांग स्वच्छता बनाएं रखें. किशोरावस्था एवं प्रारम्भिक अवस्था में यौन संबंध रखने से बचें, एक से अधिक लोगों के साथ यौन संबंध न रखें, यौन प्रसारित बीमारियों से स्वयं को बचाएं व तंबाकू का प्रयोग न करें.

### लोकसभा चुनाव में झारखंडी को जिताएं मतदाता : ललित महतो

**चांडिल ।** आजसू के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष ललित महतो ने कहा कि लोक सभा चुनाव में स्थानीय (खतियांधारी/झारखंडी) प्रत्याशी के पक्ष में ही मतदान करें, चाहे प्रत्याशी किसी भी दल या किसी भी गठबंधन का हो. उन्होंने मतदाताओं से जाति-धर्म और पार्टी से ऊपर माटी की रक्षा के लिए एकजुट रहते हुए धरती पुत्र-पुत्री के पक्ष में ही मतदान करने का अपील किया. वे मंगलवार को चांडिल डैम में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे. मतदाता किसी को जिताएं, लेकिन ध्यान रखें कि जीतने वाला झारखंड के बाहर का नहीं बल्कि राज्य का खतियानधारी निवासी हो. दूसरे प्रदेशों के लोगों से राज्य का विकास करने की कल्पना नहीं की जा सकती है. अस्मिता बचाए रखने के लिए अब सुनहरा मौका मिला है. इसका लाभ उठाना चाहिए. इसके पूर्व झारखंड नव निर्माण समिति के चांडिल अनुमंडल संयोजक अवधेश मुर्मू की अध्यक्षता में बैठक हुई.

# रेलवे की लचर व्यवस्था: ट्रेन के विलंब के खुलने से यात्री परेशान

**संवाददाता । किरीबुरु**




रेलवे की लचर व्यवस्था एवं ट्रेनों के निर्धारित स्टेशन से 13 घंटा से अधिक विलंब से खुलने व घंटों विलंब से चलने से यात्री काफी परेशान व आक्रोशित थे. रेलवे की इस व्यवस्था से कई सवाल खड़े होने लगे. रेलवे से अब यात्रियों का भरोसा उठने लगा है. कई यात्रि निर्धारित समय पर अपने गणतव्य तक नहीं पहुंच पा रहे हैं. जिससे उन्हें अनेक प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. पुरी से आनंद विहार टर्मिनल तक जाने वाली समर स्पेशल ट्रेन संख्या- 08481 को पुरी स्टेशन से खुलने का निर्धारित समय 20 मई की रात 11.45 बजे था.

लेकिन इस ट्रेन के खुलने का री-शिड्यूल समय 21 मई की दोपहर 12.30 बजे किया गया था. इसके बाद आज दोपहर नया अपडेट जारी कर 22 मई की मध्य रात्रि/सुबह 1.23 बजे किया गया. अर्थात ताजा अपडेट अनुसार लगभग 26 घंटे विलंब से इस ट्रेन खुलने का समय निर्धारित किया गया है. लेकिन इसकी भी कोई गारंटी नहीं है कि यह ट्रेन 26 घंटे बाद भी खुलेगी या नहीं. रेलवे के इस हरकत से तमाम यात्रियों में भारत सरकार व रेल मंत्रालय के खिलाफ गहरा आक्रोश व्याप्त है. इस ट्रेन में अपनी सीट आरक्षित कराये सैकड़ों यात्री परेशान हैं. कुछ यात्री तो सुदूरवर्ती क्षेत्रों से ट्रेन पकड़ने स्टेशन पर पहले पहुंच गये हैं. जैसे कि इस ट्रेन का डांगोवापोसी स्टेशन से खुलने का समय आज सुबह 7.05 मिनट था लेकिन समय परिवर्तित होने के बाद इसके खुलने का समय वर्तमान में रात्रि 7.55 बजे दिखा रहा है. इस गर्मी में यात्री कैसे बिना सुविधा वाले स्टेशन इंतजार करेंगे.

---

**वेबिनार** जैमिनी कल्याणी महतो कालेज ऑफ मैनेजमेंट में वेबिनार का आयोजन

# बेटियों को आज भी पराया धन माना जाता है: बबीता

**संवाददता । घाटशिला**



जैमिनी कल्याणी महतो कालेज ऑफ मैनेजमेंट, साइंस एंड कॉमर्स में विवाह एवं आयु विषय पर वेबिनार मंगलवार को आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम का परिचय वुमेन सेल की कॉ-आर्डिनेटर सुषमा अर्चना टोपनो ने दिया. उन्होंने कहा जेकेएम कॉलेज के विद्यार्थियों ने झारखंड राज्य के विशेष संदर्भ में एक बहुत ही संवेदनशील विषय 'विवाह और आयु' पर एक सार्थक वेबिनार का आयोजन किया.

वेबिनार का आयोजन सटरडे क्लब द्वारा किया गया जो वर्तमान छात्र छात्राओं और पूर्व छात्र समूहों का एक शैक्षणिक संघ है. चूंकि झारखंड राज्य भारत का एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां लड़कियों की शादी कम उम्र में ही हो जाती है जो स्वयं आदिवासी समाज की भलाई पर गंभीर सवाल खड़ा करता है. प्राचार्य डॉ आर श्रीकांत नायर की मुख्य भूमिका रही है. इस वेबिनार में विद्यार्थी ने अपने अपने विषय पर प्रस्तुतिकरण दिए. विवाह एवं आयु के मुख्य समस्याओं पर छात्रा अध्यापिका बबीता महतो ने सभी के सामने प्रस्तुत किया. उन्होंने बताया कि बेटियों को आज भी पराया धन माना जाता है तथा विवाह में महिलाओं को कई तरह के पारिवारिक दबाव का सामना करना पड़ता है. जेकेएम कॉलेज की छात्रा अध्यापिका जया पातर तथा जेके बीएड कॉलेज की छात्रा अध्यापिका अनु कुमारी ने पारंपरिक दृष्टिकोण के विषय में अपने विचारों को साझा किया.

जेकेएम की छात्रा अध्यापिका सुष्मिता महतो, प्रियंका दास, रिमी सिंह, मनसा गोप, अतिया परवीन, सुमन मंडल सोनाली भकत, विनीता भकत ने कहा कि महिलाओं के कम उम्र मे विवाह के कारण उन्हें गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि वे उस वक्त शारीरिक एवं मानसिक रूप से परिपक्व नहीं हो पाती हैं. कार्यक्रम का मंच संचालन छात्राध्यापिका मनीषा महतो तथा ज्योति महतो तथा रंजना शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया. कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्षा डॉ मौसमी महतो, आयोजक समिति गीताश्री कालिंदी, दुली रानी मूर्मू, तकनीकी कर्मी बिनीता टुडू, सयन सेन, सुशांति कुमारी, विवेक रंजन कोईला तथा जेकेएम कॉलेज और जेके बीएड कॉलेज के सभी विद्यार्थीगण सराहनीय भागीदारी रही है.

# बाल मजदूरी रोकथाम के लिए महिला समूह की बैठक



**मझगांव ।** मझगांव प्रखंड के घोड़ाबंधा पंचायत अंतर्गत ग्राम हेसेलबेरेल प्राथमिक विद्यालय परिसर में मंगलवार को रायमुनी हेम्ब्रम की अध्यक्षता में बाल मजदूरी, बाल विवाह रोकथाम के लिए आठ महिला समूह की महिलाओं ने बैठक की. महिला समूह की महिलाओं ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के सभी गांव में बाल विवाह और बाल मजदूरी की रोकथाम के लिए मुहिम शुरू की जाएगी. अपने क्षेत्र के एक भी बच्चों को बाल मजदूरी में सम्मिलित नहीं रहने देंगे. अगर कोई जबरन बाल श्रम करवाता है तो हम सभी महिला समूह की सदस्य उन्हें कार्रवाई के लिए बाध्य करेंगे. बाल मजदूरी से ही क्षेत्र में बाल विवाह को बढ़ावा मिल रहा है. बाल विवाह से जच्चा-बच्चा की मृत्यु दर में बढ़ोतरी हो रही है. साथ ही गांव में समाज विरोधी गतिविधि भी बढ़ जाती है. क्षेत्र के बच्चों को पलायन करवाने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी. शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालय में नामांकन करवाना आवश्यक है. मौके पर एस्पायर सीएफ एम चिश्ती, जमादार हेम्ब्रम, सुनीता चातर, बामाई हेम्ब्रम, गांगी हेम्ब्रम, रायमुनी नाग आदि महिलाएं उपस्थित थीं.

**Before,**
**The Notary Public, Ranchi.**
**AFFIDAVIT**
I, **Md. Reyaz Alam** S/o Abdullah Ansari, resident of House No. 3B, Sabri Enclave, Rahmat Colony, Near Jain Mandir P.S. Doranda, Dist. Ranchi-834002, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare that:
1. That I am Indian Citizen and resident of above said address.
2. That in Aadhar Card my name is mentioned as **Md. Reyaz Alam** and in my Passport my name has been written as Mohammad Reyaz Alam.
3. That both the names **Md. Reyaz Alam** and **Mohammad Reyaz Alam** is the name of same and one person i.e. myself.
4. That this affidavit is sworned for the purpose of correction of my name in my Passport.
5. That the contents of this affidavit is true and correct to my knowledge and belief.
**Affidavit no : 72 date : 20.05.24**

▼ ब्रीफ खबरें

### उचक्के ने महिला से लूटे 49 हजार रुपये

**हजारीबाग।** इचाक थाना के दर्जी मोहल्ला के पास से अज्ञात उचक्के महिला से 49 हजार से भरा थैला लूट कर फरार हो गए. पीड़ित महिला की पहचान छोटकी जलोंध निवासी जरिया देवी, पति कैलाश के रूप में हुई है. इस संबंध में महिला ने इचाक थाने में आवेदन देकर कहा है कि वह मंगलवार को इचाक ग्रामीण बैंक से पैसे निकाल कर वापस घर जा रही थी. इसी बीच दर्जी मोहल्ला में पीछे से एक मोटरसाइकिल पर दो लोग सवार होकर पास पहुंचे और पीछे से पैसे का थैला लूटकर भाग गए.

### वैन के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत

**बड़कागांव।** बड़कागांव टंडवा मुख्य पथ पर मंगलवार को 11:30 बजे बड़कागांव से केरेडारी की ओर जा रहा पिकअप वैन ने महटिकरा गांव में केरेडारी प्रखंड के कोदवे गांव से आ रही बाइक को जोरदार धक्का मार दिया. इसके कारण मोटरसाइकिल में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. इनमें कोदवे ग्राम निवासी 19 वर्षीय अजय कुमार उर्फ रोंधी (पिता हुलास महतो) की मौत घटना स्थल पर ही हो गई. वहीं रोड किनारे खड़े दो लोगों को भी चोटें आई हैं. इन्हें इलाज के लिए बड़कागांव अस्पताल लाया गया.

### पत्नी के आवेदन पर आजसू नेता गया जेल

**बड़कागांव।** आजसू अनुसूचित जाति के प्रखंड अध्यक्ष नयाटांड़ निवासी तुलेश्वर राम को बड़कागांव पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. तुलेश्वर राम पर पत्नी रुक्मणी ने धारा 341, 323, 325, 379, 504, 506,34 भादवी एवं 3/4 डायन प्रथा अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया था. आवेदन में पत्नी ने आरोप लगाया है कि गांव की ही एक विधवा महिला के साथ पति का अवैध संबंध है. दोनों मिलकर हमेशा उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करते हैं. साथ ही डायन कहकर प्रताड़ित करते हैं. पत्नी के आवेदन पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आजसू नेता को गिरफ्तार कर जेल भेजा.

### चरही में शिव-पार्वती मंडा पूजा मनाई जा रही

**चरही।** चरही में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सात दिवसीय आस्था का महापर्व शिव-पार्वती मंडा पूजा मनाया जा रहा है. शिव भक्तों ने लगातार नौ दिनों तक लगातार लोटन सेवा करते आ रहे हैं. शिव भक्त नौ दिनों तक फल का सेवन करते हैं. पूर्णिमा के दिन निर्जला उपवास रख शिव-पार्वती की पूजा करते हैं. इसकी शुरुआत पटभंगी पूजा से की जाती है. शिव मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान शिव पर अर्पित भभूत को पूरे गांव में वितरण किया जाता है. इस अवसर पर पूजा कमिटी द्वारा मेला और छऊ नृत्य का भी आयोजन किया गया है. अहले सुबह भक्त दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलते हैं.

### देश स्तर की कार्यशाला में अग्रगति ने लिया भाग

**रामगढ़।** बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के करीब दो सौ से भी अधिक सहयोगी संगठन देश की राजधानी नई दिल्ली में जमा हुए. इसमें रामगढ़ की सक्रिय सामाजिक संस्था अग्रगति ने भाग लिया. उन्होंने अपने जिले में बाल विवाह की स्थिति को साझा किया. उक्त बातें अग्रगति के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने प्रेस विज्ञप्ति जारी मंगलवार को कहीं. उन्होंने आगे कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि बाल अधिकारों के लिए काम कर रहे हमारे जैसे तमाम संगठन बाल विवाह के खात्मे के साझा लक्ष्य के लिए साझा प्रयास कर रहे हैं.

## भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों के बीच सीधी लड़ाई को जेबीकेएसएस से संजय मेहता ने बनाया दिलचस्प मुकाबला

# 4 जून का इंतजार, प्रत्याशियों की धड़कनें तेज

**संवाददाता। हजारीबाग**


मनीष जायसवाल


जयप्रकाश भाई पटेल


संजय मेहता

हजारीबाग लोकसभा सीट पर मतदान संपन्न होने के साथ ही प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हो गई हैं. कोई जीत का दावा कर रहा है तो कोई बूथस्तरीय समीक्षा में जुटा हुआ है. बताते चलें कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 19 मई तक दो प्रत्याशी के बीच टक्कर थी और सभी आकलन कर रहे थे कि भाजपा और गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला है, लेकिन 20 मई को अचानक वोटरों का मूड बदल गया और तीसरा प्रत्याशी भी मुकाबले में आ गया. मतदाताओं के बीच भाजपा के मनीष जायसवाल, कांग्रेस के जयप्रकाश भाई पटेल के साथ जेबीकेएसएस से संजय मेहता के नाम की चर्चा होने लगी.

शहरी क्षेत्र की बात करें तो यहां जायसवाल कई बूथों पर दिनभर लीड करते रहे तो कई जगहों पर पटेल का भी खूब बोलबाला रहा. वहीं सदर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा, गठबंधन, और संजय मेहता के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिला. वहीं बड़कागांव के बूथों पर संजय मेहता को लोग खूब पसंद कर रहे थे. वहीं जाति समीकरण का कोई असर वोटरों में नहीं दिखा. चुनाव के पहले जाति समीकरण की बात हो रही थी लेकिन जब चुनाव का दिन आया तो जात-पात भूल कर लोगों ने वोट डाला. हालांकि ईवीएम में क्रमांक संख्या के आधार पर गठबंधन प्रत्याशी को कुछ फायदा हुआ है. वहीं ग्रामीण इलाके में संजय मेहता ने भी अपना प्रभाव छोड़ा. उन्हें जयराम महतो के नाम पर लोगों ने खूब वोट दिया.

**खास बातें**
- 20 मई को बदला वोटरों का मूड, संजय आए चर्चा में
- शहरी क्षेत्र में कांग्रेस-भाजपा में मुकाबला देखने को मिला

बड़कागांव के कई बूथों पर संजय मेहता दिन भर सुर्खियों में रहे, जबकि विष्णुगढ़ में भी संजय मेहता को लोगों ने वोट दिया. संजय मेहता और राजकुमार मेहता को मिले वोटों असर गठबंधन की संभावना पर पड़ सकता है. हालांकि कुछ जगह भाजपा के वोट भी संजय मेहता को पड़े हैं. अब सभी को 4 जून का इंतजार है, जब पता चलेगा कि मतदाताओं ने किसको अपना जनप्रतिनिधि चुना है. बहरहाल जीत किसी की भी हो मार्जिन ज्यादा नहीं होगा. हार-जीत का अंतर 50 और 55 हजार वोट के बीच रह सकता है.

## भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने 79 दिन बाद परिवार संग बिताए फुर्सत के पल

**संवाददाता। हजारीबाग**



हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चुनाव समाप्त होने के साथ ही मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल 79 दिन के अति व्यस्ततम चुनावी कैंपेन और भागदौड़ भरी दिनचर्या के बाद पूरी तरह आराम मूड में दिखे. पूर्व की दिनों की भांति ही वे अहले सुबह सोकर उठे और नित्यकर्म करने के पश्चात् अपने चहेते नाई कुसुम्भा निवासी महेश ठाकुर से अपने ही विशेश्वर दयाल पथ स्थित आवास में हजामत बनवायी. तत्पश्चात स्नान-ध्यान करने के उपरांत पूजा की.

इसके बाद परिवारजनों के साथ चाय की चुस्की के साथ अखबारों की सुर्ख़ियों पर नजर डाली. बहुत दिनों बाद अपने माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों ने एक साथ मिलकर नाश्ता किया और पारिवारिक सुख- दुःख की बातें कीं. इसी बीच, भाजपा कार्यकर्ता और उनके समर्थक बड़ी संख्या में उनके आवास पर उनसे मिलकर चुनाव की स्थिति से उन्हें अवगत कराते रहे. घर पर लगातार लोगों के आने-जाने का सिलसिला चलता रहा. लोगों से मिलते- जुलते रहे और देर दोपहर तक परिवारजनों संग हंसी-ख़ुशी करते हुए राहत भरा समय बिताया. शाम को जायसवाल ने अपने घर के बागवानी में पानी पटाया. वह जानकारी के मुताबिक पारिवारिक कार्य से बुधवार को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के लिए रवाना होंगे, जिसके बाद वहां से लौटते ही पार्टी के कार्य और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का पुनः तुफानी दौरा शुरू करेंगे. उक्त जानकारी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने दी.

## विष्णुगढ़ प्रखंड में संजय मेहता ने मुकाबले को बनाया त्रिकोणीय

- संजय मेहता द्वारा कुर्मी मतों को बांटने से कांग्रेस प्रत्याशी को नुकसान की आशंका

**संवाददाता। विष्णुगढ़**

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में यहां मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया. पहले जहां नक्सलियों के आतंक के साये में चुनाव कराना एक चुनौती होती थी, वहीं इस बार प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाकों में भी भयमुक्त होकर मतदाताओं ने मतदान किया. प्रखंड के 128 मतदान केंद्रों में कुल 63.52 फीसदी वोट पड़े. वहीं पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत 63.66 रहा. बूथों में मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें दिखीं. मतदान में महिलाएं पुरुषों के मुकाबले आगे रहीं. प्रखंड अंतर्गत कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के 15 बूथों में 62.18 प्रतिशत वोट पड़े. वोटों की कुल संख्या 68408 रही. इनमें 38952 महिला मत शामिल है. जबकि 29456 पुरुषों ने मतदान किया.

प्रखंड में मतदाताओं की संख्या 1 लाख 20 हजार 398 है. यहां मुकाबला त्रिकोणीय रहा. जोरआजमाइश भाजपा, कांग्रेस और जेबीकेएसएस के बीच हुआ. इस चुनावी समर में एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के साथ भाजपा के मनीष जायसवाल थे तो दूसरी तरफ हाथ के हालात बदलने के दावे के साथ कांग्रेस के जेपी पटेल. कांग्रेस प्रत्याशी को अल्पसंख्यकों के साथ-साथ अनुसूचित जाति के प्रभावकारी मत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है. वहीं झारखंडी अस्मिता और स्थानीयता के मुद्दे को लेकर जेबीकेएसएस से संजय पटेल इस चुनावी दंगल में ताल ठोक रहे थे. जयराम महतो के नाम पर जुनूनी युवाओं और कुर्मी मतदाताओं के समर्थन के बूते संजय मेहता ने चुनाव को त्रिकोणीय बना दिया. युवा तो जयराम महतो के जेबीकेएसएस के लिए पागलपन की हद को पार कर रहे थे. जेबीकेएसएस के लिए मरने मारने को तैयार दिखते थे. कुर्मी मतदाताओं का समर्थन इनके पीछे था. दूसरे दल से तालुक रखने वाले इलाके के एक नामी गिरामी नेता को इन्होंने बंदखारो से बैरंग लौटा दिया. माना जा रहा है कि जेबीकेएसएस ने कुर्मी मतों के बड़े हिस्से पर कब्जा जमाकर कांग्रेस प्रत्याशी की स्थिति को कमजोर कर दिया है. भाजपा को भी कुर्मी मत मिलने का दावा किया जा रहा है. इस दावे में दम इसलिए भी दिख रहा है क्योंकि भाजपा के साथ सैकड़ों की संख्या में समर्पित कुर्मी कार्यकर्ता पहले से जुड़े हैं. वैसे भाजपाई प्रखंड में अव्वल रहने का दावा कर रहे हैं. अभी तो हार जीत के कयास ही लगाए जा सकते हैं. तस्वीर तो आगामी चार जून को ही साफ होगी. उसी दिन पता चलेगा कि जीत का सेहरा किसके माथे पर सजेगा.

## खरियोडीह-घरौंजा जलापूर्ति योजना पांच वर्ष बाद भी अधूरी

- ग्रामीणों में नाराजगी, क्षमता 4 लाख लीटर, 16 गांवों को मिलता पानी

**संवाददाता। जयनगर**



प्रखंड की घरौंजा पंचायत में पेयजल स्वच्छता विभाग की ओर से निर्माणाधीन खरियोडीह- घरौंजा वृहद ग्रामीण जलापूर्ति योजना शिलान्यास के पांच वर्ष बीतने के बाद भी अधूरा पड़ी है. नल-जल योजना के तहत इस जलमीनार से लोगों को घर-घर पानी पहुंचाने की योजना निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार से अधर में लटकी है.

उल्लेखनीय है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग प्रमंडल झुमरीतिलैया तहत खरियोडीह-घरौंजा जलापूर्ति योजना का निर्माण 16 करोड़ 25 लाख 16 हजार रुपये खर्च कर बनाया जा रहा है, जिसकी क्षमता 4 लाख लीटर होगी. उक्त जलापूर्ति योजना से घरौंजा पंचायत के अलावे खरियोडीह, गोहाल पंचायत के 16 गांव घुरूमुंडा, यदुडीह, कुरूमडीहा, महुआगढा, गडियाई, मकतपुर, खरपोका, पीसपीरो, बेरोगाई, नंदोडीह, भुवालडीह, मुसौवा गांव में पेयजल की आपूर्ति की जानी है. निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण ग्रामीणों में काफी नाराजगी देखी जा रही है. उनका कहना है कि खरियोडीह निर्माण होने से घर-घर शुद्ध पेयजल मिलने की आस जगी है, परंतु अबतक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने से काफी चिंताजनक स्थिति बन गई है. मुखिया अजय यादव ने बताया कि संवेदक द्वारा काफी धीमी गति से निर्माण कार्य किया जा रहा है. पांच साल बीतने के बाद भी जलमीनार का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, जबकि 2022 में ही जलमीनार का निर्माण कार्य पूर्ण कर पंचायतों में पेयजल आपूर्ति किया जाना था. संवेदक द्वारा निर्माण कार्य में भी काफी अनियमितता बरती गई है.

## लाखों रुपये की विदेशी शराब लदा टेंपो सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

**संवाददाता। चौपारण**



प्रखंड की लगभग सभी सरकारी शराब दुकानों से धड़ल्ले से अवैध शराब की तस्करी जोरों से की जा रही है. इसका खुलासा चौपारण पुलिस द्वारा मंगलवार सुबह पकड़ी गयी शराब से हुआ है. अहले सुबह थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने टेंपो में लदी शराब सहित तीन तस्कर पकड़े. थाना प्रभारी ने बताया कि मंगलवार की अहले सुबह गुप्त सूचना मिली कि चौपारण-चतरा मोड़ स्थित सरकारी शराब दुकान से चोरी छिपे अवैध रूप से एक टेंपो पर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब लोडकर तस्करी करने के लिये बिहार ले जाई जा रही है. इस सूचना को वरीय पदाधिकारी से अवगत कराते हुए एक छापामारी दल का गठन किया गया.

तत्पश्चात छापामारी दल के साथ दनुआ कट के पास पहुंच कर उक्त टेंपो के आने का इंतजार करने लगा. करीब 6.45 बजे सुबह उक्त टेंपो आता हुआ दिखाई दिया, जिसे रुकने का इशारा किया गया, परंतु टेंपो चालक अपनी गाड़ी को तेजी से चलाते हुए दनुआ कट से विपरीत दिशा होते हुए वीर तेजा होटल के पास टेंपो खड़ा करके जंगल की ओर भागने लगा, जिसे सशस्त्र बलों के सहयोग से खदेड़कर तीन व्यक्ति को पकड लिया गया. इनकी पहचान अरविंद कुमार केशरी (24) पिता विनोद केशरी, अनिल कुमार पासवान (24) पिता कमलेश पासवान दोनों सा- चोरदाहा, थाना चौपारण, जिला हजारीबाग एवं दिलीप कुमार पासवान (20) पिता कमलेश पासवान सा. गजरागढ़ थाना- बाराचट्टी जिला गया (बिहार) बताया गया. वहीं टेंपो के अंदर से किंगफिशर कंपनी का केन बियर 22 पेटी, रॉयल स्टेग कंपनी (375एमएल) की 72 पीस, रॉयल चैलेंज कंपनी की (375एमएल) 24 पीस, इम्पिरियल ब्लू कंपनी (375एमएल) की 24 पीस एवं दो पेटी देशी शराब पाई गई. मामला दर्ज कर गिरफ्तार व्यक्तियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. छापामारी दल में थाना प्रभारी, पुअनि निलेश कुमार रंजन, पुअनि बिंदेश्वर महतो आदि शामिल थे. बताते चलें कि प्रखंड की कुछ सरकारी शराब दुकानें दिन के उजाले में झक मारते रहते हैं, जबकि इनकी बिक्री प्रतिदिन लाखों में हजारों या लाखों में रहती है.

**खास बातें**
- सरकारी दुकान से तस्करी कर बिहार ले जाई जा रही थी
- पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा

## बरका सायल डी कोलियरी में जलाई जेसीबी मशीन, फायरिंग

**एजेंसी। रामगढ़**



जिले के भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में बरका सायल डी कोलियरी में अपराधियों ने एक बार फिर दहशत फैलाई है. यहां सोमवार की देर रात एक जेसीबी मशीन में आग लगा दी गई. मंगलवार को इस मामले की पुष्टि करते हुए पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम ने बताया कि किस आपराधिक गिरोह के लोगों ने इस वारदात को अंजाम दिया है, इसका पता लगाया जा रहा है.

जानकारी के अनुसार सीसीएल के सयाल डी कोलियरी में आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा माइनिंग का काम किया जा रहा है. उस कंपनी से अपराधियों ने रंगदारी की मांग की थी. सोमवार की दिन रात आधा दर्जन से अधिक अज्ञात अपराधी वहां पहुंचे और उन लोगों ने वहां खड़ी जेसीबी मशीन में आग लगा दी. साथ ही दहशत फैलाने के लिए दो राउंड हवाई फायरिंग भी की. घटना की सूचना मिलते ही मंगलवार को पुलिस वहां पहुंची और पूरे मामले की छानबीन की जा रही है.

**चार दिन पूर्व भी अपराधियों ने की थी गोलीबारी :** पुलिस के अनुसार नकाबपोश अपराधियों ने चार दिन पहले ग्राम सरिया में नीतीश नामक व्यक्ति के घर के बाहर अंधाधुंध फायरिंग की थी. यह वारदात भी रंगदारी से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस अभी भी उन अपराधियों को पकड़ नहीं पाई है. चार दिन में यह दूसरी घटना है जब अपराधियों ने वहां गोली चलाई है.

**खास बातें**
- कंपनी से अपराधियों ने रंगदारी की मांग की थी
- बीती रात आधा दर्जन से अधिक अपराधी पहुंचे थे

## वन विभाग दुरागढ़ा से उखाड़ लाया आरा मशीन

- आधा दर्जन लोगों पर किया गया वनवाद : अयूब अंसारी

**संवाददाता। चौपारण**



प्रखंड के गौतम बुद्धा वन्यप्राणी आश्रयणी क्षेत्र के उग्रवादियों की मांद रहे दुरागढ़ा से वन विभाग ने जंगल में अवैध रूप से संचालित एक आरा मशीन एवं लकड़ी बोटा को मंगलवार को जब्त किया. उक्त जानकारी प्रभारी वनपाल मो अयूब अंसारी ने देते हुए कहा कि आधा दर्जन से अधिक लोगो की मिलीभगत से जंगल में चोरी छिपे आरा मशीन चलाकर कीमती लकड़ी का चिरान पटरा बना कर बेचकर जेब भरने का काम कर रहा था. गुप्त सूचना मिलने पर उच्चाधिकारियों के निर्देशन में हजारीबाग, कोडरमा एवं चौपारण के वनकर्मियों की टीम बनाकर जंगल में छापामारी कर चालू स्थिति में आरा मशीन को उखाड़ कर चौपारण वन विभाग कार्यालय लाकर आधा दर्जन नामजद व अन्य लोगों पर वनवाद किया गया। टीम में प्रभारी वनपाल मुकेश कुमार, प्रभारी वनपाल पवन कुमार, प्रभारी वनपाल मो अयुब अंसारी, वनरक्षी वाल्टर बारला, कुलदीप कुमार महतो, नीरज पंडित, सिकंदर कुमार यादव, कुंदन कुमार एवं दैनिक वनकर्मी शामिल थे.

## ईसीआरकेयू ने मेसरा- बरकाकाना सेक्शन का दौरा कर किया निरीक्षण

### मो.ज्याऊद्दीन ने कहा-सभी समस्याओं का जल्द निराकरण करवाएंगे

**संवाददाता। रामगढ़**

ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल पीएनएम प्रभारी मो ज़्याउद्दीन ने पिछले सप्ताह अपनी टीम के साथ मेसरा सांकी होते हुए बरकाकाना सेक्शन की पदयात्रा कर निरीक्षण किया. उन्होंने इस क्षेत्र में कार्य करने वाले रेल कर्मचारियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को संकलित किया. उनके साथ एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा, ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा सचिव महेंद्र प्रसाद महतो तथा ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर वेलफेयर फेडरेशन बरकाकाना सचिव सरयू प्रसाद शामिल रहे.

सेक्शन में पदस्थापित रेलकर्मियों ने यूनियन प्रतिनिधियों को आवास, पेयजल, बिजली सहित आवागमन के साधनों की घोर कमी की जानकारी दी. इन जानकारियों को मो ज़्याऊद्दीन ने 15-16 मई को मंडल रेल प्रबंधक पीएनएम की बैठक में जोरदार तरीके से रखा तथा रेल प्रशासन से इन समस्याओं के समाधान करने का आग्रह किया. उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक से कहा कि मेसरा सांकी बरकाकाना सेक्शन का स्वयं या विभागीय उच्च अधिकारियों की टीम भेजकर सर्वेक्षण कराया जाए और प्रत्यक्ष मिलने वाली समस्याओं का निराकरण किया जाए. ऐसा होने पर ही इस सेक्शन के रेलकर्मियों को राहत दी जा सकेगी.



**विभिन्न समस्याओं के समाधान का आश्वासन**

मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा ने यूनियन द्वारा संज्ञान में लाए गए समस्याओं को गंभीरता से लिया और सेक्शन का दौरा किया. मो ज़्याऊद्दीन ने कहा कि ईसीआरकेयू द्वारा उठाए गए मामलों पर मंडल प्रशासन द्वारा कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है. इसमें मेसरा कालोनी में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, पार्क और मैदान की व्यवस्था, सेक्शन के विभिन्न स्टेशनों पर रेल आवासों का निर्माण, वर्तमान में सभी स्टेशनों के रेल आवासों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए डीप बोरिंग या हैंड पंप लगाना, सभी स्टेशनों के वर्तमान आवासों में बिजली की सुविधा देना, सभी टनल में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था करना, सभी सेक्शन के बीच में काम करने वाले रेलकर्मियों के लिए विश्राम शेड की व्यवस्था सहित गैंगहट की व्यवस्था की जाएगी.

**मनमानी** पीड़ित आदिसियों ने पुलिस थाने में आवेदन देकर की कार्रवाई की मांग

# वन विभाग ने आदिवासियों के अबुआ आवास तोड़ डाले

**संवाददाता। चौपारण**



प्रखंड के ताजपुर पंचायत के ग्राम ललकीमाटी में आदिवासियों के अबुआ आवास वन विभाग विभाग द्वारा तोड़ने का मामला प्रकाश में आया है. मालूम हो कि सोमी देवी पति नैनो मुण्डा, ललमनी देवी पति सनीका मुण्डा ग्राम सभा ललकीमाटी पंचायत ताजपुर को हेमंत सरकार द्वारा आवंटित अबुआ आवास निर्माण कार्य शुरू कर टाइबिम्ब तक बना चुका था. इसपर वनकर्मी राजकुमार गुप्ता पैसा मांग रहा था. गरीबी व लाचारी के आलम में सरकार द्वारा मिला अबुआ आवास को बनाता कि वनकर्मी को पैसा देता. वनकर्मी गुप्ता को पैसा नहीं मिलने पर उसके द्वारा जबरन आवास तोड़ दिया गया. इसपर चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह को आवेदन देते हुए कहा कि ग्राम सभा द्वारा वन कानून 2006 के नियम 2008 संशोधन नियम 2012 के धारा 3 (1) (ख) एवं धारा 3 (1) (झ) के तहत सामुदायिक वनाधिकार का दावा एवं सामुदायिक वन संसाधनों का अधिकार का अनुमंडलीय स्तरीय वनाधिकार समिति के समक्ष भौतिक सत्यापन एवं स्थल जांच कर अग्रेतर कार्यवाही हेतू कागजात जमा कर दिया गया है, जिसका पावति आवेदन के साथ संलग्न है एवं ग्राम सभा ललकीमाटी ताजपुर द्वारा उच्च न्यायालय का नोटिस इस आवेदन के साथ संलग्न है. वनविभाग द्वारा वन कानून 2006 के धारा 4 का उपधारा 5 एवं धारा 5 उपधारा 7 का उल्लंघन करते हुए वन कर्मी राजकुमार गुप्ता एवं उनके सहयोगियों के द्वारा जबरन अबुआ आवास को तोड़ दिया गया. आदिवासियों ने थाना प्रभारी सिंह से मदद की गुहार लगाते हुए वनकर्मी पर मामला दर्ज करने गुहार लगाई. कहा कि आदिवासी उत्पीड़न अधिनियम 2015 संशोधित अधिनियम 2016 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाए एवं एसटी एवं अन्य परंपरागत वन निवासियों को वन कानून 2006 के तहत वन पट्टा निर्गत किया जाए. इस संबंध में थाना प्रभारी दीपक सिंह ने कहा कि आदिवासियों द्वारा आवेदन मिला है. इसपर जांच कर कार्रवाई की जाएगी. वहीं वनकर्मी राजकुमार गुप्ता से पूछने पर कहा कि अबुआ आवास हो या पीएम आवास को वन विभाग द्वारा दिया गया वनपट्टा क्षेत्र में बनाना चाहिए था. जो भी आदिवासी वन भूमि में सरकार द्वारा दिया गया आवनास को बनाता है, वह अवैध है, जिसे वन विभाग तोड़ ही देगा. साथ ही कहा कि पैसा का आरोप गलत है.

**खास बातें**
- वनकर्मी पर आदिवासियों से पैसे मांगने का आरोप लगाया
- गरीब लोगों ने पैसा नहीं दिया तो आवास तोड़ दिए गए

लोकतंत्र के महापर्व में मतदान केंद्र तक पहुंचें इससे भी अधिक जरुरी है उसे पूरा करे. चुनाव की लंबी सबसे बड़ा निर्णय जनता का होता है. जनता जिसे चुनती है वही सत्तासीन होता है. इसलिए चुनाव में जनता की भूमिका अहम होती है. लोग अधिक से अधिक संख्या में और वोट दें, इसके लिए चुनाव आयोग प्रचार करती है. लोगों को मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करती है. यह सब लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरुरी है. लेकिन चुनाव में प्रत्याशियों का चयन. जो प्रत्याशी विजयी होता है, उसी पर जनता की उम्मीद टिकी रहती है. जनता की अपनी समस्याएं होती हैं. सभी को कोशिश होती है कि प्रत्याशी प्रक्रिया के बाद प्रत्याशी तो चुने जाते हैं, लेकिन कई बार जनता की उम्मीद पूरी नहीं हो पाती है. लेकिन अब जनता काफी जागरूक हो चुकी है. वह अब प्रत्याशियों को जांच-परख कर चुनने लगी है. सोमवार को प्रदेश में तीन तीन संसदीय क्षेत्र के लिए चुनाव हुए. इसमें ओवरऑल 63 प्रतिशत मतदान हुआ. अब झारखंड में दो चरण के चुनाव बचे हैं. इसे लेकर शुभम संदेश की टीम लोगों के बीच पहुंची और उनसे अपने क्षेत्र के सांसद को लेकर राय मांगी. सभी की राय अलग थी. किसी ने कहा कि देशहित में कनून बनाने वाला सांसद होना चाहिए. जिससे देश का भला हो. किसी ने स्थानीय समस्या को उठाया. कहा कि बिजली, पानी, शिक्षा व सड़क सबसे बड़ी समस्या है. इसका समाधान होना चाहिए. किसी ने कहा कि ऐसा सांसद हो जो जनता के सुख और दुख में शामिल हो सके. किसी ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ-साथ बिजली की समस्या दूर करने वाला सांसद होना चाहिए. किसी ने कहा कि प्रदेश में सबसे बड़ी समस्या पलायन है. जब यहां पर रोजगार मिलेगा तो पलायन नहीं होगा. इसलिए ऐसा सांसद हो, जो रोजगार पैदा कर सके.

## हमारा सांसद कैसा हो, ज्यादातर लोगों की राय है

# देशहित में कानून बनाने वाला सांसद होना चाहिए




## लातेहार

### सोल्वेंट व टैनिन प्लांट खुलना चाहिए: आशीष बाग



रेलवे स्टेशन के बाग टिंबर के आशीष बाग ने कहा कि सांसद को सर्व सुलभ होना चाहिए. क्षेत्र की समस्याओं के प्रति गंभीर होना चाहिए. लातेहार में कई समस्याएं हैं. उनमें सबसे बड़ी समस्या रोजगार की है. खनिज संपदा से परिपूर्ण लातेहार जिला में एक भी कल कारखाना नहीं है. सोल्वेंट व टैनिन प्लांट वर्षों से बंद है. इसे भी चालू करने की दरकार है. यह कारखाना वनोत्पाद हर्रे व बहेर से इस कारखाना का कच्चा माल होता था. इससे ग्रामीण आबादी को अच्छी आमदनी होती थी.

### रोजगार के साधन उपलब्ध कराने वाला हो: आयुष



बाजकुम, लातेहार निवासी आयुष कुमार ने कहा कि सांसद ऐसा होना चाहिए जो लोगों के सुख दुख में साथ रहे. क्षेत्र में बेरोजगारी चरम पर है. सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र की बेरोजगारी को दूर करने की दिशा में कार्यरत रहे. कल कारखाना की स्थापना करा सके या फिर ग्रामीणों को अन्य किसी रोजगार से जोड़ सके. ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ सके. इसके अलावा लातेहार में उच्च शिक्षा व बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की कमी है, इसे दूर करने वाला सांसद होना चाहिए.

### जनता के सुख दुख मे साथ रहे: संजय कुमार



व्यवहार न्यायालय, लातेहार के वरीय अधिवक्ता संजय कुमार ने कहा कि सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र की जनता के सुख दुख में उसके साथ रहे. जब उसे सांसद की जरूरत हो वह उपलब्ध हो सके. सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र की जनता के साथ जुड़ा रहे, न कि कुछ एक लोगों के साथ रही. आम मतदाता उसे अपना बहुमूल्य वोट दे कर संसद में भेजता है, ऐसे में सांसद का कर्तव्य होना चाहिए कि वह उनकी समस्याओं को दूर करे. क्षेत्र में बेहतर शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा व सड़क बहुत ही जरूरत है.

### क्षेत्र की समस्याओं को जानता हो: चिश्ती



इंडिगो सिक्यूरिटि फोर्स के निदेशक एसएस चिश्ती ने कहा कि सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र की समस्याओं से वाकिफ हो. जिसे क्षेत्र की भौगोलिक व सामाजिक पीरिस्थतियों से वाकिफ हो. लातेहार जिला में पर्यटन की असीम संभावनायें हैं. बेतला और नेतरहाट को और अधिक विकसित किया जा सकता है. इस दिशा में कार्य करने की दरकार है. कई ऐसे भी जगह हैं जिन्हें पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है. उसे विकसित कर ग्रामीणों को रोजगार दिया जा सकता है.

### क्षेत्र की समस्याओं को सदन में रख सके: पंकज



शिवशक्ति ट्रैडर्स बाजारटांड, लातेहार के पंकज प्रसाद ने कहा कि सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र की समस्याओं को संसद में पहुंचा सके. ऐसा नहीं हो कि वह संसद में मूकदर्शक बना रहे. क्षेत्र में समस्याओं की भरमार है, उन समस्याओं को ले कर संसद में आवाज उठाये. क्षेत्र में कोलियरी व कल कारखाना खुलवा सके, ताकि लोगों को रोजगार मिल सके. स्कूल और कॉलेजों की स्थापना कर सके. नयी परियोजनाओं को क्षेत्र में ला कर उसे मूर्तरूप दे सके.

## घाटशिला

### हमारा सांसद विकास को प्रमुखता देने वाला हो: संगीता मार्डी



घाटशिला के सक्सेस ट्यूटोरियल क्लासेस की छात्रा संगीता मार्डी ने बताया कि हमारा सांसद क्षेत्र की समस्या को उचित पटल पर रख सके. हमारा सांसद विकास को प्रमुखता देने वाला हो. साथ ही जिनकी कथनी और करनी में एकरुपता हो. बेदाग छवि का व्यक्तित्व वाला हमारा सांसद होना चाहिए. आज के समय में अधिकतर प्रत्याशियों पर कई आपराधिक मामले चल रहे होते हैं. ऐसा न होकर बिल्कुल साफ सुथरी छवि हो. हम उन्हें ही अपना वोट देंगे और अपना सांसद बनाएंगे. लोकसभा क्षेत्र में विकास तथा बेहतर शिक्षा और रोजगार परख शिक्षा पर बल देने वाला होना चाहिए, ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार के लिए कहीं अन्य राज्य में जाना न पड़े.

### सांसद ऐसा हो जो काम ज्यादा करे: सुशीला



घाटशिला की रहने वाली स्नातक की छात्रा सुशीला कुमारी ने कहा कि हमारा सांसद ऐसा हो कि जो वादा कम करें और काम ज्यादा करे. दिन दूनी रात चौगुनी कम कर अपने क्षेत्र का विकास करे. युवाओं को रोजगार से जोड़ क्षेत्र में कुछ ऐसे बड़े औद्योगिक विकास हो जिससे भारी संख्या में युवाओं को रोजगार मिल सके. हमारा सांसद ऐसा हो कि क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लोकसभा के पटल पर जोरदार तरीके से रख सके

### जो युवाओं को रोजगार दे सके: सलमा कुमारी



घाटशिला महाविद्यालय की स्नातक छात्रा सलमा कुमारी ने बताया कि हमारा सांसद ऐसा हो जो ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ अपनी बातों को रखे. ऐसा हो जो क्षेत्र में भौगोलिक परिस्थितियों को लेकर यहां की संस्कृति और परंपरा को बचा सके. यहां की सबसे बड़ी समस्या रोजगार की है. हमारा सांसद ऐसा हो जो युवाओं को रोजगार के साथ-साथ शिक्षा की गारंटी दे. जो क्षेत्र में विकास के लिए नए-नए कल कारखाने स्थापित करने की क्षमता रखता हो. वैसे प्रत्याशी ही हमारा संसद हो.

## गिरिडीह

### देशहित में कानून बनाने वाला सांसद हो: हिमांशु अम्बष्ट



डुमरी प्रखंड के हिमांशु अम्बष्ट ने कहा कि देशहित में कनून बनाने वाला सांसद होना चाहिए. इस दिशा में काम होने से भारत मजबूत और विकसित देश बन सकेगा. उन्होंने कहा कि नव निर्वाचित सांसद को सभी वर्गों के लिए समान रूप से काम करना चाहिए. आज भी बिजली, पानी, शिक्षा व सड़क सबसे बड़ी समस्या है. नए सांसद को इन समस्याओं के समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाना चाहिए.

### सांसद पर गर्व कर सके जनता: विशाल राष्ट्रवादी



गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के विशाल राष्ट्रवादी ने कहा कि सांसद ऐसा हो, जिस पर जनता गर्व कर सके. लोकसभा क्षेत्र की जनता के साथ-साथ उनका पूरे राज्य और देश में नाम हो. जनता के सुख और दुख में शामिल होने वाला सांसद को ही लोग पसंद करते हैं. यही हमारी मांग है. ऐसा सांसद होगा तो सभी का भला होगा. राज्य और देश तरक्की करेगा.

### जो आम जनता के हित में काम करे: विपुल वित्सल



गिरिडीह लोकसभा के पीरटांड़ निवासी विपुल वित्सल ने कहा कि सांसद वैसा हो, जो आम जनता के हित में काम करें. चुनाव जीतने के बाद सांसद क्षेत्र की जनता की जनता को भूल जाती है. लोग इंतजार करते रह जाते हैं और समय बीत जाता है. इससे जनता में असंतोष बढ़ता है. नव निर्वाचित सांसद को आम जनता के हर सुख दुख का ख्याल रखना चाहिए. तभी तो लोग सांसद पर भरोसा करेंगे.

### स्वास्थ्य-शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करना चाहिए: केशव भक्त



गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के युवा मतदाता केशव भक्त ने कहा कि नव निर्वाचित सांसद को अपने संसदीय क्षेत्र के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए. उन्हें अपने इलाके के स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ-साथ बिजली और पानी की व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए. यही लोगों की बुनियादी जरुरतें हैं. उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी है. जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है.

## जमशेदपुर

### सांसद जनभावना के अनुरूप कार्य करे: उर्मिला



करीम सिटी कॉलेज की छात्रा उर्मिला ने कहा कि सर्वप्रथम तो हमारा सांसद शिक्षित और ईमानदार हो. वह जनभावना के अनुरूप कार्य करे. जनता के सुख-दुख में उसका साथ दै. जनता के बीच रहे. इसके साथ ही क्षेत्र के हर हिस्से समान रूप से संपर्क बनाये रखे. इसके साथ ही वह भ्रष्टाचार व आपराधिक गतिविधियों पर लगान लगाने की दिशा में अपने स्तर से सतत प्रयासरत रहे.

### सांसद शिक्षित और बोल्ड हो: अदिबा



छात्रा अदिबा ने कहा कि सांसद ऐसा हो जो जनता की समस्याओं का समुचित समाधान करने को प्रतिबद्ध हो. वह आसानी से सर्वसुलभ तो होना ही चाहिए. शिक्षित और बोल्ड भी हो. क्योंकि हमारा सांसद शिक्षित और बोल्ड होगा, तो यहां से लेकर संसद तक जनता की वाजिब मांगों और समस्याओं के समाधान के लिए आवाज बुलंद करेगा.

### सांसद शिक्षित और चरित्रवान होना चाहिए: सानिया



छात्रा सानिया ने कहा कि हमारा सांसद स्वभाव से सहज, शिक्षित और चरित्रवान होना चाहिए. वर्तमान में राजनीति में ऐसे लोगों की नितांत आवश्यकता है. इसके साथ ही सांसद जनता की परेशानियों को समझे. उसे उचित मंच पर रखे. यथासंभव संसद में भी आवाज उठाये. समय की मांग को देखते हुए क्षेत्र की समस्याओं के समाधान और आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए की दिशा में प्रयत्नशील रहे.

### सांसद को जनता के लिए सर्वसुलभ होना जरूरी: बेबी



छात्रा बेबी महतो ने कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि अथवा कहें कि सांसद का अपने क्षेत्र की जनता के लिए सर्वसुलभ होना जरूरी है. यहां तो यह भी देखा जाता है कि चुनाव के बाद सांसद किसी कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर नजर आते हैं या फिर पांच साल के अंतराल पर दूसरे चुनाव के दौरान ही नजर आते हैं. वे क्षेत्र के कुछ हिस्सों तक ही सिमट कर रह जाते हैं.

## धनबाद

### धरातल पर उतर कर कार्य करे: शशिकांत



धनबाद कोर्ट के अधिवक्ता शशिकांत निषाद ने कहा कि धनबाद का सांसद ऐसा जो धरातल पर उतर कर कार्य करे और जनता के बीच में रहे. साथ ही धनबाद में एम्स, एयरपोर्ट और फ्लाइओवर बनवाए ताकि धनबाद लोकसभा और विकसित हो. इससे लोग सीधे लाभान्वित होंगे. उनकी सुविधाएं बढ़ेंगी. इससे उनका सांसद में भरोसा बढ़ेगा. यही तो जनता चाहती है.

### स्कॉलरशिप और लाइब्रेरी की व्यवस्था करे: पुष्पा



नवाडीह की रहने वाली छात्रा पुष्पा ने कहा धनबाद का सांसद जनता के बीच का हो. जनता के हर सुख दुख को समझे और धनबाद को नई दिशा और दशा दे. साथ ही छात्रों की उच्च शिक्षा के लिये स्कॉलरशिप और लाइब्रेरी की व्यवस्था करे, ताकि वैसे छात्र जिनके परिजन सक्षम नहीं हैं उन्हें इसकी सुविधा मिल सके. वो आगे पढ़ाई कर सके.

### रोजगार की व्यवस्था कराए: जोशना कुमारी



नवाडीह की छात्रा जोशना कुमारी ने कहा कि धनबाद का सांसद शिक्षित और साफ छवि का हो. शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करे. चुनाव के वक्त जनता से किये हुए वादे को पूरा करने का काम करे, न कि चुनाव खत्म और सारी बात खत्म वाला सांसद हो. ऐसा नहीं होना चाहिए. यही हम चाहते हैं.

### लॉ एंड ऑर्डर को दुरुस्त करे: चंद्रशेखर



जामाडोबा के रहने वाले चंद्रशेखर प्रसाद ने कहा कि धनबाद का सांसद साफ छवि और विकास की बात करने वाला हो. जनता के हित के बारे में सोचे. जिले में अमन चैन को कायम करने के लिये लॉ एंड ऑर्डर को दुरुस्त करे. समाज के हर वर्ग की बात सोचने वाला है. इसी की तो जरुरत है. जब ऐसा होगा तो प्रदेश का भला होगा. विकास होगा.

## बोकारो

### प्रत्याशी धनकुबेर न हो, आम जनता के बीच से हो : रवि



बोकारो जिले के बेरमो प्रखंड क्षेत्र के जारंगडीह उत्तरी पंचायत निवासी रवि कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में नेताओं की लूट व भ्रष्टाचार के जिस तरह के मामले देखने को मिल रहे हैं, हमारा सांसद वैसा नेता न हों. इसके लिए ऐसे प्रत्याशी का चुनाव करेंगे जो धनकुबेर न हो, बल्कि जनता के बीच से उभरा हुआ कोई आम इंसान हो. सांसद जिस सदन में बैठता है, उस सदन की गरिमा का जो ख्याल रख सके.

### समस्याओं को बेबाक एवं निडर होकर उठा सके : चंदन



बोकारो जिले के बेरमो प्रखंड के जारंगडीह उत्तरी पंचायत निवासी शिक्षक चंदन भारती का कहना है संसद में बैठकर जो जनहित की समस्याओं को बेवाक एवं निडर होकर उठाने की जिसमें क्षमता हो, हमारा सांसद ऐसा हो. इसके लिए शिक्षित एवं जनमुद्दे पर जिनकी गहरी समझ हो, जो 24 घंटे जनता की सेवा में समर्पित रहे, वैसे प्रत्याशी को वोट देकर संसद में भेजेंगे.

### जो हक अधिकार के लिए संघर्ष करे : नेपाल करमाली



बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के सुरजुडीह निवासी युवा सामाजिक कार्यकर्ता नेपाल करमाली ने कहा हमारा सांसद ऐसा हो जो जनता की विश्वास और उम्मीदों पर खरा उतर सके. इसके लिए हम ऐसे प्रत्याशी को चुनकर संसद में भेजेंगे जो हमारे हक अधिकार के लिए लगातार संघर्ष करता रहा हो. साथ ही जो शक्षित, कर्मठ व जुझारू हो, ताकि हमारी एवं क्षेत्र की प्रमुख ज्वलंत मुद्दों को सदन में रख सके.

### प्यार व मधुर व्यवहार वालो हो सांसद : डॉ प्रभाकर कुमार



बेरमो जारंगडीह स्थित केबी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ प्रभाकर कुमार ने कहा कि हमारा सांसद ईमानदार, निष्पक्ष छवि, कर्तव्यनिष्ठ, सत्यपरायण, उदार एवं कर्मठ हो. समस्या लेकर कोई भी आए तो उनकी बातों को गौर से सुने, ध्यान दें और उनकी समस्याओं का निराकरण करें. सांसद जनता के प्रतिनिधि होते हैं, इसलिए जनता का समस्याओं पर पहले ध्यान देने वाले हों. कोई भी व्यक्ति कभी भी उनसे मिल सके.

## बंद डब्बों में गोलमाल

देश में 56.4 फीसदी बीमारियां गलत खानपान की वजह से होती हैं. यह कहना है स्वास्थ्य पर शोध करने वाली शीर्ष संस्था भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद यानी आईसीएमआर का. आईसीएमआर व एनआईएन की निदेशक की अगुवाई वाली विशेषज्ञ समिति द्वारा तैयार आहार संबंधी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि शारीरिक सौष्ठव के लिये इस्तेमाल होने वाले प्रोटीन सप्लीमेंट का प्रयोग नुकसानदायक हो सकता है. निस्संदेह उपभोक्ताओं को भी सजग होकर देखना चाहिए कि किसी खाद्य-पेय पदार्थ में कोई कृत्रिम रंग, फ्लेवर या पदार्थ न मिला हो, लेकिन दुर्भाग्यवश ऐसा होता नहीं. हमें यह भी पता है कि फलों के जूस के नाम पर जो बोतलबंद पेय पदार्थ मिल रहा है, उस लागत पर वह बाजार में बिकना संभव नहीं है. हम यह भी नहीं सोचते कि फलों से जूस तैयार करने, उसके प्रसंस्करण, ट्रांसपोर्ट व एजेंट से लेकर दुकानदार का मुनाफा भी अंतिम उत्पाद की कीमत में जुड़ता है. फिर भी हम खरीदते-पीते हैं और भ्रम में जीते हैं. यह खेल प्राकृतिक उत्पादों के नाम पर बिकने वाले तमाम सामानों को लेकर भी है. आईसीएमआर का कहना है कि असली फलों का जूस बेचने के भ्रामक दावे की हकीकत यह है कि उसमें लगभग दस फीसदी ही वास्तविक फलों के जूस की मात्रा होती है. कमोबेश यही स्थिति तमाम खाद्य पदार्थों को लेकर होती है. डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों को लेकर पैक पर लिखी जानकारी भी भ्रामक हो सकती है. जिस खाद्य या पेय पदार्थ को शूगर फ्री बताकर बेचा जाता है, बहुत संभव है उसमें वसा की मात्रा अधिक हो. उसमें परिष्कृत अनाज यानी सफेद आटा या स्टार्च मिला हो सकता है. दरअसल, आईसीएमआर के अंतर्गत काम करने वाली हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पोषण संस्थान यानी एनआईएन की तरफ से बनाये गये आहार संबंधी दिशा-निर्देशों में भी माना गया है कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण यानी एफएसएसएआई द्वारा उपभोक्ताओं के हितों के लिये निर्धारित कड़े मानदंड दिखाने को लागू तो किये जाते हैं पर कंपनियां उपभोक्ताओं की आंख में धूल झोंकने के लिए कई तरकीबें निकाल लेती हैं. जिसमें उत्पाद को प्राकृतिक , शूगर फ्री, कम कैलोरी वाला होने का दावा किया जाता रहा है. दरअसल, बड़ा संकट यह भी है कि सामान खरीदने वाला उपभोक्ता उत्पाद की पैकिंग पर छपी जानकारी को ध्यान से नहीं पढ़ता है. पहले तो कंपनी सचेतक जानकारी बहुत छोटे प्वाइंट साइज में लिखती है, फिर ऐसी जगह छापती है, जहां एकदम नजर ही नहीं जाती. उसमें तमाम तरह के पोषक तत्व होने के दावे तो किये जाते हैं, लेकिन सवाल यह है कि किसी व्यक्ति को उपभोग के बाद वास्तव में कितना पोषण मिल रहा है. अकसर उत्पादों के जैविक होने का दावा किया जाता है. यहां भी देखना जरूरी है कि क्या इसको जैविक-भारत के लोगो से मंजूरी मिली है?

> डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों को लेकर पैक पर लिखी जानकारी भी भ्रामक हो सकती है. जिस खाद्य या पेय पदार्थ को शूगर फ्री बताकर बेचा जाता है, बहुत संभव है उसमें वसा की मात्रा अधिक हो.

### सुभाषित

**सर्पदुर्जनयोर्मध्ये वरं सर्पो न दुर्जनः ।**
**सर्पो दशती कालेन दुर्जनस्तु पदे पदे ॥**

अगर सांप और दुष्ट के बीच तुलना की जाये तो सांप दुष्ट से अच्छा है. इसलिए कि सांप तो कभी-कभार ही डंसता है, पर दुष्ट पग-पग पर (प्रत्येक समय) डसता है. अर्थात एक दुष्ट व्यक्ति सांप से भी अधिक खतरनाक और जहरीला होता है, जो हर समय हानि पहुंचाने को तैयार है.

# मौलिक अधिकारों में सर्वोपरि मताधिकार

**संविधान के तहत प्रदत्त जनता के मौलिक अधिकारों में मतदान का अधिकार सर्वोपरि है. इसलिए हर एक मतदाता को समय पर अपने-अपने मतदान केंद्रों में जाकर मतदान करना चाहिए. मतदान के प्रति किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, बल्कि हर एक मतदाता को इस मतदान के अधिकार पर गर्व करना चाहिए. मतदान का अधिकार उन्हें अपने प्रतिनिधि चुनने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है. देश के हर एक मतदाता को अपने-अपने क्षेत्र में होने वाले चुनावों को एक महापर्व के रूप में लेना चाहिए.**



• देश-काल



विजय केसरी

भारत के संविधान के तहत प्रदत्त जनता के मौलिक अधिकारों में मतदान का अधिकार सर्वोपरि है. इसलिए हर एक मतदाता को समय पर अपने-अपने मतदान केंद्रों में जाकर मतदान करना चाहिए. मतदान के प्रति किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, बल्कि हर एक मतदाता को इस मतदान के अधिकार पर गर्व करना चाहिए. मतदान का अधिकार उन्हें अपने प्रतिनिधि चुनने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है. देश के हर एक मतदाता को अपने-अपने क्षेत्र में होने वाले चुनावों को एक महापर्व के रूप में लेना चाहिए. साथ ही मतदाताओं को बहुत ही सोच विचार कर अपने मत का प्रयोग करना चाहिए. भारत की जनता को इस अधिकार की प्राप्ति के लिए एक लंबे संघर्ष से गुजरना पड़ा था. देश 15 अगस्त, 1947 को आजाद हुआ था. उससे पूर्व भारतीय जनता को अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार प्राप्त नहीं था. हमारे स्वाधीनता सेनानियों के लंबे संघर्ष के बाद देश को आजादी मिली थी. 26 जनवरी, 1950 को भारतीय संसद ने भारत का संविधान पारित किया था. भारत का संविधान भारत में निवास करने वाले हर एक नागरिक को पूरी स्वतंत्रता के साथ रहने, जीवन निर्वाह करने, अपने-अपने धर्मों के अनुसार पूजा पाठ और इबादत करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है. साथ ही भारत का संविधान हर एक नागरिक को अभिव्यक्ति की आजादी की भी स्वतंत्रता प्रदान करता है. देशवासियों को यह जानना चाहिए कि लोकतंत्र में मतदान का अधिकार सर्वोपरि इसलिए है कि इस अधिकार के तहत ही हम सब अपने-अपने क्षेत्र से प्रतिनिधि चुनते हैं. ये प्रतिनिधि ही देश का प्रधानमंत्री चुनते हैं. अगर हम सब अपने प्रतिनिधि का चुनाव करने में थोड़ी सी भी भूल कर देंगे, तब इसका परिणाम देश के हित में अच्छा नहीं होगा. हम सबों को यह जानना चाहिए कि भारतवर्ष में प्रथम लोकसभा का चुनाव 1952 में हुआ था. 1952 में लोकसभा के चुनाव में 1874 उम्मीदवार चुनाव लड़े थे. इस चुनाव में 53 राजनीतिक पार्टियों ने चुनाव में भाग लिया था, जिसमें 14 राष्ट्रीय पार्टियां थीं. 1952 में 489 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा गया था. 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के बाद चुनाव आयोग का गठन किया गया था. उस समय आज की तरह चुनाव आयोग के पास इतने संसाधन नहीं थे. इसके बावजूद देशवासियों में मतदान करने का अजब जज्बा देखा गया था.

भारत सरकार के लिए उस समय देश में चुनाव कराना बड़ा ही मुश्किल काम था, लेकिन देश की तत्कालीन सरकार ने इस चुनौती को स्वीकार किया. भारत सरकार ने देश के पहले चुनाव आयुक्त के रूप में नौकरशाह सुकुमार सेन को नियुक्त किया था. उन्हें देश में चुनाव कराने की जवाबदेही गई थी. देश के पहले चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन ने इस जवाबदेही को सहर्ष स्वीकार किया था. 1952 में देशभर में चुनाव बहुत ही शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुआ था. तब पंडित जवाहरलाल नेहरू आजाद भारत के लोकतांत्रिक रूप से पहली बार प्रधानमंत्री बने थे. 1952 में देश के प्रथम चुनाव में चुनाव आयुक्त को उम्मीद थी कि देश भर में 80% से ज्यादा मतदान होगा. लेकिन मतदान का प्रतिशत 46.7 पर ही सिमट कर रह गया था. मतदान का कम होना यह देश के हित में अच्छा नहीं कहा जा सकता है. देश की आजादी के 77 वर्ष बीत जाने के बाद भी 60 -65% से आगे मतदान नहीं बढ़ा है. यह भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश के लिए अच्छी खबर नहीं है. आज चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 96 करोड़ 88 लाख मतदाता संपूर्ण देश में है. देश में लोकसभा का चुनाव चल रहा है. अब तक देश में पांच चरणों में चुनाव संपन्न हो चुके हैं. चार चरणों का मतदान 60 और 65 प्रतिशत अंक पर आकर ही रुक जाता है. कई राज्यों में यह 40 -50, 55 - 60 प्रतिशत के बीच ही रुक जाता है. जबकि विश्व के कई लोकतांत्रिक देशों में मतदान का प्रतिशत 75 और 80% तक है. अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, फ्रांस आदि देशों में मतदान का प्रतिशत 80 के आसपास होता है. इन देशों से हम सबको सबक लेने की जरूरत है. यहां गौर करने वाली बात यह है कि भारत के मतदाताओं को मतदान के प्रति जो उत्साह होना चाहिए, वैसा उत्साह दिखता नहीं है, जबकि भारत सरकार के चुनाव आयोग द्वारा मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जन जागरण अभियान देश भर में चलाया जा रहा है. सरकारी और गैर सरकारी संस्थाएं भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए घर-घर जा रहे हैं. मतदान के प्रति मतदाताओं में जागृति लाने के लिए प्रचार और प्रचार में सरकारी स्तर पर कोई कमी नहीं की जा रही. इसके बावजूद देश में होने वाले चुनावों में मतदान का प्रतिशत कम होना भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के लिए अच्छी खबर नहीं कहीं जा सकती है. देश के 96 करोड़ 88 लाख मतदाताओं को एक संकल्प लेने की जरूरत है कि अपने-अपने क्षेत्र में होने वाले लोकसभा, विधानसभा, नगर पालिका, नगर निकाय, पंचायत सभा आदि के चुनावों में सबसे पहले मतदान करें. अधिकतम मतदान का यह लाभ होगा कि जो सबसे योग्य उम्मीदवार होंगे, वही विजयी होंगे. जब देश में मतदान केंद्र बहुत दूर हुआ करते थे. तब मतदान प्रतिशत में कमी की बात कहीं जा सकती थी. आज मतदान केंद्र बिल्कुल हमारे आसपास ही बने होते हैं. आज मतदान करने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ती है. मतदान सुबह से लेकर शाम तक चलता रहता है. आमजन की सुरक्षा के लिए पुलिस बल की व्यवस्था रहती है. हम सब मतदान के दिन सबसे पहले अगर कोई कार्य करें तो मतदान कर लें.

• बोधि-वृक्ष | कपूर जैन



## मन के बिगड़े हार है

मन को जीवन का केंद्रबिंदु कहना शायद अतिशयोक्ति नहीं होगी. मनुष्य की समस्त क्रियाओं, आचारों का आरंभ मन से ही होता है. मन सतत तरह-तरह के संकल्प, विकल्प, कल्पनाएं करता रहता है. मन की जिस ओर भी रुचि होती है, उसका रुझान उसी ओर बढता चला जाता है, परिणाम स्वरूप मनुष्य की सारी गतिविधियां उसी दिशा में अग्रसर होती है. जैसी कल्पना हो ठीक उसी के अनुरूप संकल्प बनते हैं और सारे प्रयत्न-पुरुषार्थ उसी दिशा में सक्रिय हो जाते हैं. अन्ततः उसी के अनुरूप परिणाम सामने आने लगते हैं. मन जिधर या जिस किसी में रस-रुचि लेने लगे, उसमें एकाग्रचित होकर श्रमशील हो जाता है. यहां तक कि उसे लौकिक लाभ या हानि का भी स्मरण नहीं रह जाता. प्रायः मनुष्य प्रिय लगने वाले विषय के लिए सब कुछ खो देने को तत्पर हो जाता है. इतना ही नहीं, अपने मनोवांछित को पाने के लिए बड़े से बड़े कष्ट सहने को सदैव तैयार हो जाता है. मन यदि अच्छी दिशा में मुड़ जाए, आत्मसुधार, आत्मनिर्माण और आत्मविकास में रुचि लेने लगे तो मानव व्यक्तित्व और उसके जीवन में एक चमत्कार का सर्जन हो सकता है. सामान्य श्रेणी का मनुष्य भी महापुरुषों की श्रेणी में सहज ही पहुंच सकता है. आवश्यकता 'मन' को अनुपयुक्त दिशा से उपयुक्त दिशा में मोड़ने की ही है. सारी कठिनाई मन के सहज प्रवाह पर नियंत्रण स्थापित करने की है. इस समस्या के हल होने पर मनुष्य सच्चे अर्थ में मानव बनता हुआ देवत्व के लक्षण तक सहजता से पहुंच सकता है. शरीर-स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के समान ही हमें मन के प्रति और भी अधिक सचेत, सावधान रहने की जरूरत है. दोयम चिंतन, दुर्विचारों और दुर्भावनाओं से मन मलिन और पतित हो जाता है. उस स्थिति में मन अपनी सभी विशेषताओं और श्रेष्ठताओं से च्युत हो जाता है. कहते हैं, मन के प्रवाह को तो सहज ही बहने देना चाहिए, किन्तु मन के सहज बहाव पर भरोसा करना हमेशा जोखिम भरा होता है. क्योंकि प्रवाह के समान ही मन का पतन की तरफ लुढ़कना स्वभाविक है, जबकि ऊंचाई की ओर उठना कठिन पुरुषार्थ भरा होता है. मन का स्वभाव बालक जैसा होता है, उमंग से भरकर वह कुछ न कुछ करना-बोलना चाहता है. यदि सही दिशा न दी जाए तो उसकी क्रियाशीलता तोड़-फोड़, गाली-गलौज और दुष्चरित्र के रूप में सामने आ सकती है. नदी के प्रवाह में बहता पत्थर सहजता से गोल स्वरूप तो पा लेता है, किन्तु उसकी मोहक मूर्ति बनाने के लिए अनुशासन युक्त कठिन श्रम की आवश्यकता होती है. ठीक उसी तरह मन को उत्कृष्ट दिशा देने के लिए विशेष कठोर प्रयत्न करने आवश्यक होते है.

# लोकतंत्र की नई यात्रा पर निकला भारत

• विमर्श

प्रफुल्ल कोलख्यान

आम चुनाव के कार्यक्रम के अनुसार पांचवें चरण का चुनाव 20 मई 2024 को संपन्न हो गया है. चुनाव के चार चरण के मतदान के संपन्न होने के बाद भारत की राजनीतिक परिस्थिति में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव दिखने लगे हैं. इन बदलावों का तात्कालिक असर निश्चित रूप से पांचवें चरण के मतदान पर पड़ेगा. दीर्घकालिक असर भारत की लोकतांत्रिक स्थिति पर भी पड़े बिना नहीं रह सकता है. इतिहास के रुदन और वर्तमान की बौखलाहट से उदासी में खोए हुए भारत के लोकतंत्र का भविष्य अपनी अगली यात्रा पर निकलने की तैयारी कर रहा है. भारत के संविधान में वैचारिक मध्यम मार्ग पर पैर टिकाये रखते हुए वाम-दक्षिण दृष्टिकोण के लिए थोड़ी-सी लोच तो है, लेकिन बस थोड़ी-सी. लोकतांत्रिक पद्धति से संवैधानिक प्रक्रियाओं के अंतर्गत चुनी हुई सरकार के 'अति-दक्षिणपंथ' रुझान ने संविधान को अपनी ओर झुकाने की कोशिश में इतना जोर लगाया कि संविधान, लोकतंत्र, जन-जीवन सब कुछ तबाही के कगार पर पहुंचकर हांफने लगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दस साल के शासनकाल में बेलाग झूठ बोलने के लिए इतिहास में याद किये जायेंगे. सादा हो या काला हो, किसी भी तरह के झूठ बोलने में नरेंद्र मोदी जरा भी संकोच नहीं करते हैं. लोग कितना हिसाब रखेंगे! असल में लोग झूठ इसलिए बोलते हैं कि सामनेवाले को पता न हो तो वे बोले गये झूठ को ही सत्य मान लेते हैं. जिन्हें कुछ-न-कुछ पता होता है, वे भ्रम में पड़ जाते हैं कि जो पहले से पता है वह सही नहीं है, अभी जो सुन रहा है, असल में वही सही है! झूठ बोलने वाले की हैसियत बड़ी हो तो 'छोटी हैसियत या बे-हैसियत' के लोग उसके झूठ को सत्य मानते हुए अपने ज्ञान का हिस्सा बना लेते हैं. इस तरह से झूठ का लोक-प्रसार होता रहता है. बड़े लोगों की कही बातों को जांचने, परखने के लिए लोगों का मन तैयार नहीं होता है. मन के तैयार नहीं होने के पीछे भी कुछ-न-कुछ कारण तो होते ही हैं. पहला कारण तो यह होता है कि 'छोटी हैसियत या बे-हैसियत' लोगों के मन में बात बसी होती है कि 'बड़े लोग' झूठ नहीं बोलते हैं. दूसरा यह कि बड़ी हैसियत के झूठ को यदि 'छोटी हैसियत या बे-हैसियत' के लोग पकड़ भी लें तो उस झूठ को हटाकर उसके समकक्ष वास्तविक सत्य को खड़ा करने की ताकत सामान्य और 'छोटी हैसियत' के लोगों में नहीं होती है. वैसे भी ऐसा करने के दुस्साहस का खामियाजा भोगना भारी पड़ जाता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झूठ की पोलपट्टी खोल दी तो बड़ी हैसियत के कई पत्रकार सीधे 'यूट्यूबर' बनकर रह गये. इतना ही नहीं हुआ, कई को तो 'बड़ी हैसियत' का नाजायज इस्तेमाल करते हुए जेल में डालकर बरबाद कर दिया गया. नाम क्या लेना! लेकिन इतना कहना जरूरी है कि इससे पत्रकारिता की सांस्कृतिक और राष्ट्रीय मेधा की बड़ी क्षति हुई. बहुआयामी विश्वसनीयता और भरोसा में इस क्षरण का नतीजा है कि आज भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बेझिझक कह दिया कि अब भारतीय जनता पार्टी 'सक्षम' हो गई है. अपना फैसला खुद कर सकती है. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपना काम देखे, भारतीय जनता पार्टी अपने राजनीतिक मामलों को तय करने के लिए स्वयं-सक्षम है! ऐसा कहने का साहस उसी 'बड़ी हैसियत' के साहचर्य से मिला होगा. उसी 'बड़ी हैसियत ने पचहत्तर का बहाना बनाकर 'बड़े और बड़े-बड़े' को 'मार्ग-दर्शक मंडल' के उस अंधे कुएं में डाल दिया, जहां न रोशनी की कोई किरण आती-जाती है, न भरोसे और विश्वसनीयता की कोई ऐतिहासिक ध्वनि-प्रतिध्वनि ही सुनाई देती है. जब ऐसा हो रहा था जाने किस सुख-सुविधा की प्रत्याशा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ खामोश रहा! राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कैसे यह नहीं समझ पाया कि जिसने 'पचहत्तर' का यह हाल करने की योजना बना ली वह एकोअहं की आत्म-मुग्धता की चौकड़ी भरता हुआ 'सौ वर्ष' पूरे होने के पहले उसका क्या हाल कर देगा. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विचारों और नीयत के प्रति शंकित रहने वालों को यह नहीं समझना चाहिए कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को भारतीय जनता पार्टी ने विसर्जन के रास्ते पर डालकर उनका 'काम' आसान कर दिया है. भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की एक 'शाखा' के बराबर का संगठन सौ साल में भी नहीं खड़ा कर सकती है. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ भारतीय जनता पार्टी जैसी राजनीतिक पार्टियां तीस-चालीस की संख्या में खड़ा कर सकता है. हां, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को यह जरूर सोचना चाहिए कि उसके जैसे 'सांस्कृतिक संगठन' का 'राजनीतिक प्रयोग' कैसे और क्यों फेल कर गया! बिना लोकतंत्र के कोई संगठन टिक ही नहीं सकता है.

> राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विचारों और नीयत के प्रति शंकित रहने वालों को यह नहीं समझना चाहिए कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को भारतीय जनता पार्टी ने विसर्जन के रास्ते पर डालकर उनका 'काम' आसान कर दिया है. भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की एक 'शाखा' के बराबर का संगठन सौ साल में भी नहीं खड़ा कर सकती.

# क्या है नफरती चुनाव प्रचार अभियान के पीछे?

• सियासत

हर्ष मंदर

पोलैंड से होलोकास्ट सर्वाइवर एब फॉक्समैन ने कहा था, 'ऑस्चविट्स में गैस चैम्बर और शवदाहगृह ईंटों से नहीं शब्दों से शुरू हुए थे... बुरे शब्दों, नफरती शब्दों, एंटीसेमिटिक शब्दों, पूर्वाग्रहों से भरे शब्दों से. और फिर चुप्पियों शब्दों के अभाव में ही हिंसा को बढ़ावा दिया गया.' विश्व के सबसे घनी आबादी वाले देश के प्रधानमंत्री के शब्दों और चुप्पियों से ही भारत की सबसे बड़ी धार्मिक अल्पसंख्यक आबादी यानी 20 करोड़ मुसलमानों के लिए इसके शत्रुतापूर्ण और भय से युक्त भूमि के रूप में बढ़ने को समझा जा सकता है. 2024 के भारतीय राष्ट्रीय चुनावों में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उग्र नफरती भाषणों की श्रृंखला से उठा धूल का गुब्बार अभी थमा नहीं है और यह लंबे समय तक रहने वाला है. पांच वर्षों तक और शासन करने के लिए वोट मांगते समय अपने भाषणों में मोदी ने भारतीय मुस्लिमों को जानबूझकर ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले, घुसपैठिये और वोट जिहाद करने वाले करार दिया. हिन्दुत्व दक्षिणपंथी प्रचार मशीन आम तौर पर मुस्लिमों पर लव जिहाद, भूमि जिहाद, कोरोना जिहाद, मज़ार जिहाद और यहां तक कि थूक जिहाद समेत कई तरह की जिहाद की साजिश रचने का आरोप लगाती है पर वोट जिहाद तो नई ईजाद ही है. उनकी पार्टी के लिए वोट करना हिन्दू धर्म और भारत देश के प्रति निष्ठा का संकेत है. विपक्ष के लिए वोट करना दोनों के लिए खतरनाक साजिश है. मुस्लिमों पर निशाना साधने के लिए वैसे मोदी ने हिन्दुत्व के जाने-माने दुष्प्रचार को ही दोहराया और ऐसे दावे किए कि वह हिन्दू बहुल भारत में अपनी संख्या बढ़ाने के लिए दोनों तरीकों से साजिश कर रहे हैं, यानी ज्यादा बच्चे भी पैदा कर रहे हैं और बांग्लादेश जैसे मुस्लिम बहुल पड़ोसी देशों से घुसपैठ भी कर रहे हैं. इन तरीकों के जरिए वह देश में हिन्दू बहुसंख्यकों को आबादी के मामले में पीछे छोड़ना चाहते हैं. लेकिन, प्रमाण ऐसे दावों को स्पष्ट तौर पर झुठलाते हैं. आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार भारत में गैरकानूनी प्रवासी बहुत कम संख्या में हैं. मुस्लिमों में अपेक्षाकृत बड़े परिवार आकारों की इस अनुभवजन्य सच्चाई को लेकर कोई साजिशकारी या सांस्कृतिक सोच नहीं है. इसके अलावा, परिवार का आकार मुस्लिमों समेत सभी समुदायों में कम हो रहा है. मुस्लिमों में 1992 के 4.4 से प्रजनन दर 2019-20 में घटकर 2.3 हो गई. वास्तव में परिवार के आकार में गिरावट की दर मुस्लिमों में हिंदुओं के मुकाबले ज्यादा है. इसके अलावा, यह असंभव ही है कि मुस्लिम आबादी के मामले में हिंदुओं से ज्यादा हो जाएं, वह भी ऐसे देश में जहां (2011 की जनगणना के अनुसार) हिन्दू आबादी का 80 फीसदी और मुस्लिम केवल 14 फीसदी थे. लेकिन, नफरती भाषण पर सच की असुविधा कहां लगाम लगा सकती है. हालांकि, मोदी के नफरती बयानों को राष्ट्रव्यापी और अंतरराष्ट्रीय सनसनी आंशिक रूप से बेवजह है. आखिरकार मोदी द्वारा नफरती बयान देना कोई नई बात नहीं है. 2024 चुनाव प्रचार के दौरान मोदी के नफरती बयानों में मुस्लिमों और उनके प्रमुख विपक्षी प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के खिलाफ नफरती पूर्वाग्रह फैलाने में नया कुछ नहीं है. इसके विपरीत, यह पूर्वाग्रह उनके सार्वजनिक बयानबाजी का हिस्सा रहे हैं. जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उन बारह वर्षों में भी ऐसे बयान आते थे. लेकिन जब वह भारत के प्रधानमंत्री बने, तो तभी से उन्होंने सावधानी बरती कि मुस्लिमों के खिलाफ उनके हमले ढंके-छिपे हों. 2024 के भाषणों में नया यह है कि मोदी भारतीय मुस्लिमों को एक सड़कछाप कट्टरपंथी की भाषा में नंगे रूप में ट्रोल कर रहे हैं. इसके साथ उन्होंने आखिरकार उस झीने आवरण को हटा दिया है जो मुस्लिमों के लिए देश के नेता के रूप में एक दशक में उनके पूर्वाग्रहों और नफरत के नंगेपन को छिपाए हुए था. उनका संकलन बताता है कि मोदी के नफरती भाषणों में भारतीय मुस्लिमों को बदनाम करना आम बात है. दूसरी बात वह विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस पर सत्ता में बने रहने के लिए मुस्लिम वोट हासिल करने के उद्देश्य से मुस्लिमों के प्रति 'नरम' रुख अपनाने और हिंदुओं से अन्याय करने का आरोप लगाते रहे हैं. 2013-14 में असम और बंगाल में भाषणों से लेकर राजस्थान में 2024 में भाषण तक मुस्लिम विरोधी नफरत का एक सूत्र जो समान है. वह यह झूठ है कि देश में आए मुस्लिम 'घुसपैठिये' हैं. देश में आने वाले कुछ (हिन्दू बंगाली पढ़ें) धार्मिक उत्पीड़न से प्रताड़ित होकर आए हैं और 'मां भारती' को इनका खुली बाहों से स्वागत करना चाहिए.

> पांच वर्षों तक और शासन करने के लिए वोट मांगते समय अपने भाषणों में मोदी ने भारतीय मुस्लिमों को जानबूझकर ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले, घुसपैठिये और वोट जिहाद करने वाले करार दिया. हिन्दुत्व दक्षिणपंथी प्रचार मशीन आम तौर पर मुस्लिमों पर लव जिहाद, भूमि जिहाद, कोरोना जिहाद, मज़ार जिहाद और यहां तक कि थूक जिहाद समेत कई तरह की जिहाद की साजिश रचने का आरोप लगाती है.

### मीडिया में अन्यत्र

## लैंगिक न्याय पर राजनीतिक नैतिकता की परीक्षा



**देश** में जारी आम चुनाव की प्रक्रिया के बीच आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट प्रकरण की हकीकत भले ही जांच के बाद सामने आएगी, लेकिन मुद्दे के राजनीतिक लाभ उठाने के लिए चौतरफा प्रयास हो रहे हैं. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार पर आप सांसद ने मारपीट के आरोप लगाए थे. हालांकि, इस प्रकरण में बिभव कुमार की गिरफ्तारी हो चुकी है, लेकिन चुनावी माहौल में ये आरोप आम आदमी पार्टी नेतृत्व को मुश्किल में डालने वाले हैं. इस प्रकरण ने आप और महिला सुरक्षा व न्याय के प्रति उसकी प्रतिबद्धता पर सवालिया निशान लगाए हैं. गंभीर बात यह है कि बिभव कुमार पर थप्पड़ व लात मारने और मौखिक रूप से दुर्व्यवहार करने का विवरण प्राथमिकी में दर्ज है. दुर्भाग्यपूर्ण बात यह भी कि एक फेक वीडियो इस घटनाक्रम का बताकर वायरल किया गया है. ऐसे तमाम प्रकरण भारतीय राजनीति में पहले भी आते रहे हैं, जब राजनीतिक लाभ के लिए कल्पित धारणा वास्तविक मुद्दे को पार्श्व में डाल देती है. विडंबना यह है कि लोकसभा चुनावों के बीच यह घटना प्रतिद्वंद्वी दलों के लिए, आप द्वारा अपनाए गए उच्च नैतिक आधार को चुनौती देने का नया मुद्दा बन गई है. निश्चित रूप से इस प्रकरण के गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं. वहीं यह घटना महिला सुरक्षा पर भारतीय राजनीतिक लोकाचार के लिए एक परीक्षा भी है. बहरहाल, इस घटनाक्रम ने महिलाओं के अधिकारों की मुखर वकालत करने वाले आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को कठघरे में खड़ा कर दिया गया है. उन पर इस मुद्दे पर बयान देने से बचने का आरोप लगाया जा रहा है. जहां कुछ पार्टी नेता भी इस मुद्दे पर कोई बयान देने से बच रहे हैं, वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह इस मुद्दे पर बचाव से ज्यादा मुखर मुद्रा में नजर आ रहे हैं. वे केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार के खिलाफ सख्त कार्रवाई को राजनीतिक पैंतरेबाजी का हिस्सा बता रहे हैं. वैसे यह हकीकत है कि जब महिला उत्पीड़न की बात सामने आती है तो कोई भी राजनीतिक दल बेदाग नजर नहीं आता. हाल ही में कर्नाटक में जनता दल (एस) के लोकसभा प्रत्याशी प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन शोषण के गंभीर आरोप भी यही बात साबित करते हैं. भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह पर महिला पहलवानों से छेड़छाड़ के आरोप लगे हैं. निस्संदेह, ये मामले एक चिंताजनक प्रवृत्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो राजनीति में पितृसत्तात्मक प्रकृति को ही उजागर करते हैं. ऐसा लगता है कि राजनीतिक विचार पीड़ितों के कल्याण पर भारी पड़ रहे हैं. **(दैनिक ट्रिब्यून)**

### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## आंच/आंचल

**एक** मां की आंचल की छांव इतनी शीतल और सुखद होती है कि वहां तक कोई आंच पहुंच नहीं पाती. मां की आंचल में इतनी बड़ी शक्ति होती है कि उसके आगे किसी भी आंच को पहुंचने की हिम्मत नहीं होती. आंच हिंदी का तद्भव संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. इसका तत्सम रूप अर्चि है, जिसका अर्थ होता है आग की लपट. संस्कृत का अर्चि शब्द पालि भाषा तक पहुंचते-पहुंचते अच्चि बना और हिंदी तक आते-आते आंच हो गया. यह बहु प्रचलित शब्द है, जिसका सामान्य अर्थ है गरमी, ताप. उदाहरण के लिए कहते हैं, कोयले की आंच पर भोजन अच्छा पकता है. गांव की महिलाएं मिट्टी चूल्हे की आंच से भोजन पकाती हैं. आंच का मतलब आग की लपट या लौ, आग, अग्नि भी होता है. इसका क्रिया रूप है आंच आना, आंच पहुंचना, आंच लगना, आंच करना, आंच फैलना. जैसे कहते हैं, तुम निश्चिंत रहो, तुमपर किसी प्रकार की आंच नहीं आयेगी. सांच को आंच क्या? आंच का मतलब विपत्ति, संकट, आफत, संताप, प्रेम, मुहब्बत, काम, ताप, तेज, प्रताप, आघात, चोट, हानि, अहित, अनिष्ट भी होता है. जो संतान को सभी प्रकार की आंच से बचाता है, वह आंचल तद्भव संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका मतलब है धोती, दुपट्टा आदि बिना सिले हुए वस्त्रों के दोनों छोरों पर का भाग, पल्ला, छोर, साधुओं का अंचला, स्त्रियों की साड़ी या ओढ़नी का वह छोर या भाग जो सामने छाती पर रहता है. मुक्तक काव्य ग्राम्या में सुमित्रानंदन पंत ने कहा है-वह मग में रुक, मानो कुछ झुक आंचल संभारती फेर नयन. आंचल शब्द से बने असंख्य मुहावरों का प्रयोग हम चाहे-अनचाहे, गाहे ब गाहे करते रहते हैं. जैसे आंचल डालना यानी मुसलमानों के समाज में विवाह की एक रीति. उस रीति के अनुसार जब दूल्हा दुलहिन के घर जाने लगता है, तब उसकी बहन उसके सिर पर आंचल डालकर उसे घर ले जाती है. इसका नेग बहन को दिया जाता है.

# साठ साल के हो गये बेचारे पतिदेव

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश



पतिदेवों के रहन-सहन के मामले में उम्र का नाटक चलता रहता है. अगर वरिष्ठ नागरिक हो चुका कोई पतिदेव बाजार में कपड़ा खरीदने जाता है और कोई रंग-बिरंगी बुशर्ट खरीदना चाहे तो प्रायः पत्नियां टोक देती हैं कि अब इस उम्र में क्या इस तरीके की छींटदार बुश्शर्ट पहनते हुए अच्छे लगोगे? आदमी मन मसोस कर रह जाता है. चलो भाई ,क्रीम कलर की सीधी-सादी शर्ट ही खरीद लेते हैं. कई वरिष्ठ नागरिक पतिदेव तो स्वयं अपने आप को इतना ज्यादा वरिष्ठ मान बैठे हैं कि कहीं भी उल्लास और उमंग के साथ उपस्थित होने की बात आती है तो पहले ही कह देते हैं कि अब हमारी इन सब बातों की उम्र नहीं रही. अर्थात इधर आदमी साठ का हुआ ,उधर जीवन के सारे सुखों से वंचित हो गया. हद तो तब हो जाती है जब बच्चे मिल – बैठकर कहीं जाने का प्रोग्राम बनाते हैं और पिकनिक -सैर सपाटे आदि के बारे में सोचते हैं तो उनका यही कहना होता है किसी तीर्थस्थान पर चलने का इस बार प्रोग्राम बना लेते हैं. माताजी और पिताजी के लिए तो इस उम्र में यही ठीक रहेगा. आदमी सोचने के लिए विवश हो जाता है कि मैं साठ का हुआ, क्या मेरे लिए अब तीर्थयात्रा ही बची है? देखिए ! समाज कितना शक्की होता है ! एक लेखक के हास्य-व्यंग्य लेख को किसी महिला ने फेसबुक पर लाइक कर दिया और इस घटना को उनकी श्रीमती जी की जासूसी निगाहों ने पकड़ लिया. बस इंटरव्यू शुरू हो गया. यह महिला कौन है ? ... कहाँ रहती है... आयु कितनी है ...तुम्हारा इस से संपर्क कैसे आया ....जरा यह तो सोचो कि अब तुम्हारी उम्र साठ साल से ज्यादा हो गई है ..आदि-आदि. वह कहते ही रह गए कि उनके हास्य व्यंग्य को अगर कोई महिला लाइक करती है तो उनकी इसमें क्या गलती है और वह क्या कर सकते हैं ? मगर उनकी एक न सुनी गई. जैसे अपराधियों को प्रतिदिन थाने में हाजिर होने का निर्देश दिया जाता है , ठीक उसी तरह उन्हें प्रतिदिन अपनी फेसबुक दिखाने का निर्देश दे दिया गया और कहा गया कि अगर कोई महिला तुम्हारी फेसबुक पोस्ट को लाइक करती है, तब स्पष्टीकरण तुमसे पूछा जाएगा. तबसे वह रोजाना डरते रहते हैं कि कहीं वह कुछ ऐसा शानदार न लिख बैठें कि जिसे कोई महिला पाठक लाइक कर दे और वह मुसीबत में फंस जाएं. कई बार पत्नियां भी गलत नहीं सोचती है. साठ साल तक तो लोग सीधे–साधे तरीके से चलते रहते हैं. फिर उसके बाद बिगड़ जाते हैं. बहुत से लोग पैंसठ वर्ष की आयु में अपनी पहली पत्नी को तलाक देकर दूसरी शादी करते हुए पाए गए हैं.

# Her Story

## वन पॉट मील टाकोस विद डिप



रानी प्रसाद
पाक कला विशेषज्ञ

**मौसम गर्म है, ऐसे में रसोई में घंटो गुजारना महिलाओं के लिए आसान नहीं. आज बात करते हैं वन पॉट मील टाकोस विद डिप की जिसे तैयार करने में अधिक बर्तन नहीं लगते और एक डिश ही कंप्लीट फूड का काम करता है. इसे लंच या डिनर किसी में आजमाया जा सकता है.**



**ये चाहिए भरावन की सामग्री :** मध्यम साइज के पांच उबले हुए आलू, कॉर्न आधा कप, प्याज मध्य साइज के दो, रिफाइंड ऑयल, ओरिगैनो एक चम्मच, चिली फ्लेक्स एक चम्मच, नमक स्वाद अनुसार, चीज़ - 2 क्यूब्स.

**रोटी बनाने के लिए सामग्री :** मक्के का आटा एक कप, गेहूं का आटा एक कप, रिफाइंड तेल आधा कप, नमक स्वाद अनुसार, हल्दी पाउडर आधा चम्मच, मोइन के लिए रिफाइंड ऑयल दो चम्मच.

**ऐसे बनाएं**

सबसे पहले हमें आटा की तैयारी करनी है. मक्के का आटा और गेहूं के आटा को मिला दें. उसमें हल्दी पाउडर नमक और दो चम्मच रिफाइंड तेल डालकर एक मीडियम सॉफ्ट डो तैयार करें. इसे ढककर एक तरफ रख दें. अब हम फीलिंग की तैयारी करेंगें.

एक पैन में थोड़ा सा रिफाइंड लेंगे. उसमें प्याज डालकर हल्का भुनेंगे. उसके बाद इसमें कॉर्न और गाजर को मिला देंगे. 2 मिनट के बाद इसमें नमक और ओरिगैनो तथा चिल्ली फ्लेक्स डाल देंगे. दूसरी तरफ आलू को अच्छे से मैश कर लेंगे. इसमें भी नमक मिला देंगे धनिया की पत्ती महीन महीन कतर के डाल देंगे. आलू के मिक्सर में कॉर्न और गाजर के मिक्सर को मिलाकर भरावन एक साइड रख देंगे.

अब हमें रोटी बेलनी है. आटे की छोटी-छोटी लोई लेकर पतली पतली रोटी बेलेंगे और उसे तवा पर उलट-पुलट कर सेक लेंगे. सबको अलग-अलग फैला के ठंडा करेंगे. फिर एक-एक रोटी में टोमेटो केचप लगाकर आधा हिस्सा में आलू का भरवां रखेंगे इस पर थोड़ा सा चीज घिसकर डालेंगे. इच्छा हो तो पनीर भी डाल सकते हैं. उसके बाद रोटी को आधा मोड लेंगे और तवा पर धीमे-धीमे आंच पर रिफाइंड लगाकर दोनों साइड से कुरकुरे सेक लेंगे. बस यह खाने के लिए टाकोस तैयार है.

**चलते हैं अब हम डिप की तैयारी करने.**

**डिप में लगने वाली सामग्री**

- हंग कर्ड एक कप
- मेयोनेज़ वन फोर्थ कप
- चिली फ्लेक्स इच्छा अनुसार
- नमक स्वाद अनुसार
- काली मिर्च का पाउडर आधा चम्मच
- नींबू का रस आधा चम्मच

इन सभी सामग्री को एक साथ मिल लेंगे. आपका डिप तैयार है. टाकोस के साथ सर्व करें.

*खेल खिलौनों और कार्टून से आगे की दुनिया बच्चों के लिए न परियों की कहानी सी मोहक होती है और न आपकी गोद सी आरामदेह. ढेर सारे शारीरिक मानसिक बदलाव के साथ अपेक्षाओं, चुनौतियों से भरी नई जिंदगानी कई बार एक टीनएज्जर्स के साथ पैरेंट्स को भी असमंजस के मोड़ पर लाकर खड़ी कर देती है.*

## कच्ची धूप



### लुक, ड्रेसिंग, हेयर स्टाइल

उम्र के इस दौर में कई बार बच्चों खास कर बेटियों का पहनावा, हेयर स्टाइल आदि झुंझलाहट भर देता है. कई बार उनकी ड्रेस, हेयर स्टाइल आदि को लेकर सीधे ना कहने की इच्छा होती है. पैरेंटिंग पर कई किताबें लिखने वाले रॉबर्ट इवान कहते हैं कि समस्या को बड़े कैनवास में देखने की दरकार है. अगर कपड़े हेयर स्टाइल को लेकर टीनएजर बच्चे की पसंद उसे किसी खतरे में नहीं डालती तो उसे उम्र के अनुसार खुद निर्णय लेने दें. ऐसी ड्रेस, हेयर स्टाइल या लुक से जो परिणाम या अनुभव मिलता है, उससे उनकी सीख अधिक बेहतर होगी. बकौल इवान कई पैरेंट्स चाहते हैं कि बच्चे उनकी सीख से आगे बढ़े, अपने निर्णय से वे खुद को दर्द, निराशा या असफलता में नहीं ढकेलें. पर सच्चाई से बचाकर की गई ऐसी परवरिश कई बार सीखने के खूबसूरत अवसरों पर पानी फेर देती है. यह भी ध्यान रखें कि लुक को लेकर आप खुद अधिक असहज होंगी तो बेटी पर भी प्रभाव पड़ेगा ही. उन्हें महसूस होना चाहिए कि आप जैसी दिखती हैं, उससे खुश और संतुष्ट हैं.

### उनकी सुनिए

बच्चों की सुनिए और उन्हें यह जाहिर भी होने दें कि आप उन्हें सुन रही हैं. यह ध्यान देने की कोशिश करें कि बच्चे कब आपसे बात करने के मूड में अधिक होते हैं. यह आपका कार पर साथ होने का समय हो सकता है, या डिनर टेबल पर या फिर बेड टाइम पर. उन्हें अहसास कराएं कि आप उनसे बात करने के लिए न केवल मौजूद हैं, बल्कि उत्साहित भी. उनकी रुचि के बारे में जानिए. उनके फेवरिट म्यूजिक या एक्टिविटी के बारे में बात कीजिए. सवालों से बात की शुरुआत करने की बजाय आप इसके बारे में क्या सोचती हैं, यह बताएं. कठिन हो, फिर भी उनके नजरिए को धैर्य से सुने. सुनने के बाद प्रतिक्रिया देने से पहले, यह भी स्पष्ट करें कि आपने क्या सुना. उसके बाद असहमति होने पर अपने मत को कुछ यूं जाहिर करें, मैं जानती हूं कि तुम मेरी राय से सहमत नहीं, पर इस मसले पर मैं कुछ ऐसा सोचती हूं बातचीत के दौरान बच्चों की फीलिंग पर ज्यादा फोकस करें, बजाय अपनी.

### दोस्ती-यारी, सब पर भारी

हमेशा आपसे चिपके रहने वाला बच्चा टीनएजर होते ही यारी दोस्ती को अधिक तरजीह देने लगता है. साथियों के दवाब में कई ऐसी आदतें शुरू होती है, जो पैरेंट्स को खटकने लगती हैं. ऐसे में बड़ों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की दरकार नहीं और न ही वे बच्चों को अपने साथियों को कमतर मानने के लिए मजबूर करें. केवल यह देखना है कि संगत में वे ऐसे काम नहीं करें जो उन्हें खतरे में डालें या नुकसान करे. उन्हें सामर्थ्य दिलाएं कि वे साथियों के दवाब का सामना कर सकें. मनोविज्ञान की एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मीनाक्षी कुजूर कहती हैं कि इस स्थिति से एक दो दिन में निबटना संभव नहीं. शुरू से दोस्ताना संबंध रखें. खूब बातें करें. अपने ऑफिस और दूसरे अनुभव उससे शेयर करें. उनके दोस्तों को घर बुलाएं. सहजता से बातें करें. बच्चे को यह अहसास नहीं कराएं कि इस गलती पर आपको पैरेंट्स सजा दे सकते हैं. सेक्स और डेटिंग जैसे मसलों को हैंडल करने में भी यह तकनीक काम देगी.



### मीडिया साक्षर

आज के दौर में बच्चों को मीडिया साक्षर करना भी जरुरी है. बच्चे अपने आसपास की घटनाओं से भी बहुत कुछ सीखते हैं. इन घटनाओं की मीडिया रिपोर्टिंग भी उनके व्यक्तित्व पर असर डालती है. उन्हें मीडिया साक्षर बनाने का मतलब है कि उन्हें बताएं कि मीडिया हमें कैसे सम्मोहित करता है, कैसे सच्चाई गढ़ता है और उसमें प्रचारित मान्यता को हम कैसे तोड़ सकते हैं. जब मुट्ठी में दुनिया है तो हमें बताना ही होगा कि इसका कैसे और कितना उपयोग करें ताकि इसके हानिकारक असर को कम किया जा सके.

### अलार्मिंग सिग्नल

कभी कभी टीनएजर बच्चों का व्यवहार ऐसे मोड़ पर नजर आता है जब स्थिति को पटरी पर लाने के लिए बाहरी या प्रोफेशनल मदद की दरकार होती है. इसके कई अलार्मिंग सिग्नल हो सकते हैं. बच्चों के अचानक के बदलाव पर ध्यान दें. यह बदलाव उनके व्यवहार, स्कूल के रिजल्ट, दोस्तों आदि किसी रुप में नजर आ सकता है. घर में रखे मेडिसिन और कफ सिरप पर नजर रखें. बच्चों के कमरे या बैग में कफ सिरप, रोलिंग पेपर, माचिस की डिब्बी, अनजानी गोलियां, पाइप आदि का मिलना या आपके कैबनिट से कफ सिरप की बॉटल का गायब हो जाना अलार्मिंग सिग्नल हो सकता है. यूनिवर्सिटी ऑफ मेरीलैंड्स सेंटर औन यंग एडल्ट हेल्थ एंड डवेलपमेंट की डायरेक्टर अमेलिया एम आरिया के अनुसार, कई बार पैरेंट्स उम्र के इस दौर में कभी कभार खुद के अल्कोहल लेने की घटना याद कर इसे अधिक तूल नहीं देते. पर यह स्थिति बच्चों के लिए घातक हो सकती है. बहरहाल पैरेंटिंग न तो क्लास में सीखने की चीज है और न किताबें पढ़ कर बच्चों की परवरिश की जा सकती है. आप और आपका बच्चा दोनों खास और दूसरों से अलग है. बस एक दूसरे की प्रकृति को पहचानिए और एक कली को खूबसूरत फूल बनने में अपनी ओर से पूरा योगदान दे. इसकी खुशबू से आपकी बगिया और दुनिया दोनों महकेगी.

## इत्ती-बित्ती मिनी बैग्स

**क्यूट सा मिनी बैग्स इन दिनों ट्रेंड में हैं जो साइज में बेहद छोटा लेकिन यूनिक होने के कारण तुरंत ध्यान आकृष्ट करते हैं. बॉलीवुड-हॉलीवुड सेलेब्स तो अक्सर इन मैनी बैग्स के साथ स्पॉट किए जाते. मार्केट में इसकी इतनी वेरायटी है कि आपका दिल एक साथ दो-चार खरीदने को मचल जाए तो आश्चर्य नहीं. आइए मिनी बैग्स के कुछ डिजाइन्स की करें चर्चा जो आपके लुक को बनाएगा थोड़ा अधिक स्टाइलिश और अट्रैक्टिव –**





### मिनी क्रॉस बॉडी बैग

ऐसे बैग बड़े स्ट्रेप वाले होते हैं जिसे हम कई तरह से कैरी कर सकते हैं. इसे शोल्डर पर यूं ही हैंग करें या क्रॉसबॉडी के रूप में कैरी करें, मर्जी आपकी है. रंग मैचिंग शेड्स का लें या डिफरेंट कलर का...स्टाइल में इजाफा होना तय है.

### ट्राएंगल शेप्ड मिनी बैग

ट्राएंगल शेप्ड मिनी बैग अपनी शेप के कारण ध्यान आकृष्ट करता है. खास कर ब्राइट और बोल्ट कलर के ट्राएंगल शेप्ड मिनी बैग में एक स्टेटमेंट लुक क्रिएट करते हैं.

### मिनी बकेट बैग



आमतौर पर मिनी बकेट बैग को रिस्ट पर कैरी किया जाता है. कलर आप पसंद का कोई भी ले सकती हैं लेकिन इसमें व्हाइट, ब्लैक, ग्रे, ब्राउन कलर सदाबहार हैं. कुछ में पैटर्न लुक भी काफी अच्छा लगता है. लुक को अधिक एलीगेंट बनाता है.

### मिनी रिस्ट बैग



यह मिनी बैग इस अंदाज में अनोखा है कि इसे कलाई पर वैसे ही कैरी किया जाता है जैसे आप रिस्ट वॉच कैरी करती हैं. यह कई वेरायटी में अवेलेबल है जैसे मिनी बैगपैक रिस्ट बैग या फिर एनिमल प्रिंटेड मिनी रिस्ट बैग आदि.

### मिनी पर्ल बैग



यह शाम की पार्टी/गेट टूगेदर के लिए परफेक्ट च्वॉइस हो सकता है. मिनी पर्ल बैग में भी डिजाइन और वेरायटी दिल चुराने वाली होती है. फैशन डिजाइनर्स की सुझाव माने तो पर्ल बैग के साथ बोल्ड लिप्स लुक अपनाएं.

## आजमाएं ये किचन टिप्स

- एक पैन में 2 कप पानी में दो चम्मच चाय की पत्ती डालकर. इस पानी को छानकर एक बर्तन में निकालें. इसमें थोड़ा सा डिश सोप डालें और उसे अपने कांच के बर्तन को धो लें. कांच के बर्तन चमक जाएंगे.
- **कुकर नहीं पड़ेगा काला**
- आलू उबालने पर कुकर अंदर से काला पड़ जाता है. इससे बचने के लिए आलू उबालते समय जरा सा नमक और एक नींबू का टुकड़ा डाल कर सीटी लगवाएं.
- सूखी लाल मिर्च पीसने से पहले मिर्च को धूप में कुछ देर रखें और फिर इसे मिक्सर में डालें. अब इसमें 1 छोटा चम्मच नमक और 1 बड़ा चम्मच सरसों का तेल डालकर पीस लें. इससे रंग भी गहरा होगा और धसका भी नहीं लगेगा.
- हलवा बनाते समय चीनी की जगह चाशनी डालने से स्वाद और रंगत, दोनों बेहतर होगा.
- चीनी में चीटियां पड़ने की समस्या से परेशान हैं तो चीनी के डब्बे में 2-4 लौंग डाल दें. इससे चीनी में चीटियां नहीं पड़ेंगीं.
- अगर आपके फ्रिज से कभी-कभी बदबू आती है तो इसे हटाने के लिए एक न्यूजपेपर को हल्का भिगोकर इसे एक मुट्ठी में क्रश कर लें और इसका गोला बनाकर इसे रातभर के लिए फ्रिज में रख दें. ये पेपर सारी बदबू सोख लेगा. सुबह से पेपर को फ्रिज से हटा दें.

होममेड हेयर मास्क

## हाय! ये चिपचिपे से बाल

**गर्मियों में पसीने की वजह से बाल चिपचिपे हो जाते हैं और उनमें धूल-मिट्टी व गंदगी अधिक चिपकने लगती है जिससे बाल न केवल चिपचिपे हो जाते हैं, बल्कि बाल झड़ने जैसी समस्याएं भी शुरू हो जाती हैं. ऐसे में ये होम मेड मास्क असर दिखाएंगे.**









- **एलोवेरा**

ऐलोवेरा जेल दो चम्मच, नींबू कर रस आधा चम्मच, दही आधा कप, शहद दो चम्मच, प्याज का रस चौथाई कप और एक चम्मच कॉफी इन सबको मिला कर पेस्ट तैयार करें. इसे बीस मिनट के लिए बालों में लगाएं और फिर शैम्पू कर लें.

- **दही-अंडा मास्क**

दही में मौजूद प्रोबायोटिक बालों को भरपूर पोषण देते हैं. एक कटोरी दही में इसमें एक बड़ा चम्मच नींबू का रस, एक अंडे का वाइट हिस्सा डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें. इसे अच्छी तरह से बालों और स्कैल्प पर लगाकर 1 घंटे के लिए छोड़ दें. जब ये सूख जाए तो माइल्ड शैम्पू कर लें.

- **संतरा पाउडर मास्क**

दो चम्मच संतरे के छिलके के पाउडर में आधा चम्मच नींबू के छिलके का पाउडर और एक चम्मच बादाम का पाउडर मिलाएं. जरुरत के अनुसार पानी डाल कर पेस्ट बनाएं और बालों पर आधे घंटे के लिए इस लगाएं. फिर साफ पानी से धो लें.

**-कमलजीत कौर, ब्यूटी एक्सपर्ट**

## "हमें तवायफों जैसा दिखना ही क्यों!"

**विमर्श**

*एक प्रसिद्ध शॉपिंग साइट पर हीरामंडी से इंस्पायर्ड कलेक्शंस पेश किए गए हैं. मीडिया के विभिन्न माध्यमों के जरिए जमकर इसका विज्ञापन भी किया जा रहा. इस पर झारखंड की महिलाओं/लड़कियों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है...*

### तवायफों जैसे कपड़े कौन पहनना चाहेगा!



मोनिका गुंजन आर्य
पत्रकार

जब एक प्रसिद्ध शॉपिंग साइट पर हीरामंडी से इंस्पायर्ड कलेक्शंस देखी तो पहला जो विचार मन में आया, वो ये था कि तवायफों के कपड़ों जैसा कौन खुद पहनना चाहेगा या अपने परिवार में बेटियों/बहुओं या अन्य महिलाओं को पहनाना चाहेगा! सच कहूं, तो तरस आया इस शॉपिंग/क्लोथिंग ब्रांड के स्ट्रेटजिस्ट पर. मुझे लगा, कौन खरीदेगा उस कपड़े को! फिर बाद में लगा कि भारत में अब अर्द्ध विक्षिप्तों की संख्या बढ़ती जा रही है.

तवायफों के साथ हमदर्दी हो सकती है, होनी भी चाहिए, लेकिन क्या उनके जैसा जीवन यापन करने, उनकी तरह बोलने, व्यवहार करने पर हमारा परिवार, हमारा सर्किल, हमारा समाज हमें स्वीकार करेगा? फिर उनके जैसे कपड़े पहनने से कैसे वो हमें बर्दाश्त करेंगे! सबसे बड़ी बात कि हम उनके जैसा दिखना ही क्यों चाहेंगी! क्या मैं इनसेंसिटिव साउंड कर रही हूं?

### यह विरोध तो कट्टरपंथ है



स्नेहा सिंह
सीए स्टूडेंट

हीरामंडी वेबसीरीज से इंस्पायर्ड कपड़े का विरोध करना बहुत संकुचित मानसिकता का परिचायक है. किसी की तरह के कपड़े पहनने से हम वैसे ही नहीं हो जाते. फिर जिससे प्रेरित कपड़ों की बात कही जा रही, वे महिलाएं संगीत और सलीके के लिए अपनी पहचान रखने वाली महिलाएं थीं. जो कपड़े पहने दिख रही हैं या जो उनसे इंस्पायर्ड कपड़े हैं, वे भी बहुत रॉयल टच लिए हैं.

### बहुत अशोभनीय फैशन है ये



डॉ कल्याणी कबीर
प्रिंसिपल, रंभा कॉलेज

अंधानुकरण की इंतेहा है ये और बाजारवाद का असर भी. स्हीरामंडीस्र बेबसीरीज के पोशाक को पहनने की होड़ का कोई औचित्य ही नहीं है. वैसे मैंने देखी है ये बेबसीरीज और जो संदेश इसमें देने की कोशिश की गई है वह है कि किस तरह स्वतंत्रता संग्राम के वक्त हर तबके- वर्ग के लोग इस युद्ध में अपने आप को होम कर रहे थे. पर इस बात को दरकिनार कर तवायफों से प्रेरित पोशाक को धारण करने का फैशन अशोभनीय है. विचार भी मन का पोशाक है. इस वैचारिक पोशाक पर भी तथाकथित आधुनिक महिलाएं ध्यान दें. उपभोक्तावाद और दिखावे की संस्कृति का यह स्तर ठीक नहीं.

### हर्ज क्या है?



क्रान्ति श्रीवास्तव
साहित्यकार

कोई कपड़ा किसी के व्यक्तित्व को परिभाषित नहीं करता है. अगर हीरामंडी वेबसीरीज से इंस्पायर्ड कपड़े हम पहन लें तो हम भी तवायफ नहीं बन जाएंगे. फिर तवायफों से इतनी घृणा क्यों! वे अगर उस गली में हैं तो इसके पीछे कहीं न कहीं यह समाज ही जिम्मेदार है. मैं यह भी कहना चाहती हूं कि ये कपड़े उसे पेशे विशेष को नहीं, बल्कि उस काल खंड की पोशाक को जाहिर करते हैं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी





## ब्रीफ खबरें

### वेन्नम रैंकिंग में चौथे भारत दूसरे स्थान पर

**येचियोन (दक्षिण कोरिया)।** एशियाई खेल चैम्पियन ज्योति सुरेखा वेन्नम के चौथे स्थान पर रहने से तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में भारतीय कंपाउंड महिला टीम क्वालीफाइंग रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई. विश्व कप में सत्र के पहले शंघाई चरण में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाने के बाद ज्योति शीर्ष तीन में रहने से तीन अंक से चूक गई. वह तीसरे स्थान पर रही दक्षिण कोरिया की ओह युहयुन (707 अंक) से तीन अंक पीछे रह गई. हान सियुंगियोन पहले और लक्जेमबर्ग की मारिया शकोल्ना दूसरे स्थान पर रही. भारत की परनीत कौर आठवें और विश्व चैम्पियन अदिति स्वामी 15वें स्थान पर रही. भारतीय टीम दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रही.

### जर्मनी के महान खिलाड़ी टोनी क्रूज संन्यास लेंगे

**मैड्रिड।** जर्मनी के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी टोनी क्रूज 2024 यूरोपीय चैंपियनशिप के बाद खेल को अलविदा कह देंगे. यह जानकारी उनके क्लब रीयाल मैड्रिड ने मंगलवार दी. रीयाल मैड्रिड ने बताया कि 34 साल के क्रूज ने यूरो 2024 के बाद पेशेवर फुटबॉलर के रूप में अपने करियर को समाप्त करने का फैसला किया है. क्लब ने कहा, रीयाल मैड्रिड टोनी क्रूज के प्रति अपना आभार और स्नेह व्यक्त करना चाहता है. वह हमारे क्लब के साथ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के महानतम दिग्गजों में से एक के रूप में जाने जाएंगे. क्रूज 2014 से रीयाल मैड्रिड के साथ है. इस दौरान टीम ने 22 खिताब जीते है.

### अभ्यास के लिए रोलां गैरो पहुंचे नडाल

**पेरिस।** रिकॉर्ड 14 बार के फ्रेंच ओपन चैम्पियन रफेल नडाल तैयारी के लिए रोलां गैरो लौटे हैं हालांकि उनके फॉर्म और फिटनेस को लेकर संशय की स्थिति है. 37 वर्ष के नडाल अपने कोच कार्लोस मोया और दो अभ्यास जोड़ीदारों के साथ यहां पहुंचे. फ्रेंच ओपन के मुख्य स्टेडियम पर अभ्यास देखने के लिए करीब 6000 दर्शक मौजूद थे. करीब डेढ घंटे तक चले अभ्यास सत्र के बाद नडाल ने प्रशंसकों को आटोग्राफ दिए और लॉकर रूम में चले गए. फ्रेंच ओपन रविवार से शुरू हो रहा है. नडाल कूल्हे की चोट के कारण 2023 में लगभग पूरे सत्र से बाहर रहे. वह हाल ही में इटालियन ओपन के दूसरे दौर में हुबर्ट हुरकाज से हार गए थे.

### चंद्रू ने डब्ल्यूबीसी इंडिया राष्ट्रीय खिताब जीता

**हैदराबाद।** तमिलनाडु के उभरते हुए मुक्केबाज चंद्रू जी ने पंजाब के जसकरण सिंह को चौथे दौर में नॉकआउट करते हुए डब्ल्यूबीसी इंडिया क्रूजरवेट चैंपियनशिप खिताब जीता. इस मुकाबले में 10-0 के जीत-हार के रिकॉर्ड के साथ उतरे चंद्रू उम्मीद के मुताबिक जीत दर्ज करने में सफल रहे. उन्होंने हालांकि धीमी की शुरुआत की और जसकरण (9-3) ने अपनी लंबाई का फायदा उठाते हुए बढ़त बना ली. दूसरे दौर से हालांकि चंद्रू ने दबदबा बनाना शुरू किया और फिर विरोधी मुक्केबाज को कोई मौका नहीं दिया. चंद्रू ने चौथे और निर्णायक दौर में जसकरण के चेहरे पर दाएं हाथ से दमदार मुक्का जड़कर उन्हें धराशाई कर दिया.

**खेल हॉकी प्रो लीग : अर्जेंटीना के खिलाफ भारतीय पुरुष टीम का पहला मुकाबला आज**

# महिला टीम को भी यूरोपीय चरण का फायदा मिलने की उम्मीद

एजेंसी। एंटवर्प (बेल्जियम)



**खास बातें**
- कप्तान सलीमा टेटे की अगुवाई में अर्जेन्टीना से भिड़ेगी टीम
- बोलीं कप्तान–कोई शक नहीं कि हमारा ध्यान ओलंपिक पर है

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ओलंपिक से पहले बुधवार को अर्जेन्टीना के खिलाफ मुकाबले से शुरू हो रहे एफआईएच प्रो लीग के कठिन यूरोपीय चरण के दौरान अपनी कमियों को दूर करने की कोशिश करेगी. भारतीय महिला हॉकी टीम भी नई कप्तान सलीमा टेटे की अगुवाई में जब अर्जेन्टीना से भिड़ेगी, तो पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाने की निराशा से उबरने का प्रयास करेगी. ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली पुरुष टीम ऑस्ट्रेलिया के हाथों टेस्ट सीरीज में 0-5 से सूपड़ा साफ होने के बाद इस टूर्नामेंट में खेलते हुए नजर आएगी और पेरिस खेलों से पहले जीत की राह पर लौटने के लिए यूरोप में मिले मौके का पूरा फायदा उठाना चाहेगी. हरमनप्रीत ने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि हमारा ध्यान ओलंपिक पर है, लेकिन हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चैंपियन (प्रो लीग में) बनने और 2026 हॉकी विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने की भी जरूरत है.

भारतीय टीम अभी आठ प्रो लीग मैच में 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है. नीदरलैंड 26 अंक (12 मैच) के साथ शीर्ष पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया 20 अंक (8 मैच) के साथ दूसरे पायदान पर है. कप्तान ने कहा, इन दोनों लक्ष्यों (ओलंपिक से पहले अच्छा प्रदर्शन करना और 2026 विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करना) को हासिल करने के लिए हम मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और अपने सभी मैच जीतने का प्रयास करेंगे. अर्जेंटीना के अलावा भारतीय पुरुष टीम बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ भी अपनी ओलंपिक की तैयारियों को परखेगी. प्रो लीग तालिका में छठे स्थान पर काबिज भारतीय महिलाओं के पास बुधवार को दुनिया की सातवें नंबर की टीम अर्जेंटीना के खिलाफ मुकाबले के साथ तालिका में ऊपर चढ़ने का मौका है. दुनिया की छठे नंबर की टीम भारत ने प्रो लीग के घरेलू चरण में आठ मैच में आठ अंक हासिल किए जिसमें अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत भी शमिल हैं. नवनियुक्त कप्तान सलीमा ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में भारत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैत्री मैचों से उनकी टीम को प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए तैयार होने में मदद मिली. महिला वर्ग में चीन आठ मैचों में 15 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है जबकि शीर्ष पर मौजूद नीदरलैंड ने अपने सभी 12 मैच जीतकर 36 अंक जुटाए हैं. अर्जेंटीना के बाद महिला टीम 23 मई को बेल्जियम से भिड़ेगी जबकि पुरुष टीम एक दिन बाद मेजबान का सामना करेगी.

**आईपीएल एलिमिनेटर का दूसरा मुकाबला आज**

# राजस्थान के सामने होगी आरसीबी की कठिन चुनौती

एजेंसी। अहमदाबाद




**मैच का समय शाम 7:30 बजे**

संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स के सामने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग प्लेआफ में आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कठिन चुनौती होगी जो चमत्कारिक प्रदर्शन करके यहां तक पहुंची है. एक समय पर रॉयल्स का शीर्ष दो में रहना तय लग रहा था लेकिन लगातार चार हार और केकेआर के खिलाफ आखिरी मैच बारिश में धुलने के कारण वह सनराइजर्स हैदराबाद के बाद दूसरे स्थान पर रही. दूसरी ओर आरसीबी प्लेआफ से बाहर होने की कगार पर पहुंचने के बाद सनसनीखेज तरीके से चौथे स्थान तक पहुंची. पहले आठ में से सात मैच हारने के बाद फाफ डु प्लेसी की टीम ने गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर प्लेआफ में जगह बनाई. रॉयल्स चार हार और एक वर्षाबाधित मैच रद्द होने के बाद यहां पहुंची है, तो आरसीबी ने लगातार छह जीत दर्ज करके अपने प्रतिद्वंद्वी के लिए खतरे की घंटी बजा दी है. आईपीएल के पहले सत्र 2008 की चैम्पियन रॉयल्स कुछ सप्ताह पहले खिताब की सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही थी लेकिन पिछले चार मैचों में उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की कमजोरियां उजागर हुई. जोस बटलर के इंग्लैंड लौट जाने से उसकी बल्लेबाजी पर असर पड़ा है. अब यशस्वी जायसवाल (348 रन), कप्तान सैमसन (504 रन) और रियान पराग (531 रन) को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी. सैमसन और पराग के अलावा इंग्लैंड के टॉम होलेर कैडमोर से भी अच्छी पारी की उम्मीद होगी जो जायसवाल के साथ पारी का आगाज कर सकते हैं. शिमरोन हेटमायेर निचले क्रम को मजबूती दे सकते हैं हालांकि अभी तक बल्ले से इस सत्र में कमाल नहीं कर सके हैं. अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम बाकी मैदानों की तरह बल्लेबाजों की ऐशगाह नहीं है लिहाजा यहां रॉयल्स के गेंदबाज उपयोगी साबित हो सकते हैं. इस मैदान पर इस सत्र में 12 पारियों में सिर्फ दो बार 200 से पार का स्कोर बना है यानी अनुशासित गेंदबाजी करने वाली टीम का पलड़ा भारी हो सकता है. दूसरी ओर आरसीबी के विराट कोहली इस सत्र में 14 मैचों में 708 रन बना चुके हैं और वह ट्रंपकार्ड साबित हो सकते हैं. कप्तान फाफ डु प्लेसी भी फॉर्म में लौट आये हैं जबकि रजत पाटीदार ने भी पांच अर्धशतक जमाये हैं. इंग्लैंड के विल जैक्स के जाने का आरसीबी पर असर नहीं पड़ा है चूंकि निचले क्रम पर दिनेश कार्तिक 195 की स्ट्राइक रेट से अधिक से रन बना रहे हैं. पिछले मैच में यश दयाल ने चेन्नई सुपर किंग्स के महेंद्र सिंह धौनी और रविंद्र जडेजा के सामने बेहतरीन आखिरी ओवर डालकर टीम को जीत दिलाई थी. वह इस लय को कायम रखना चाहेंगे.

**टीमें**

**राजस्थान रॉयल्सः** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नांद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पावेल, टॉम कोहलर-केडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुश कोटियन.

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः** फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ली, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्युसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान.

# ओलंपिक कोटा विजेताओं को ट्रायल से छूट लेकिन हंगरी में होगा आकलन

एजेंसी। नयी दिल्ली



भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने मंगलवार को ओलंपिक कोटा विजेता सभी छह पहलवानों को चयन ट्रायल से छूट दे दी, लेकिन उनके फॉर्म और फिटनेस का आकलन आगामी रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट और हंगरी में अभ्यास शिविर में होगा. डब्ल्यूएफआई ने कहा कि यह विशेष परिस्थितियों में लिया गया फैसला है और इसे भविष्य के लिए परिपाटी नहीं माना जाना चाहिए. डब्ल्यूएफआई ने यह भी कहा कि अगर किसी भी पहलवान की फिटनेस में कमी पाई गई तो महासंघ आठ जुलाई से पहले ट्रायल के जरिए विकल्प के बारे में सोचेगा. प्रविष्टियां भेजने की आखिरी तारीख आठ जुलाई है. भारत ने पेरिस ओलंपिक के लिए छह कोटा हासिल किये हैं जिनमें अमन सेहरावत (57 किलो) अकेले पुरुष पहलवान हैं. विनेश फोगाट (50 किलो), अंतिम पंघाल (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो), निशा दहिया (68 किलो) और रीतिका हुड्डा (76 किलो) ने भी क्वालीफाई किया है. पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई से ट्रायल नहीं कराने का अनुरोध किया था. उनका कहना था कि इससे चोट का खतरा हो सकता है. डब्ल्यूएफआई प्रमुख संजय सिंह की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने इसे स्वीकार कर लिया. संजय सिंह ने बैठक के बाद कहा, हमने इस मसले पर बात की और दोनों मुख्य कोचों का कहना था कि ट्रायल से चोट का खतरा होगा जिससे भारत की पदक उम्मीदों पर विपरीत असर पड़ सकता है. इसी वजह से हमने ट्रायल नहीं कराने का फैसला लिया. कोटा विजेता बुडापेस्ट में छह से नौ जून तक यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरिज में भाग लेंगे.

# त्रिसा-गायत्री मलेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में

एजेंसी। कुआलालंपुर



भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल के दूसरे दौर में पहुंच गई. राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता भारतीय जोड़ी ने चीनी ताइपै की हुआंग यू सुन और लियांग जिंग यू को 21 . 14, 21 . 10 से हराया. पुरुष एकल क्वालीफिकेशन दौर में भारत के चारों खिलाड़ी हार गए. पिछले साल दिसंबर में ओडिशा मास्टर्स जीतने वाले सतीश कुमार करुणाकरन ने मलेशिया के चीम जून वेइ को 21.15, 21.19 से हराया लेकिन इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रूस्तावितो से 21.13, 20.22, 13.21 से हार गए. विश्व जूनियर चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी ने हमवतन कार्तिकेय गुलशन कुमार को 21.7, 21.14 से हराया लेकिन थाईलैंड के पानीचाफोन तीरारात्साकुल से 21.23, 12.16, 17.21 से हार गए. पूर्व विश्व जूनियर चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता एस शंकर सुब्रहमण्यन को रूस्तावितो ने पहले दौर में 21.12, 21.17 से हराया. महिला क्वालीफायर में तान्या हेमंत को चीनी ताइपै की लिन सिह युन ने 23. 21, 21.8 से मात दी. महिला युगल में पलक अरोरा और उन्नति हुड्डा को चीनी ताइपै की सू यिन हुइ और लिन जि युन ने 21.10, 21.5 से हराया.

# बोले आस्ट्रेलियाई कोच-जैक फ्रेसर मैकगुर्क और शॉर्ट कुछ अलग हैं

एजेंसी। सिडनी



आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने मंगलवार को कहा कि करिश्माई युवा बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और हरफनमौला मैथ्यू शॉर्ट को अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए यात्रा रिजर्व के तौर पर इसलिए रखा गया है क्योंकि वे टीम में कुछ अलग लेकर आते हैं. 22 वर्ष के फ्रेसर मैकगुर्क ने अपने पहले आईपीएल सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के लिये नौ मैचों में 234 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाये जिसमें 32 चौके और 28 छक्के शामिल थे. उन्हें टी20 विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया था, लेकिन अब वह रिजर्व के तौर पर जाएंगे. मैकडोनाल्ड ने सेन रेडियो से कहा, ये दोनों बाकियों से अलग हैं. फ्रेसर बेहतरीन सलामी बल्लेबाज है तो शॉर्ट मध्यक्रम का बल्लेबाज होने के साथ स्पिनर भी है. टीम में किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर ही इन्हें खेलने का मौका मिलेगा. कोच ने कहा, ये दोनों अंतिम 15 में नहीं है लिहाजा किसी के चोटिल होने पर ही खेल सकते हैं. हमारे पास दो उम्दा विकल्प के रूप में ये दोनों खिलाड़ी हैं.

**बोले पूर्व क्रिकेटर- हार्दिक पांड्या की इसमें कोई गलती नहीं**

# मुंबई की दुर्दशा के लिए क्या सीनियर खिलाड़ी जिम्मेदार : हरभजन सिंह

एजेंसी। मुंबई



आईपीएल में मुंबई इंडियंस की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होनेवाली पहली टीम बनी, इसके अलावा लीग राउंड खत्म होने पर मुंबई इंडियंस पॉइंट्स टेबल में भी सबसे नीचे 10वें पायदान पर रही. आईपीएल इतिहास की सबसे सफल फ्रेंचाइजी टीम मुंबई इंडियंस का यह हाल देख कर सबलोग चौंक गए. मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के लिए रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया था. टीम के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने कहा कि मुंबई इंडियंस टीम की इस हाल के लिए टीम के सीनियर खिलाड़ी जिम्मेदार हैं. हरभजन सिंह ने रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव या किसी और का नाम नहीं लिया, लेकिन उनका मानना है कि सीनियर खिलाड़ी इस सीजन में टीम को बांध कर नहीं चल पाए मुंबई इंडियंस की खस्ता हालत को लेकर जब हरभजन सिंह से सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, देखिए मुंबई इंडियंस बहुत बड़ी टीम है, मैं 10 साल उस फ्रेंचाइजी टीम के लिए खेला हूं, बहुत जबर्दस्त मैनेजमेंट भी है वहां, एक-एक चीज बड़ी सही तरीके से चलती है वहां, और ये जो फैसला था, ये बैकफायर कर गया, हार्दिक पंड्या गुजरात सेआए और कप्तान बने. मुझे लगता है कि वहां ये सोच थी कि आगे और फ्यूचर को लेकर ये फैसला लिया गया था, लेकिन मेरे हिसाब से वो टीम में ठीक से बैठा नहीं.

# एकता ने क्लब थ्रो में स्वर्ण पदक जीता

एजेंसी। कोबे (जापान)



भारत की एकता भयान ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ 20.12 मीटर का थ्रो फेंककर विश्व पैरा एथलेटिक चैम्पियनशिप में महिलाओं की एफ51 क्लब थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया. इससे पहले दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर टी20 श्रेणी की रेस में स्वर्ण पदक जीता था. एकता के स्वर्ण के अलावा कशिश लाकड़ा ने 14.56 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता. अल्जीरिया की नाजेत बूशेर्फ ने 12.70 मीटर के साथ कांस्य पदक हासिल किया. हरियाणा सिविल सेवा अधिकारी एकता ने एशियाई पैरा खेलों में कांस्य पदक जीता था. उन्होंने तोक्यो पैरालम्पिक 2020 के लिए भी क्वालीफाई किया था. एकता डॉक्टर बनना चाहती थी लेकिन 2003 में एक सड़क दुर्घटना ने उनके सारे सपने छीन लिये. वह कैब में जा रही थी जब दिल्ली हरियाणा सीमा पर एक ट्रक उनकी कैब पर उलट गया. वह तब से व्हीलचेयर पर है. उस हादसे में छह अन्य छात्रों की मौत हो गई थी. भारत के अब दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक हो गए हैं.

**समीक्षा** | **चेन्नई की बर्बादी का सबसे बड़ा कारण रहे दीपक चाहर**

# सीएसके देती है इस गेंदबाज को एमएस धौनी से ज्यादा पैसे

एजेंसी। नयी दिल्ली

चेन्नई सुपर किंग्स ने आगाज दमदार किया था, लेकिन आखिरी में ऐसी हालत हुई कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हारकर आईपीएल 2024 के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई. महेंद्र सिंह धौनी रांची लौट चुके हैं और अपने शहर में बाइक दौड़ाते नजर आए. माना जा रहा है कि पूर्व कप्तान एमएस धौनी ने अपना आखिरी मैच खेल लिया है. हालांकि, उन्होंने रिटायरमेंट का ऐलान नहीं किया. अब जब टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई है, तो उसके चाहने वालों और टीम मैनेजमेंट के लिए रिव्यू का समय है. ओवरऑल देखेंगे तो टीम का प्रदर्शन उस तरह का नहीं रहा, जिस तरह की उम्मीद थी या जितना उसके प्लेयर्स में दम था.



### राजस्थान के खिलाफ हैमस्ट्रिंग पकड़कर बैठ गए थे

टीम में सबसे अधिक पैसे पाने वाले प्लेयर्स में शामिल दीपक चाहर ने टूर्नामेंट में आखिरी बार 1 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ घरेलू मुकाबले में खेला था. दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अपने स्पेल का पहला ओवर फेंकते समय ही अपनी हैमस्ट्रिंग पकड़ ली और पवेलियन चले गए. सीएसके के मुख्य कोच ने बाद में पुष्टि की कि चोट गंभीर है और चाहर तब से खेलने के लिए मैदान पर नहीं उतरे हैं. सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने आरसीबी के खिलाफ पुष्टि की कि चाहर अभी भी टीम का हिस्सा नहीं हैं और उन्होंने केवल एक बदलाव का नाम लिया, वह भी मजबूरी में.

### गायकवाड़ ने कहा था- अगर प्लेऑफ में पहुंचे तो दीपक खेलेंगे

उन्होंने उस समय कहा था– हम पहले गेंदबाजी करेंगे. विकेट अच्छा लग रहा है, परिस्थितियां बादल छाए हुए हैं और हम पहले 2–3 ओवरों में ज्यादा से ज्यादा मूवमेंट का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे. कुछ प्लेयर्स चोटिल हैं और कुछ प्लेयर्स मौजूद नहीं हैं तो प्लेइंग–11 में बदलाव होगा. उस समय दीपक चाहर को लेकर गायकवाड़ ने कहा था– दीपक चाहर को टूर्नामेंट से बाहर नहीं किया गया है. वास्तव में उन्हें नेट्स में गेंदबाजी करते भी देखा गया. हालांकि, वह अंतिम लीग प्रतियोगिता में मैदान पर उतरने के लिए पर्याप्त रूप से फिट नहीं हैं. अगर सीएसके इसके लिए क्वालीफाई करता है तो वह प्लेऑफ में भूमिका निभा सकते हैं.

### ऐसा रहा दीपक चाहर का आईपीएल में प्रदर्शन

ऐसा हालांकि हुआ नहीं, क्योंकि टीम प्लेऑफ में पहुंची ही नहीं. दीपक चाहर ने आईपीएल 2024 में आठ मैचों में पांच विकेट लिए हैं. चाहर का अभियान निराशाजनक रहा है. पावरप्ले में गेंद को स्विंग करने की क्षमता के कारण नई गेंद के साथ आमतौर पर भरोसेमंद होते थे, लेकिन वह काफी हद तक अप्रभावी रहे हैं. आंकड़े भी यही दर्शाते हैं. उन्होंने इस सीजन में आठ मैच खेले हैं, जिसमें 40 .40 की औसत और 8 .60 की इकॉनमी से केवल 5 विकेट लिए हैं.

# भारतीय जूनियर हॉकी टीम की शानदार शुरुआत

**खास बातें**
- बेल्जियम को पेनल्टी शूटआउट में हराया
- तिवारी ने तीसरे और 27वें मिनट में गोल किये

एजेंसी। एंटवर्प



श्रद्धानंद तिवारी के दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बेल्जियम को पेनल्टी शूटआउट के जरिये हराकर यूरोप दौरे की रोमांचक जीत के साथ शुरुआत की. तिवारी ने तीसरे और 27वें मिनट में गोल किये. निर्धारित समय तक स्कोर 2 . 2 था लेकिन भारत ने पेनल्टी शूटआउट में 4 . 2 से जीत दर्ज की. तिवारी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करके भारत को बढत दिलाई और पहले क्वार्टर तक यह बढत कायम रही. दूसरे क्वार्टर में तिवारी ने 27वें मिनट में एक और पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला. हाफटाइम तक भारत के पास दो गोल की बढत थी. तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही बेल्जियम ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर दिया. चौथे क्वार्टर में भी बेल्जियम ने दबाव बनाये रखा और पेनल्टी कॉर्नर पर बराबरी का गोल दाग दिया. पेनल्टी शूटआउट में भारत के लिए गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने गोल किये. भारतीय गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने दो शानदार गोल बचाकर भारत की जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई. भारत को अब बुधवार को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम से ही खेलना है.

## ब्रीफ खबरें

### बालू लदा अवैध 12 ट्रैक्टर जब्त

**नवादा ।** नवादा जिले में अवैध बालू खनन के विरुद्ध नवादा के डीएम प्रशांत कुमार, एसपी कार्तिकेय शर्मा ने सख्त कदम उठाते हुए व्यापक छापेमारी अभियान शुरू कर दी है, जिसके तहत मंगलवार को 12 बालू लदे ट्रैक्टर जब्त कर लिए गए हैं. नवादा की पुलिस व खनन विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध बालू खनन व परिवहन के विरुद्ध छापेमारी कर 13 बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया. नेमदारगंज थाना क्षेत्र के गोसाईं बिगहा गांव स्थित सकरी नदी बालू घाट की बतायी जाती है.

### ट्रैक्टर की बैट्री में हुआ ब्लास्ट, एक घायल

**भागलपुर ।** जिले के मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र के मिरजानहाट चौक के समीप मंगलवार को ट्रैक्टर के बैट्री में ब्लास्ट होने से एक खलासी गंभीर रूप से जख्मी हो गया. उसके आंख समेत शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई है. घटना के बाद खलासी जमीन पर अचेत होकर गिर पड़ा. वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया. बताया जा रहा है कि एक बालू डिपो में ट्रैक्टर पर गिट्टी लोड किया जा रहा था. इसी दौरान ड्राइवर ने खलासी को ट्रैक्टर के बैट्री को चेक करने के लिए भेजा. जैसे ही उसने बैट्री का ढक्कन खोल तो बैटरी ब्लास्ट हो गया. पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.

### पिता ने बेटी की हत्या कर शव को रूम में दफनाया

**मोतिहारी ।** पूर्वी चंपारण में एक कलयुगी पिता की हैवानियत सामने आई है. जहां नशे में धुत पिता ने पहले अपनी बेटी की हत्या की फिर उसके शव को बेडरूम में दफन कर दिया. यहीं नहीं नशेड़ी पिता ने गड्ढे में चार किलो नमक भी डाल दिया और आराम से रूम में सोता रहा. जानकारी अनुसार पूरी घटना पूर्वी चंपारण के रामगढ़वा थाना क्षेत्र के मुरला गांव की है. जहां एक सनकी पिता ने पहले अपनी बेटी की हत्या की और शव को बेडरूम में ही दफन कर आराम से सोता रहा. बेटी की लाश जल्दी गल जाए इसके लिए हत्यारे पिता ने गड्ढे में चार किलो नमक भी डाल दिया था.

## मोतिहारी में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में पीएम मोदी ने चुनावी जनसभा को किया संबोधित, बोले-

# जंगलराज वालों ने बिहार को अपराध का फैक्ट्री बना दिया

संवाददाता । पटना



मोतिहारी में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस ने देश को बर्बाद किया और जंगलराज वालों ने बिहार को अपराध का फैक्ट्री बनायी. कांग्रेस ने सिर्फ एक परिवार को आगे बढ़ाने के लिए अपना पूरा जोर लगा दिया. इससे पहले पीएम ने पूर्वी चंपारण की धरती को नमन किया. लोगों का उत्साह देखते हुए उन्होंने कहा कि आपका उत्साह ही बता रहा है कि 4 जून को क्या रिजल्ट आने वाला है. पार्टी उम्मीदवार राधामोहन सिंह के पक्ष में संबोधन के दौरान पीएम कांग्रेस पर लगातार बरसते रहे. उन्होंने कहा कि आजादी के बाद केंद्र की सत्ता में आने के बाद कांग्रेस ने सिर्फ एक परिवार को आगे बढ़ाने के लिए अपना पूरा जोर लगा दिया. कांग्रेस और उसके साथियों ने मिलकर देश से 60 साल बर्बाद कर दिए. तीन-तीन पीढियों का जीवन तबाह कर दिया. 60 साल में इन लोगों ने बड़े-बड़े महल बना लिए, स्विस बैंक में अकाउंट खुल गए और गरीबों और बेसहारों का हक मारा गया. आप लोगों की परेशानी और गरीबी से इन्हें कोई मतलब नहीं रहा.

पीएम ने कांग्रेस के साथ राजद पर भी प्रहार किया. उन्होंने कहा कि बिहार में जंगलराज वालों ने बिहार को अपराध का फैक्ट्री बना कर रख दिया है. बिहार के लोगों को जंगलराज वालों ने बम, बारूद और माफिया दिया. जंगलराज में जो सिर्फ अपराध को फलने-फूलाने में लगे रहे वो बिहार का विकास कैसे करते. नीतीश कुमार के साथ सुशील मोदी को यादव करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों ने मिलकर बिहार में जंगलराज को खत्म करने में सराहनीय भूमिका निभायी. उनके प्रयास से ही बिहार में बेटियां आगे बढ़ी, पलायन रूका, लोगों कई सुविधाएं मिली.

आईएनडीआई गठबंधन पर हमला करते हुए उन्होंने कहा 21वीं सदी का भारत आईएनडीआई गठबंधन के पापों के साथ आगे नहीं बढ़ सकता है. इसलिए हर चुनाव में कांग्रेस और राजद जैसे दलों पर जनता जोर का प्रहार कर रही है. चार जून को आईएनडीआई वालों के इरादों पर सबसे बड़ा प्रहार होगा. जनता के वोट का प्रहार होगा देश में भ्रष्टाचार पर, यह प्रहार होगा तुष्टीकरण की राजनीति पर, यह प्रहार होगा टुकड़े-टुकड़े गैंग पर, यह प्रहार होगा सनातन को गाली देनी वाली विकृत मानसिकता पर, यह प्रहार होगा अपराधी, माफिया और जंगलराज पर, यह प्रहार होगा महिला विरोधी मानसिकता पर.

पीएम ने कहा कि महात्मा गांधी ने चंपारण में सत्याग्रह और स्वच्छाग्रह का प्रयोग किया था. आजादी के बाद इसी से प्रेरणा लेकर कांग्रेस को देश में सफाई के लिए आंदोलन करना चाहिए था, बापू को सबसे बड़ी श्रद्धांजलि देने का उनको अवसर मिला था लेकिन उन्होंने सत्ता में आने के पहले दिन ही बापू को पूरी तरह से छोड़ दिया.

### कटिहार में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत, सात गंभीर

**कटिहार ।** कटिहार जिले के में कोढ़ा थाना क्षेत्र के गोंदवारा चौक के पास सोमवार देर रात सड़क दुर्घटना में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि सात लोग गंभीर रुप से घायल हैं. आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच 31 को जाम कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही कोढ़ा सहित आसपास के थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आक्रोशित परिजनों को शांत कराने में जुट गई है. जिले में कोढ़ा थाना क्षेत्र के गोंदवारा चौक के पास यह दुर्घटना हुई है. मृतकों में शंभू मंडल (34), सीटू सिंह (32) वर्ष शामिल है. जबकि सात लोग गंभीर रुप से घायल हो गए है. सभी मदरौनी के रहने वाले है. घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोढ़ा लाया गया. जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल रेफर कर दिया गया.

## पांचवें चरण के मतदान के दौरान उपजे तनाव ने हिंसक रूप ले लिया

# चुनावी रंजिश में एक की मौत दो दिनों के लिए इंटरनेट बैन

संवाददाता । पटना



लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के मतदान के दौरान छपरा में सोमवार को भिखारी चौक स्थित बूथ पर उपजे तनाव ने हिंसक रूप ले लिया है. मंगलवार सुबह बीते शाम हुए चुनावी तकरार को लेकर भाजपा और राजद के कार्यकर्ता के बीच हिंसक झड़प हो गयी. झड़प के बीच दोनों ओर से गोलीबारी भी की गयी, जिसमें एक की मौत हो गई जबकि दो अन्य कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हैं, जिनको इलाज के लिए पटना पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एहतियात के तौर पर जिले में दो दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं ठप कर दी गई हैं. वहीं छपरा में हुई चुनावी हिंसा के बाद भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है. पूरा इलाका पुलिस छावनी में तबदील हो गयी है. पुलिस ने झड़प के दौरान हुई राजद कार्यकर्ता के हत्या के मामले में भाजपा नेता रमाकांत सिंह सोलंकी और उसके भतीजे रामप्रताप सिंह को हिरासत में भी लिया है. घटनास्थल पर सारण के आयुक्त एम श्रवण और पुलिस उप महानिरीक्षक विकास वैभव सहित जिलाधिकारी अमन समीर और पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने स्वयं दौरा किया और तैनात जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने कहा कि यहां शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास किये जा रहे है. आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी.

दरअसल, सोमवार की शाम वोटिंग खत्म होने के बाद कुछ लोग सारण से राजद उम्मीदवार रोहिणी आचार्य के विरोध में हंगामा कर रहे थे. बताया जा रहा है कि कुछ लोग रोहणी के लिए अभद्र बातें बोल रहे थे. उस वक्त प्रशासन के हस्तक्षेप से मामले को शांत कराया गया लेकिन मंगलवार सुबह दोनों पक्षों के लोगों में फिर से कहासुनी हो गयी और विवाद के बीच गोलियां और शीशे के बोतलें दोनों ओर से चलने लगीं. झड़प के दौरान नगर थाना क्षेत्र के बड़ा तेलपा निवासी नागेंद्र राय के पुत्र चंदन कुमार (26) की गोली लगने से मौत हो गयी, जबकि शंभू राय का पुत्र गुड्डू राय (30) और विदेशी राय के पुत्र मनोज राय (40) गंभीर रूप से घायल हो गये. दोनों को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया है. घायल चंदन के कमर में गोली लगी है जबकि गुड्डू राय के सिर में गोली मारी गई है.

### छपरा फायरिंग पर बोले तेजस्वी, दिख रही है हार की बौखलाहट

**छपरा ।** छपरा में वोटिंग के बाद हुई चुनावी हिंसा को लेकर सियासत शुरू हो गई है. राजद नेता ने इस घटना के लिए बीजेपी को जिम्मेवार बताया है और कहा है कि हार की बौखलाहट में कुछ लोग इस तरह की घटना को अंजाम दे रहे हैं. ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त एक्शन होना चाहिए. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि चुनाव में हिंसा की कोई जगह नहीं होनी चाहिए. तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रशासन के लोगों से मेरी बात हुई है. दो लोगों की गिरफ्तारी हुई है और दो लोग फरार हैं. प्रशासन के लोगों ने मुझे आस्वस्त किया है कि शाम तक जो बाकी के दो लोग फरार हैं उनको भी पकड़ लिया जाएगा. कुछ लोग हैं जो हार की बौखलाहट में इस तरह का काम करते हैं. चुनाव में ऐसी चीजों की कोई जगह नहीं है, प्रशासन के लोगों को इसे देखना चाहिए.

# बालू कारोबारी की गोली मारकर हत्या

## आरा के मझौव बांध के पास अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

संवाददाता । आरा

आरा के नगर थाना क्षेत्र के मझौव बांध के पास मंगलवार की सुबह एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई. मृतक की पहचान 26 वर्षीय प्रिंस सिंह के रूप में की गई है. जो बड़हरा के सिन्हा थाना क्षेत्र के कुदरिया गांव का रहने वाला था. मृतक पेशे से बालू कारोबारी था और जमीन की खरीद-बिक्री का काम भी करता था. आशंका जताई जा रही है कि जमीन विवाद में हत्या की गई है. जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह प्रिंस सिंह अपनी बाइक से पुलिस लाइन की ओर जा रहे थे. तभी बांध के पास कुछ हथियारबंद बाइक सवार बदमाशों ने उसे गोली मार दी. गोली प्रिंस के सीने में लगी. जिसके बाद घायल प्रिंस को वहां मौजूद लोगों ने तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया. जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक के परिजनों का कहना है कि सात कट्ठा जमीन को लेकर प्रिंस का कुछ लोगों से विवाद चल रहा था. इस विवाद को सुलझाने के लिए पंचायती स्तर पर प्रयास भी किया गया था. इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के शरीर से एक गोली बरामद हुई है. वहीं मृतक की जेब से भी पुलिस को तीन गोलियां मिली हैं. पुलिस मामले की जांच में जुटी है. घटना के बारे में परिजनों से भी पूछताछ की गई है. आरोपियों की तलाश की जा रही है.

### दहेज के लिए विवाहिता की पीट-पीटकर हत्या

**लखीसराय ।** लखीसराय में जहां दहेज नहीं मिलने पर ससुराल वालों ने विवाहिता की पीट पीटकर हत्या कर दी. जिसके बाद शव को काटकर बोरे में बंद कर फेंक दिया है. बताया जा रहा है कि ससुराल वाले शव को जलाने की फिराक में थे. वहीं पुलिस ने बोरे में से शव के टुकड़ों को बरामद किया है. दरअसल, मामला लखीसराय के बड़हिया थाना क्षेत्र के बड़हिया कॉलेज घाट का है. शव की पहचान महिसोना निवासी अवधेश सिंह की पुत्री रजनी देवी के रूप में हुई है. पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है.

# कटिहार में शिक्षिका की चाकू से गोद कर दी हत्या

संवाददाता । कटिहार

कटिहार में एक शिक्षिका की निर्मम हत्या कर दी गयी है. शिक्षिका की पहले चाकू से गोद-गोद कर हत्या किया गया. फिर पेट्रोल छिड़क कर शव को जिंदा जलाने का प्रयास किया गया. इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी है. घटना के संबंध में बताया जा रहा है की प्राणपुर थाना क्षेत्र के पकड़िया प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका यशोदा देवी को विद्यालय जाते समय हलचल कुमार नाम के युवक ने चाकू से गोद-गोद कर हत्या कर दिया और फिर पेट्रोल छिड़ककर शव को जिंदा जलाने की कोशिश किया है. मृतका के पति परमेश्वर राय ने आरोप लगाते हुए कहा कि हत्या के आरोपी युवक से पहले से ही उन लोगों का झंझट रहा है. जिससे जुड़ा हुआ मामला भी थाना में दर्ज है. वहीं पूरे मामले पर पुष्टि करते हुए सदर डीएसपी अभिजीत कुमार सिंह ने कहा कि यह एक संगीन वारदात है. पुलिस ने जल्द आरोपी के गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है.

## कारोबार

### व्हील्स इंडिया का शुद्ध लाभ 64.3% बढ़ा

**चेन्नई ।** व्हील्स इंडिया लिमिटेड का जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 64.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 36.8 करोड़ रुपये रहा. कंपनी का पिछले साल इसी अवधि में शुद्ध लाभ 22.4 करोड़ रुपये रहा था. व्हील्स इंडिया लिमिटेड का 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 का शुद्ध लाभ 8.6 प्रतिशत बढ़कर 67.9 करोड़ रुपये रहा. वित्त वर्ष 2022-23 में यह 62.5 करोड़ रुपये था. वित्तीय प्रदर्शन पर कंपनी के प्रबंध निदेशक श्रीवत्स राम ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में निर्यात अच्छा रहा.

### केरल ने रिकॉर्ड राजस्व वृद्धि दर्ज की : मंत्री

**तिरुवनंतपुरम ।** केरल के वित्त मंत्री के. एन. बालगोपाल ने बताया कि राज्य ने 2020-21 में 47,000 करोड़ रुपये से 2023-24 में 77,000 करोड़ रुपये तक की रिकॉर्ड राजस्व वृद्धि हासिल की है. बालगोपाल ने कहा, हमने राज्य के अपने राजस्व में रिकॉर्ड वृद्धि हासिल की है, भले ही केंद्र हमें वित्तीय रूप से निचोड़ रहा हो. राज्य का खुद का कर राजस्व 2020-21 में 47,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 77,000 करोड़ रुपये हो गया. उन्होंने बताया कि यह केवल तीन वर्षों में कर राजस्व में 60% की वृद्धि दर्शाता है.

### जेनसोल इंजी. ने शिल्पा को किया नियुक्त

**नयी दिल्ली ।** जेनसोल इंजीनियरिंग ने शिल्पा उरहेकर को सोलर ईपीसी (भारत) का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है. कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि शिल्पा उरहेकर, अली इमरान नकवी का स्थान लेंगी. नकवी को जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड और उसकी अनुषंगी कंपनियों की वृद्धि की देखरेख के लिए नामित किया गया है. जेनसोल में शामिल होने से पहले उरहेकर ने स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड में कंट्री हेड के रूप में सेवाएं दी हैं. प्रबंध निदेशक अनमोल सिंह जग्गी ने बयान में कहा, शिल्पा की नियुक्ति सोलर ईपीसी परियोजना के आकार को बढ़ाने की जेनसोल की वृद्धि रणनीति के अनुरूप है.

## सरकार ने एक्सपोर्ट से पहले की जांच प्रक्रिया को लेकर जारी किये दिशा निर्देश

# कंपनी से मसालों की सैंपल लेकर हुई जांच प्रक्रिया शुरू

भाषा । नयी दिल्ली

**ईयू में 0.1 मिलीग्राम प्रति किलो तक की है सीमा**




**एमडीएच एवरेस्ट**

- हांगकांग में फूड प्रोडक्ट्स में ईटीओ प्रतिबंधित
- सिंगापुर में 50 पार्ट्स पर मिलियन तक इजाजत

सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग में एमडीएच और एवरेस्ट के मसालों पर उठे विवाद के बाद सरकार ने निर्यात होने वाले मसालों की जांच प्रक्रिया कड़ी कर दी है. एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि इन कंपनियों के चार प्रोडक्ट्स में एथिलीन ऑक्साइड (ईआईओ) होने से जुड़े सवाल उठने के बाद मसाला बनाने वाली कंपनियों के पास से सैंपल लिए गए. इनकी जांच की गई. एक्सपोर्ट से पहले की जांच प्रक्रिया के बारे में व्यापक दिशानिर्देश जारी किए गए. जिससे भारतीय मसालों के बारे में उठी चिंताओं को दूर किया जा सके. सिंगापुर और हांगकांग ने कथित तौर पर कीटनाशक ईटीओ की मात्रा तय मानक से अधिक होने का हवाला देकर एमडीएच और एवरेस्ट के चार प्रोडक्ट्स को बाजार से हटाने का आदेश दिया था. इसके बाद ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में भी उत्पादों पर निगरानी बढ़ाई गई. एमडीएच और एवरेस्ट का कहना है कि उनके उत्पादों की क्वॉलिटी बिल्कुल ठीक है. सरकारी अधिकारी ने कहा कि विवाद उठने के बाद हांगकांग और सिंगापुर निर्यात किए जाने वाले मसालों की जांच अनिवार्य करने जैसे कदम उठाए गए. अधिकारी ने कहा कि सभी निर्यातकों के लिए गाइडलाइंस जारी की गई हैं कि वे जिन देशों में मसाला निर्यात करते हैं, वहां ईटीओ के बारे में जो भी मानक हैं, उनके हिसाब से पूरी जांच-परख माल भेजने से पहले कर लिया करें.

**ईटीओ पूरी तरह प्रतिबंधित है :** स्पाइसेज बोर्ड ने सिंगापुर और हांगकांग भेजे जाने वाले मसालों में ईटीओ जांच को छह मई से अनिवार्य कर दिया था. हांगकांग में फूड प्रोडक्ट्स में ईटीओ पूरी तरह प्रतिबंधित है. सिंगापुर में 50 पार्ट्स पर मिलियन तक की इजाजत है. यूरोपियन यूनियन ने 0.1 मिलीग्राम प्रति किलो तक की सीमा तय की है. अधिकारी ने कहा कि इंडियन सैंपल के रिजेक्ट होने का रेट एक प्रतिशत से भी कम रहा है. 2023-24 में 14 लाख टन मसाले में से केवल 0.2% माल ही ऐसा था, जो विभिन्न देशों के मानकों पर खरा नहीं पाया गया था. वहीं, भारत में आयात होने वाले फूड कंसाइनमेंट्स में से 0.73% हिस्सा हमारे स्टैंडर्ड के हिसाब से ठीक नहीं पाया गया. वित्त वर्ष 2024 में 1.4 करोड़ टन मसाले निर्यात करने वाले भारत के लिए यह मामला सिंगापुर और हांगकांग ने भले ही बैन के बजाय रिकॉल का आदेश दिया, लेकिन इससे भारतीय मसालों पर गंभीर सवाल उठ गया. कंपनियां जरूरी जांच-परख करें और स्पाइसेज बोर्ड इनको सर्टिफिकेट देने की प्रक्रिया कड़ी करे क्योंकि यह साख का मसला है. बता दें कि जब भारतीय मसालों पर सवाल उठे तो एक के बाद देशों ने बिक्री पर रोक लगाना शुरू कर दिया था. इसमें सिंगापुर और हांगकांग के बाद पिछले सप्ताह नेपाल ने भी भारत की मसाला बनाने वाली एमडीएच और एवरेस्ट मसाला कंपनियों के उत्पादों के आयात और बिक्री पर रोक लगा दी. मतलब यह कि वहां पहुंच चुका मसालों का कंटेनर भी बाजार में बिक्री के लिए नहीं पहुंच पाएगा. साथ ही इन कंपनियों के मसालों की जो खेप नेपाली स्टोर के रैक पर होगी, उसे भी हटानी होगी.

**एथिलीन ऑक्साइड होने की आशंका से लिया फैसला :** जानकारी के अनुसार नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता नियंत्रण विभाग ने एमडीएच और एवरेस्ट जैसी मसाला कंपनियों के कुछ प्रोडक्ट में कीटनाशक, एथिलीन ऑक्साइड होने की आशंका के कारण यह फैसला लिया. नेपाल ने खाद्य प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता नियंत्रण विभाग ने इन दोनों कंपनियों के मसालों में संदिग्ध केमिकल व एथिलीन ऑक्साइड की जांच भी शुरू कर दी. नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के प्रवक्ता मोहन कृष्ण महाराजन ने कहा कि इन दोनों कंपनी के मसालों को नेपाल में आयात में फिलहाल सात दिनों के लिए बैन किया गया है. इन दोनों कंपनियों के मसालों की बिक्री पर भी बैन लगा दिया गया है. इन दोनों कंपनी के मसालों में एथिलीन ऑक्साइड की जांच की जा रही है.

गौरतलब है कि तय मानक से ज्यादा एथिलीन ऑक्साइड होने पर कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है. एक तरफ वैसे ही कुछ समय पहले ही सिंगापुर और हांगकांग ने इन दो मसाला कंपनियों के कुछ प्रोडक्ट पर इस तरह की कार्रवाई की है. हांगकांग के खाद्य नियामक सेंटर फार फूड सेफ्टी ने भी कहा था कि इन दोनों कंपनियों के प्रोडक्ट में एथिलीन ऑक्साइड है, जिससे कैंसर होने का खतरा बढ़ता है.

**फोटो सेशन**



अभिनेत्री जान्हवी कपूर मंगलवार को नई दिल्ली में अपनी आगामी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तस्वीरें खिंचवाती हुईं.

### व्हील्स इंडिया ने 200 रुपये की योजना निर्धारित की

**चेन्नई ।** ट्रक, कृषि ट्रैक्टर, यात्री वाहन के लिए स्टील के पहिए और निर्माण उपकरण बनाने वाली व्हील्स इंडिया लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 200 करोड़ रुपये की पूंजीगत व्यय योजना तैयार की है. कंपनी के प्रबंध निदेशक श्रीवत्स राम ने कहा कि पूंजीगत व्यय ट्रैक्टर पेश करने, निर्माण तथा कास्ट एल्यूमीनियम, पवनचक्की कास्टिंग खंडों के लिए मशीनिंग पर खर्च किया जाएगा. व्हील्स इंडिया लिमिटेड का जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 64.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 36.8 करोड़ रुपये रहा. कंपनी का पिछले साल इसी अवधि में शुद्ध लाभ 22.4 करोड़ रुपये रहा था. व्हील्स इंडिया लिमिटेड का 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 का शुद्ध लाभ 8.6 प्रतिशत बढ़कर 67.9 करोड़ रुपये रहा.

# जेएसडब्ल्यू सीमेंट 3,000 करोड़ का करेगा निवेश

एजेंसी । नयी दिल्ली

जेएसडब्ल्यू सीमेंट राजस्थान के नागौर जिले में सीमेंट विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए करीब 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है. कंपनी ने मंगलवार को बताया कि एकीकृत सुविधा को ऋण तथा शेयर के मिश्रण से वित्त पोषित किया जाएगा. जेएसडब्ल्यू समूह का हिस्सा जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने एक बयान में कहा, नई सुविधा में 33 लाख टन प्रति वर्ष तक की 'क्लिंकराइजेशन' इकाई और 25 लाख टन प्रति वर्ष तक की 'ग्राइंडिंग' इकाई शामिल है. कंपनी ने कहा कि इस नए संयंत्र से 1,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उत्पन्न होने की भी उम्मीद है.

जेएसडब्ल्यू सीमेंट के प्रबंध निदेशक पार्थ जिंदल ने कहा कि यह सबसे महत्वपूर्ण निवेशों में से एक है, जो कंपनी राजस्थान में कर रही है.

## शेयर मार्केट

## घरेलू बाजार में चांदी में आया भूचाल, बाजार में आ गयी मंदी

# चांदी 1900 रुपए हुई सस्ती, सोना 560 रुपए हुआ सस्ता

एजेंसी । मुंबई



भारत में मंगलवार को वायदा बाजार में सोने-चांदी की कीमत में बड़ी कमी देखने को मिली है. बाजार खुलते ही एमसीएक्स पर चांदी की कीमतों में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली है और यह मंगलवार को 1900 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो गई है. चांदी के साथ-साथ सोना भी मंगलवार को 500 रुपये तक सस्ता हुआ है और यह फिलहाल 73,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव के आसपास बना हुआ है. मंगलवार को मार्केट खुलने के साथ ही चांदी की कीमतों में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली है. चांदी सोमवार के मुकाबले 1867 रुपये सस्ती होकर 93,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है. इससे पहले वायदा बाजार में चांदी 95,267 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई थी.

**सोने में भी आई बड़ी गिरावट :** मंगलवार को एमसीएक्स यानी वायदा बाजार में चांदी के साथ-साथ सोने की कीमतों में भी बड़ी कमी देखने को मिली है. सोना एमसीएक्स पर 560 रुपये तक सस्ता होकर 73,807 रुपये के भाव पर बना हुआ है.

वहीं इससे पिछले कारोबारी दिन सोना वायदा बाजार में 74,367 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था. बता दें कि घरेलू बाजार की तरह ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी के भाव में कमी देखी जा रही है. मंगलवार को कॉमैक्स पर गोल्ड जून फ्यूचर्स में सोना 11.96 डॉलर की बड़ी गिरावट के साथ 2,414.59 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है. वहीं चांदी कॉमैक्स पर मई फ्यूचर्स कॉन्ट्रेक्ट 0.30 डॉलर सस्ती होकर होकर 31.48 डॉलर पर आ गई है.

# निफ्टी मिडकैप इंडेक्स पहली बार 52000 के आंकड़े को किया पार

हफ्ते के पहले कारोबारी सत्र में उठापटक के बाद भारतीय शेयर बाजार फ्लैट बंद हुआ है. लेकिन मेटल्स एनर्जी सेक्टर के शेयरों में जोरदार खरीदारी देखने को मिली है. मिडकैप स्टॉक में भारी खरीदारी की बदौलत मिफ्टी का मिडकैप इंडेक्स पहली बार 52,000 के आंकड़े को पार करने में सफल रहा है. बीएसई का मार्केट कैप ऐतिहासिक हाई पर क्लोज हुआ है. मंगलवार का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 52 अंकों की गिरावट के साथ 73,953 अंकों पर क्लोज हुआ है जबकि निफ्टी 27 अंकों की तेजी के साथ बंद हुआ है. शेयर बाजार में कई सेक्टर्स के स्टॉक्स में तेजी के चलते बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप ऐतिहासिक हाई पर जा पहुंचा है. बीएसई मार्केट कैप 414.49 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ है जो पिछले सत्र में 412.35 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ था. यानि आज के सत्र में निवेशकों की संपत्ति में 2.14 लाख करोड़ रुपये का उछाल देखने को मिला है.

# इक्रा ने चौथी तिमाही में जीडीपी बढ़ने का लगाया अनुमान

एजेंसी । नयी दिल्ली

घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर घटकर चार तिमाही के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया है. इक्रा का अनुमान है समूचे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहेगी. इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि कम मात्रा में वृद्धि के साथ-साथ जिंस की कीमतों से कम लाभ के साथ कुछ औद्योगिक क्षेत्रों की लाभप्रदता में गिरावट से वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में भारत की जीवीए वृद्धि में कमी आने की उम्मीद है. वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में भारत की जीडीपी 6.1 प्रतिशत बढ़ी. समूचे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए वृद्धि सात प्रतिशत थी.

# छत्तीसगढ़ में देखा गया जीपीएस टैग वाला प्रवासी पक्षी

एजेंसी। रायपुर



**खास बातें**

- 'छोटा गोंग' के नाम से मशहूर है यह पक्षी
- पहली बार इसे रियूनियन द्वीप पर पकड़ा गया था

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में जीपीएस ट्रांसमीटर से टैग किए गए एक प्रवासी पक्षी 'यूरेशियन या कॉमन विम्ब्रेल' को पहली बार कैमरे में रिकॉर्ड किया गया. वन अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी. बेमेतरा वन परिक्षेत्र की अधिकारी माधुरी सिंह ने बताया कि स्थानीय तौर पर 'छोटा गोंग' के नाम से मशहूर इस पक्षी को 18 मई को राज्य के बेमेतरा जिले के बेरला इलाके में एक बांध पर पक्षी पर्यवेक्षकों के एक दल ने देखा था. यह पक्षी सोमवार तक वहां देखा गया. सिंह ने बताया, 'राज्य में विम्ब्रेल को पहली बार कैमरे में रिकॉर्ड किया गया है. पक्षी में जीपीएस ट्रांसमीटर और पीले रंग का टैग लगा हुआ था.' उन्होंने बताया, 'कई संगठन और देश पक्षी प्रवास का अध्ययन करने के लिए जियो-टैगिंग और रंग टैग का उपयोग करते हैं, जो पक्षी की प्रवास स्थिति और व्यवहार पर नजर रखने में मदद करते हैं. इस अकेले विम्ब्रेल की तस्वीर सबसे पहले बेरला में पक्षी पर्यवेक्षक डॉक्टर हिमांशु गुप्ता, जागेश्वर वर्मा और अविनाश भोई ने ली थी.' एक सरकारी अधिकारी भोई ने बताया, 'संभवतः पहली बार छत्तीसगढ़ में जीपीएस ट्रांसमीटर से लैस लंबी दूरी का प्रवासी पक्षी देखा गया है. डी ला रीयूनियन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर द्वारा टैग किए जाने के बाद यह भारत में पहली बार देखा गया है.' उन्होंने बताया कि प्रोफेसर द्वारा पक्षी का नाम 'मेरलीन' रखा गया है. उन्होंने बताया कि फ्रांस का एक द्वीप ला रीयूनियन, मेडागास्कर के पूर्व में हिंद महासागर में है. अधिकारी ने बताया कि विभिन्न देश पक्षियों की आबादी पर नजर रखने और उनका अध्ययन करने के लिए विभिन्न रंग के टैग का उपयोग करते हैं. भोई ने बताया कि पक्षी निरीक्षकों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस विम्ब्रेल को पहली बार पिछले साल 16 नवंबर को रियूनियन द्वीप पर पकड़ा गया था, जहां यह अपना शीतकालीन या गैर-प्रजनन समय बिताता है. उसी दिन पक्षी को पीला टैग लगाया गया था. उन्होंने बताया कि इस साल सात मार्च को इसे दोबारा पकड़ लिया गया और जीपीएस टैग लगाया गया.

# लोकसभा चुनाव के पांच चरण के बाद भाजपा 310 सीट जीत चुकी है : शाह

एजेंसी। संबलपुर (ओडिशा)



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के पांच चरण पूरे होने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 310 सीट मिलने का दावा करते हुए ओडिशा के लोगों से मंगलवार को अपील की कि वे राज्य को 'बाबू-राज' से आजाद कराएं और भाजपा को केंद्र एवं राज्य दोनों में सरकार बनाने के लिए समर्थन दें. शाह ने संबलपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार ओडिशा में भाजपा का चुनाव चिह्न 'कमल' खिलेगा. संबलपुर सीट से भाजपा ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को मैदान में उतारा है. उन्होंने कहा, 'पांचवें चरण के मतदान के बाद भाजपा को 310 सीट पहले ही मिल चुकी हैं. छठे और सातवें दौर के मतदान के बाद हम 400 से अधिक सीट हासिल कर लेंगे.' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में 'मुट्ठी भर अधिकारियों' का शासन है. उन्होंने दावा किया कि यह चुनाव राज्य में मौजूदा 'बाबू राज' को समाप्त कर देगा. शाह ने राज्य में बीजू जनता दल (बीजद) की सरकार पर ओडिशा के गौरव, भाषा, संस्कृति और परंपरा का अपमान करने का भी आरोप लगाया. उन्होंने कहा, 'बीजद सरकार जगन्नाथ मंदिर को एक वाणिज्यिक केंद्र में बदलना चाहती है. मठों और मंदिरों को नष्ट कर दिया गया है और मंदिर के चारों द्वार अब भी जनता के लिए नहीं खोले गए हैं.' शाह ने कहा, 'नवीन बाबू ने ओडिशा के लोगों पर 'अधिकारी राज' थोपकर उनका अपमान किया है.' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नवीन पटनायक राज्य के 'खनिज संसाधनों को लूटने' में कोई कसर नहीं छोड़ रहे.

## ब्रीफ खबरें

### रईसी की अंत्येष्टि में शामिल होंगे धनखड़!

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के अंतिम संस्कार में भारत के प्रतिनिधि के तौर पर शामिल होने की संभावना है. सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी. रईसी की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सोमवार को मृत्यु हो गई थी. धनखड़ के बुधवार को ईरान रवाना होने की संभावना है. रईसी के सम्मान में मंगलवार को पूरे भारत में राजकीय शोक रहा. कोहरे वाले पहाड़ी क्षेत्र में हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के कुछ घंटों बाद राष्ट्रपति रईसी, देश के विदेश मंत्री आदि मृत पाए गए.

### कांग्रेस नेता हत्या की साजिश मामले में बरी

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रमुख के. सुधाकरन को 1995 में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के मौजूदा संयोजक ई. पी. जयराजन सहित मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं की हत्या की साजिश रचने के आरोप में मंगलवार को बरी कर दिया. उच्च न्यायालय ने सुधाकरन और मामले के एक अन्य आरोपी राजीवन को यह कहते हुए बरी कर दिया कि आंध्र प्रदेश पुलिस पहले ही उनके खिलाफ आपराधिक साजिश के आरोपों की जांच कर चुकी है. ऐसे में उन्हीं आरोपों पर केरल में दर्ज दूसरी प्राथमिकी उचित नहीं थी.

### बांग्लादेश के पूर्व सेना प्रमुख पर लगा प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बांग्लादेश सेना के पूर्व प्रमुख अजीज अहमद पर भ्रष्टाचार में कथित संलिप्तता के कारण सोमवार को प्रतिबंध लगाते हुए कहा कि उनके कदमों ने बांग्लादेशी लोकतांत्रिक एवं सार्वजनिक संस्थाओं और प्रक्रियाओं में लोगों के भरोसे को कमजोर किया. अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, 'अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने अजीज अहमद पर बड़े भ्रष्टाचार में संलिप्तता के कारण प्रतिबंध लगाने की आज सार्वजनिक रूप से घोषणा की.'

### लंदन-सिंगापुर उड़ान में एक की मौत, कई घायल

**बैंकॉक।** सिंगापुर एयरलाइन्स ने कहा है कि लंदन से सिंगापुर के लिए उड़ान भरने वाले उसके एक विमान को कई बार वायुमंडलीय विक्षोभ का सामना करने के कारण उसमें सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई और कुछ अन्य घायल हो गए. एयरलाइन ने अपने फेसबुक पेज पर बताया कि हीथ्रो से रवाना हुई सिंगापुर एयरलाइन्स की उड़ान संख्या एसक्यू321 को बैंकॉक की ओर भेजा गया और विमान स्थानीय समयानुसार अपराह्न 3.45 बजे सुवर्णभूमि हवाई अड्डे पर उतरा. विमान बोइंग 777-300ईआर में कुल 211 यात्री और 18 विमानकर्मी सवार थे.

### झील में नहाते वक्त चार लड़कियां डूबीं

**भावनगर (गुजरात)।** गुजरात के भावनगर शहर में मंगलवार को नहाने के लिए झील में गईं चार नाबालिग लड़कियां डूब गईं जिसमें दो बहनें भी शामिल हैं. मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रद्युम्नसिंह जडेजा ने बताया कि घटना शहर में मानव निर्मित झील बोर तलाब की है. नौ से 17 साल की उम्र की पांच नाबालिग लड़कियां एक महिला के साथ झील पर गई थीं. जब महिला झील के किनारे कपड़े धो रही थी तभी लड़कियां नहाने के लिए जलाशय में कूद गईं और डूबने लगीं. 12 साल की एक लड़की को बचा लिया गया और ए एक सरकारी अस्पताल भेजा गया.

## कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा : भाजपा को बहुमत हासिल करने से रोकेगा 'इंडिया' ब्लॉक

# जनता हमारे लिए लड़ रही है : खरगे

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी और विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के पक्ष में 'भीतर ही भीतर लहर' चल रही है तथा यह गठजोड़ लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बहुमत हासिल करने से रोकने में सफल रहेगा. खरगे ने 'पीटीआई-भाषा' से साक्षात्कार में कहा कि लोग अब उनके समर्थन में और उस भाजपा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की विचारधारा के खिलाफ लड़ रहे हैं जो समाज में 'नफरत एवं विभाजन' फैलाते हैं. कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि लोगों को लगता है कि यह लड़ाई अब लोकतंत्र और संविधान को बचाने की है और वे उनकी पार्टी को समर्थन दे रहे हैं. खरगे ने भाजपा पर राम मंदिर, हिंदू-मुस्लिम और भारत-पाकिस्तान के नाम पर लोगों को बार-बार भड़काने और उन्हें 'भावनात्मक रूप से लूटने' का भी आरोप लगाया और दावा किया कि लोग अब उसका 'असली रंग समझ गए हैं.'

**सरकार लोगों को बेवकूफ बना रही :** इस लोकसभा चुनाव को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने का आह्वान सभी भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों और बोलने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बचाने के लिए है. लोकसभा चुनाव सात चरणों में हो रहे हैं जिनमें से पांच चरण संपन्न हो चुके हैं. खरगे का कहना था कि लोग महंगाई और बेरोजगारी से भी परेशान हैं जो इस चुनाव में दो प्रमुख मुद्दे बनकर उभरे हैं. उन्होंने कहा कि भाजपा पहले किए गए वादों को भी पूरा नहीं कर पाई है, चाहे वह दो करोड़ नौकरियां देना हो, विदेश से काला धन वापस लाना हो या किसानों की आय दोगुनी करना हो. कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार पर झूठ बोलने और लोगों को बेवकूफ बनाने का भी आरोप लगाया तथा दावा किया कि लोग उनके इरादों को समझ गए हैं और अब वे उनके सामने बेनकाब हो गए हैं.



### यह साफ है कि भाजपा पिछड़ जाएगी और हम आगे बढ़ेंगे

खरगे ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'देश भर में यात्रा करने के बाद हम यह महसूस कर रहे हैं कि हमारे पक्ष में 'भीतर ही भीतर लहर' चल रही है. कांग्रेस पार्टी और 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगियों को इस बार अधिक सीट मिलेंगी. हम भाजपा को सत्ता में आने के लिए आवश्यक सीट हासिल करने से रोकने में सफल रहेंगे. मुझे लगता है कि भाजपा अपनी सरकार नहीं बना पाएगी.' उन्होंने कहा, 'केवल हम ही नहीं, बल्कि जनता भी हमारे लिए लड़ रही है. हम जिस विचारधारा को मानते हैं लोग उसका समर्थन कर रहे हैं और हमारे लिए लड़ रहे हैं. यह साफ है कि भाजपा पिछड़ जाएगी और हम आगे बढ़ेंगे.' यह पूछे जाने पर कि उन्हें यह भरोसा कहां से हो रहा है तो खरगे ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के प्रति लोगों की जो प्रतिक्रिया मिल रही है, लोगों ने समर्थन करना शुरू कर दिया है और उनकी विचारधारा के लिए लड़ रहे हैं, इससे उनके भीतर यह विश्वास पैदा हो रहा है.

### हम संविधान और लोकतंत्र को बचाने का आह्वान करते हैं : मल्लिकार्जुन

इस चुनाव में आरक्षण और संविधान को दो प्रमुख चुनावी मुद्दों के रूप में उभरने की पृष्ठभूमि में खरगे ने कहा कि यह सवाल नहीं है कि कौन जीत रहा है. उनका कहना था, 'यह किसने कहना शुरू किया कि संविधान को बदलने के लिए हमें दो-तिहाई बहुमत चाहिए और 400 पार चाहिए. आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी आरक्षण की बात की है. वे संविधान में जो लिखा है उसे हटा नहीं सकते, लेकिन उन्हें लागू नहीं कर रहे हैं. वे संविधान बदलना चाहते हैं, क्योंकि वे वहां अपने और आरएसएस के लोगों को नियुक्त करना चाहते हैं, जो योग्य भी नहीं हैं, इसलिए हम कहते हैं कि भाजपा संविधान में लिखी बातों का पालन नहीं कर रही है.' कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया, 'वे (भाजपा) लोकतंत्र को भी स्वीकार नहीं करते, क्योंकि उन्होंने मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, मणिपुर, उत्तराखंड, गोवा में लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकारों को गिरा दिया. उन्होंने ऐसा कहां नहीं किया है? वे लोकतांत्रिक मार्ग का अनुसरण नहीं करते और संविधान के अनुसार काम नहीं करते.' खरगे ने कहा, 'इसीलिए हम संविधान और लोकतंत्र को बचाने का आह्वान करते हैं, क्योंकि यह सभी के मौलिक अधिकारों को बचाएगा.'

### बोलने व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर अंकुश लगाया जा रहा

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर अंकुश लगाया जा रहा है और संविधान को बचाने का मतलब सभी भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बचाना है. उन्होंने कहा, 'वे लोकतंत्र को दबा रहे हैं और संविधान का विरोध कर रहे हैं, इसलिए यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है – बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक और प्रिंट मीडिया से लेकर टेलीविजन और यहां तक कि सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं तक के लिए.' कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि चुनाव हो रहे हैं, विपक्षी नेताओं को धमकाया जा रहा है, परेशान किया जा रहा है और सलाखों के पीछे डाल दिया जा रहा है, उन्हें प्रचार करने की भी अनुमति नहीं दी जा रही है. उन्होंने दावा किया, 'ये चीजें लोकतंत्र में अच्छी नहीं हैं. एक अधिनायकवादी शासन लागू किया जा रहा है.'

### चार जून को '20 साल बाद' 2004 जैसा क्षण' देखने को मिलेगा : रमेश

वहीं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मंगलवार को कहा कि आगामी जून को लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन



'इंडिया' को स्पष्ट जनादेश मिलने के साथ ही '2004 जैसा क्षण' देखने को मिलेगा और इस गठजोड़ के 'शानदार प्रदर्शन' का एक कारण उत्तर प्रदेश में होने वाला 'बहुत प्रभावशाली' बदलाव है. रमेश ने एक साक्षात्कार में यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक 'सांप्रदायिक पिच' तैयार कर रहे थे लेकिन उनकी पार्टी ने इस पर खेलने से इनकार कर दिया. विश्वास जताया कि चार जून को नतीजे वाला दिन '2004 के क्षण' की याद दिलाएगा जब भाजपा अपने 'इंडिया शाइनिंग' अभियान के बावजूद सत्ता से बेदखल हो गई थी.

# ईडी ने डीपीआईआईटी के पूर्व सचिव के ठिकानों पर मारे छापे

एजेंसी। नयी दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और डीपीआईआईटी के पूर्व सचिव रमेश अभिषेक के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत मंगलवार को उनके ठिकानों पर छापे मारे. आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी.

ईडी का मामला उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के पूर्व सचिव अभिषेक के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा हाल में दर्ज एक प्राथमिकी पर आधारित है। 1982 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी के खिलाफ सीबीआई ने फरवरी में छापेमारी की थी. वह वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाले डीपीआईआईटी से 2019 में सेवानिवृत्त हुए थे. सूत्रों ने बताया कि ईडी धनशोधन जांच के तहत राष्ट्रीय राजधानी के ग्रेटर कैलाश इलाके में और कुछ अन्य स्थानों पर अभिषेक के परिसरों की तलाशी ले रही है.

# निर्वाचन आयोग भाजपा की विस्तारित शाखा है : राउत

एजेंसी। मुंबई



शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे(शिवसेना-यूबीटी) नेता संजय राउत ने निर्वाचन आयोग पर 'भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विस्तारित शाखा' होने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को दावा किया कि महाराष्ट्र की उन लोकसभा सीट पर मतदान प्रक्रिया धीमी थी, जहां महा विकास आघाडी (एमवीए) के उम्मीदवार अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे थे. राउत ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान दावा किया कि जिस क्षेत्रों में सत्तारूढ़ भाजपा या उसके सहयोगी दलों को अधिक वोट मिलने की संभावना थी, वहां चुनाव निर्बाध हुआ. निर्वाचन प्राधिकारियों के अनुसार, राज्य में आम चुनाव के पांचवें और अंतिम चरण के दौरान मुंबई के छह क्षेत्र सहित 13 लोकसभा क्षेत्रों में सोमवार को औसत 54.33 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया. मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि अंतिम आंकड़े बाद में घोषित किए जाएंगे. सोमवार को 13 सीट पर हुए मतदान के दौरान मुंबई की छह लोकसभा सीट पर औसतन 52.27 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि 2019 के आम चुनावों में मुंबई में 55.38 प्रतिशत मतदान हुआ था.

# मानव तस्करी के जरिये कंबोडिया पहुंचे 300 भारतीयों की 'बगावत'

एजेंसी। विशाखापत्तनम

- 150 लोग विशाखापत्तनम के निवासी हैं और पिछले एक साल से कंबोडिया में फंसे हुए हैं : आंध्र पुलिस

हाल में यहां मानव तस्करी गिरोह का भंड़ाफोड़ होने की पृष्ठभूमि में आंध्र प्रदेश पुलिस ने मंगलवार को कहा कि अवैध तरीके से कंबोडिया ले जाए गए 300 भारतीयों ने 20 मई को अपने संचालकों के खिलाफ 'बगावत' कर दी जिसकी वजह से उनमें से अधिकतर को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस ने बताया कि इनमें से 150 लोग विशाखापत्तनम के निवासी हैं और पिछले एक साल से कंबोडिया में फंसे हुए हैं, जहां उन्हें चीनी संचालकों द्वारा साइबर अपराध और 'पोंजी' घोटाले को अंजाम देने के लिए मजबूर किया जा रहा है. विशाखापत्तन के पुलिस आयुक्त ए. रवि शंकर ने रेखांकित किया कि मानव तस्करी के जरिये कंबोडिया ले जाए गए भारतीयों ने शिहानोउकविले के जिनबेई और कम्पाउंड में बलवा कर दिया जो कथित तौर पर साइबर अपराध का केंद्र है. शंकर ने एक विज्ञप्ति में बताया, 'कई लोगों ने व्हाटसऐप के जरिये विशाखापत्तनम पुलिस से संपर्क किया और वीडियो भेजे. सोमवार को करीब 300 भारतीयों ने कंबोडिया में अपने संचालकों के खिलाफ 'बगावत' कर दी.' पुलिस ने 18 मई को चुक्क राजेश, एस कोंडल राव और एम. ज्ञानेश्वर राव को मानव तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था. ये भारत में युवाओं को सिंगापुर में डाटा एंट्री की नौकरी दिलाने का प्रलोभन देते थे.

# पश्चिम बंगाल में भाजपा उम्मीदवार के चुनाव प्रचार पर 24 घंटे की लगाई रोक

**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ की गई कथित टिप्पणी को लेकर मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय के चुनाव प्रचार करने पर 24 घंटे के लिए रोक लगा दी. निवार्चन आयोग ने गंगोपाध्याय की टिप्पणी को 'निचले दर्जे का निजी हमला' करार दिया और कहा कि यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है. आयोग का आदेश मंगलवार को शाम पांच बजे से प्रभावी होगा. निर्वाचन आयोग ने गंगोपाध्याय को बनर्जी के खिलाफ कथित 'असम्मानजनक' टिप्पणी को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया था जिसका जवाब उन्होंने सोमवार को दाखिल किया था.

## रत्न भंडार की चाबी मुद्दे पर प्रधानमंत्री पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा

# 'वोट के लिए मोदी तमिलों को बदनाम नहीं करें'

एजेंसी। चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एमके स्टालिन ने ओडिशा में भगवान जगन्नाथ मंदिर के कोषागार की गायब चाबियों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक टिप्पणी पर मंगलवार को कड़ी आपत्ति जताई और आरोप लगाया कि यह वोटों की खातिर तमिलों को बदनाम करने का प्रयास है. प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा में एक रैली में कहा था कि भगवान जगन्नाथ मंदिर के कोषागार की चाबियां तमिलनाडु चली गई हैं.

स्टालिन ने यहां एक बयान में कहा कि मोदी को तमिलों की छवि खराब करने वाली इस तरह की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए. प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की चाबियां पिछले छह साल से गायब होने पर चिंता जताते हुए सोमवार को ओडिशा में नवीन पटनायक नीत बीजू जनता दल (बीजद) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था, 'पुरी में भगवान जगन्नाथ का मंदिर भी इस सरकार के हाथों में सुरक्षित नहीं है.' उन्होंने कहा था कि ओडिशा जानना चाहता है कि बीजद ने रत्न भंडार चाबियों पर न्यायिक आयोग की रिपोर्ट को क्यों दबाया. मोदी ने कहा था, 'मामले में बीजद की भूमिका संदिग्ध है. भाजपा सरकार 10 जून को सत्ता में आने के बाद रिपोर्ट सार्वजनिक करेगी.' उन्होंने कहा था कि ऐसा कहा जा रहा है कि रत्न भंडार की चाबी तमिलनाडु चली गयी हैं.

### मोदी नफरत भरे भाषणों से लोगों व राज्यों के बीच गुस्से की भावना पैदा कर रहे

स्टालिन ने आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया कि मोदी अपने नफरत भरे भाषणों से लोगों के बीच दुश्मनी और राज्यों के बीच गुस्से की भावना पैदा कर रहे हैं. उन्होंने रत्न भंडार की चाबियों के गायब होने पर प्रधानमंत्री की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए कहा, ''यह करोड़ों लोगों द्वारा पूजे जाने वाले भगवान जगन्नाथ का अपमान करने के साथ-साथ तमिलनाडु के लोगों का भी अपमान है, जो ओडिशा राज्य के साथ अच्छे संबंध और मित्रता रखते हैं.'



स्टालिन ने पूछा, 'क्या प्रधानमंत्री मोदी तमिलनाडु के लोगों को मंदिर का खजाना चुराने वाले चोरों के तौर पर अपमानित कर सकते हैं...क्या यह तमिलनाडु का अपमान नहीं है? तमिलों के प्रति इतनी नापसंदगी और नफरत क्यों है?' उन्होंने कहा कि जनता तमिलनाडु में तमिल भाषा और यहां के लोगों की प्रशंसा करने और राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व ओडिशा जैसे राज्यों में प्रचार करते समय उनके (तमिलनाडु के) बारे में बुरा-भला बोलने के मोदी के 'दोहरेपन' को समझेगी. स्टालिन ने कहा, 'प्रधानमंत्री को वोटों के लिए तमिलनाडु और तमिलों को बदनाम करना बंद करना चाहिए.'

## बयान : शीर्ष अमेरिकी अधिकारी ने भारत के संदर्भ में न्यूयॉर्क टाइम्स के लेख पर कहा

# अमेरिका धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिका के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि देश के राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन सभी की धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा करने एवं उसके लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है और वह सभी धार्मिक समुदायों के सदस्यों के साथ समान व्यवहार की महत्ता को लेकर भारत समेत कई देशों के साथ बातचीत कर रहा है. अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने सोमवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हम सभी धार्मिक समुदायों के सदस्यों के साथ समान व्यवहार की महत्ता पर भारत समेत कई देशों के साथ बातचीत कर रहे हैं.' 'न्यूयॉर्क टाइम्स' में हाल में प्रकाशित 'स्ट्रेंजर्स इन देयर ओन लैंडः बीइंग मुस्लिम इन मोदीज इंडिया' (अपने ही देश में अजनबीः मोदी के भारत में मुस्लिम होना) शीर्षक वाले एक लेख में आरोप लगाया गया है कि भारत में दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम समुदाय भय और अनिश्चितता के माहौल में अपने परिवारों और बच्चों का पालन-पोषण कर रहा है. मिलर इसी से जुड़े सवाल का जवाब दे रहे थे. मिलर से पूछा गया, 'क्या आपने इस मामले पर भारतीय अधिकारियों से बातचीत की है.' इसके जवाब में मिलर ने कहा, 'मैं निजी राजनयिक बातचीत के बारे में बात नहीं करूंगा लेकिन हम पूरी दुनिया में किसी भी धर्म या आस्था को मानने की स्वतंत्रता के अधिकार के सम्मान की रक्षा करने एवं उसे बढ़ावा देने के लिए गहनता से प्रतिबद्ध हैं.'



### लेख में मोदी पर 'धर्मनिरपेक्ष ढांचे व मजबूत लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप

सप्ताहांत में प्रकाशित लेख में आरोप लगाया गया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पद संभालने के बाद से 'धर्मनिरपेक्ष ढांचे और मजबूत लोकतंत्र को कमजोर कर दिया है.' भारत पहले भी इस प्रकार के आरोपों को खारिज करता रहा है. उसका कहना है कि ये आरोप देश के बारे में 'गलत सूचना एवं त्रुटिपूर्ण समझ' पर आधारित हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उन्होंने अल्पसंख्यकों के खिलाफ कभी एक शब्द भी नहीं कहा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केवल आज ही नहीं, बल्कि कभी भी अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं रही. प्रधानमंत्री ने हालांकि स्पष्ट किया कि वह किसी को भी 'खास नागरिक' (स्पेशल सिटीजन) के तौर पर स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं. मोदी ने रविवार रात 'पीटीआई वीडियो' के साथ साक्षात्कार में ये बातें कहीं. विपक्ष ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री के चुनावी भाषण समाज को बांटने वाले और ध्रुवीकरण करने वाले हैं. इन आरोपों के बीच मोदी की यह टिप्पणी अल्पसंख्यकों को लेकर उनका अब तक का सबसे स्पष्ट बयान है.

# इजराइल ने वेस्ट बैंक में किया हमला, सात फलस्तीनी मारे गए

- मरने वालों में चिकित्सा संस्थान के सर्जरी विशेषज्ञ ओसायेद कमाल जाबरीन भी शामिल

एजेंसी। जेनिन (वेस्ट बैंक)



इजराइली सैनिकों ने मंगलवार को वेस्ट बैंक के एक आतंकी ठिकाने पर धावा बोला, जिसमें एक चिकित्सक सहित कम से कम सात फलस्तीनी मारे गए. स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी. गाजा पट्टी में सात महीने पहले युद्ध छिड़ने के बाद से क्षेत्र में किये गए सबसे घातक हमलों में से यह एक है. इजराइली सेना ने कहा कि उत्तरी वेस्ट बैंक के शहर जेनिन में एक अभियान के तहत आतंकवादियों को निशाना बनाया गया. फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि कम से कम सात फलस्तीनी मारे गए हैं और अन्य नौ घायल हैं. उनकी पहचान अभी जाहिर नहीं की गई है. फलस्तीनी इस्लामी जिहाद आतंकी समूह ने कहा कि इसके लड़ाकों ने इजराइली सैनिकों का मुकाबला किया. हालांकि, जेनिन गवर्नमेन्ट हॉस्पिटल के निदेशक विसम अबु बकर के अनुसार, मरने वालों में चिकित्सा संस्थान के सर्जरी विशेषज्ञ ओसायेद कमाल जाबरीन भी शामिल हैं. जेनिन आतंकवाद का एक मुख्य केंद्र रहा है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)